वर्ष : 30 | अंक :176
प्रतापगढ़ | सोमवार , 29 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## राम और कृष्ण जैसी ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय - योगी आदित्यनाथ



**बदायूं,(हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है।मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया।सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज देश सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी श्रृंखला जनता के लिए उपलब्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता था। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। आज 500 साल का इंतजार खत्म हो चुका है और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बहकाने वाले बहुत आएंगे, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। योगी ने कहा कि हम हर जनपद महापुरुषों और आस्था को सम्मान देंगे। हमने काशी और अयोध्या से शुरुआत कर दी है, बृज भूमि और उसके बाद बदायूं का नंबर भी आने वाला है।सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा से सावधान रहना है। इनका भारत के खिलाफ छिपा हुआ हिडेन एजेंडा है। ये अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी करने जा रहे हैं। ये संपत्ति का सर्वे करके आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में है। दुर्भाग्य से अगर कांग्रेस आ गई तो आपकी संपत्ति पर कांग्रेस और सपाई कब्जा कर लेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माफिया और गुंडो को ठीक कर दिया है, हालत खराब कर दी गई है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी की ओर से शोक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं निकले थे, मगर एक माफिया की मौत पर सपा सुप्रीमो उसके घर फातिहा पढ़ने चले गये थे। योगी ने कहा कि हमें अपने वोट को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए देना है।उन्होंने कहा कि सपा,बसपा, कांग्रेस की सरकार के कुशासन को देखा होगा। मैं पूछना चाहता हूं क्या इन्होंने फ्री में राशन कभी दिया,लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 180 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे हैं। गरीबों को पांच लाख रुपये का फ्री इलाज की सुविधा दे रहे हैं। चुनाव के बाद देश के हर 70 साल के बुजुर्ग को इस दायरे में लेकर आ जाएंगे।

## पांच साल से जिले में नहीं गड़े विकास के पत्थर

### इंडी गठबंधन के प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल ने मौजूदा सांसद पर लगाया प्रतापगढ़ के विकास की अनदेखी का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**




**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के नेता और इंडी गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल ने कहा है कि पिछले पांच साल में शहर से लेकर गांव तक विकास का कोई पत्थर नहीं गड़ा। भाजपा के मौजूदा सांसद ने प्रतापगढ़ के विकास की पूरी तरह से अनदेखी की। वह जिन इलाकों का दौरा कर रहे हैं वहां के लोगों की यही शिकायत है।श्री पटेल रविवार को लोकमित्र से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहाकि छोटे-छोटे जिलों में शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय स्थापित हो गए हैं मगर प्रतापगढ़ राजकीय डिग्री कालेज तक के लिए तरस रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी वही हालत है। मेडिकल कालेज स्थापित जरूर हो गया है मगर सुविधाएं नगण्य हैं। इलाज के लिए आज भी लोगों को प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी और लखनऊ के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मौजूदा सांसद ने इस ओर भी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि चुनाव जीतने पर उनकी कोशिश होगी कि प्रतापगढ़ को शिक्षा के हब के रूप में पहचान मिले। लखनऊ पब्लिक स्कूल के माध्यम से उन्होंने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग पांच हजार लोगों को रोजगार से जोड़ रखा है। इस ग्रुप से निकले हजारों बच्चे विदेशों में जॉब प्राप्त कर देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह समय-समय पर शिक्षित बेरोजगारों की कौंसिल करा रोजगार से जोड़ते रहते हैं।एक प्रश्न के उत्तर में सपा नेता ने कहाकि केंद्र की मौजूदा सरकार ने जनहित में कोई काम नहीं किया, सिर्फ बातों से जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहाकि पिछला चुनाव भाजपा ने पुलवामा के नाम पर जीता था मगर उस घटना को लेकर जम्मू कश्मीर के तत्कालीन गवर्नर सत्यपाल मलिक ने ही केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब वह राम मंदिर को मुद्दा बनाकर वोट हासिल करने की कोशिश में लगी है। इस सरकार की पूरी नीति धार्मिक विवाद पैदा कर वोट हासिल करना है, जबकि लोकतंत्र के लिए यह बहुत ही खतरनाक है। उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए उन्होंने कहाकि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। प्रतापगढ़ में तो आजादी के 75 साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी कहीं-कहीं सामंतशाही कायम है। लोग डरे -सहमे रहते हैं। इंडी गठबंधन प्रत्याशी ने दावा किया कि जनता ने इस बार सरकार बदलने का मन बना लिया है। शहर से लोकर गांव तक भाजपा विरोधी लहर चल रही है। लोग धर्म के नाम पर नहीं बल्कि इस बार विकास के नाम पर वोट देंगे।

## गुजरात में 86 किलो ड्रग्स बरामद, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

### कोस्टगार्ड, गुजरात एटीएस और एनसीबी का संयुक्त ऑपरेशन




**पोरबंदर,(हि.स.)।** गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 86 किलो ड्रग्स बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है।इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया। इस नाव की तलाशी लेने पर 86 किलो ड्रग्स मिला। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव पर सवार 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को पकड़ लिया।इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय कोस्टगार्ड ने जहाजों और एयरक्राफ्ट तैनात किए थे। इनमें आईसीजी जहाज राजरतन थी शामिल था। जिसमें एनसीबी और एटीएस के अधिकारी थे, जिन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान की। जहाज पर तैनात विशेषज्ञों की टीम संदिग्ध नाव की पूरी तरह से जांच-पड़ताल की। इसके बाद ड्रग्स को जखीरा बरामद हुआ। पाकिस्तानी नाव के क्रू मेंबर को पकड़कर पूछताछ के लिए पोरबंदर लाया गया है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने विवाद के बीच आरक्षण का समर्थन किया

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।यहां एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है।उन्होंने कहा कि जब से आरक्षण अस्तित्व में आया है, संघ ने संविधान के अनुसार आरक्षण का पूरी तरह समर्थन किया

## नाराज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली ने दिया इस्तीफा

### कहा, मजबूरी में गठबंधन लेकिन आप प्रोपेगेंडा को समर्थन सही नहीं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने पत्र में लवली ने कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पार्टी को मजबूती देने के लिए है लेकिन आप पार्टी के विकास के झूठ प्रोपेगेंडा को समर्थन देना सही नही है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में उन्होंने प्रदेश कार्य समिति और पार्टी कार्यकर्ताओं के सुझावों को नजरअंदाज किए जाने का मुद्दा उठाया है। लवली ने उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के उम्मीदवारों के चयन पर सवाल खड़े किए हैं। अपने पत्र में उन्होंने कहा है, ÷अगर मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के हित की रक्षा नहीं कर सकता तो मुझे पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह लवली को पिछले साल अगस्त में प्रदेश कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंप गई थी। लवली ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ही सारे निर्णय ले रहे हैं। उन्हें और ना ही प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सुझावों पर कोई अमल किया जा रहा है।अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश कार्य समिति की नाराजगी से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस अध्यक्ष का ध्यान दिलाया। लवली ने अपने पत्र में कहा कि आप पार्टी के ज्यादातर मंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री केजरीवाल भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं। इन सब के बावजूद केंद्रीय इकाई के कहने पर प्रदेश के कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर सहमत हुए हैं। जबकि आप पार्टी ने कांग्रेस पर लगातार केवल और केवल मनगढ़ंत आरोप लगाए हैं।उन्होंने पत्र में लिखा है कि आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन केवल लोकसभा में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए है। इसका मतलब यह नहीं है कि पार्टी आप सरकार के शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के मुद्दे पर झूठे दावों का समर्थन करें। इस संदर्भ में उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली के पार्टी उम्मीदवार कन्हैया कुमार के एक बयान का उल्लेख किया है।लवली ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करते हुए ऐसे लोगों को टिकट दिया गया है जिन्हें पार्टी में कार्य का कोई अनुभव नहीं है। लवली ने उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्वी दिल्ली से से उम्मीदवार को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी कब से उठाया है। उन्होंने पार्टी प्रभारी की ओर से उन्हें कुछ वरिष्ठ नेताओं को पार्टी बाहर करने के निर्देश पर नाराजगी जताई है।

## आतंकियों के हमले में घायल वीडीजी का जवान बलिदान


**उधमपुर/बसंतगढ़, (हि.स.)।** जिले की तहसील बसंतगढ़ के चोचरू गाला तराउ क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस और ग्राम रक्षा समूह (वीडीजी) के जवानों व आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में घायल वीडीजी का जवान बलिदान हो गया। पुलिस, सीआरपीएफ व सेना के जवानों ने घटनास्थल को घेर लिया और तलाशी अभियान चलाया।जानकारी के अनुसार पुलिस को शनिवार देर शाम को कुछ संदिग्धों की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने अपने ग्रिड को सक्रिय कर दिया।

## चुनावी चकल्लस



एक मदारी के जैसा अब आयेंगे
बैठ खटोले पर रोटी तक खायेंगे
पांच साल तक एसी मे मौज किए
किंतु भिखारी बनकर के अब आयेंगे ।

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार




## सीबीआई जांच के अदालत के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार उच्चतम न्यायालय पहुंची



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के इस मामले की सुनवाई करने की संभावना है। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में, राज्य सरकार ने कहा है कि उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल, 2024 के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। याचिका में कहा गया है, ÷उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशानिर्देश के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है, भले ही वह जनहित याचिका में याचिकाकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित न हो। यह संदेशखालि क्षेत्र में किसी भी संज्ञेय अपराध की जांच करने के लिए राज्य पुलिस की शक्तियों को हड़पने के समान है।संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और एजेंसी ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन प्राथमिकी दर्ज की हैं। जांच की निगरानी अदालत द्वारा किए जाने का उल्लेख करते हुए, उच्च न्यायालय ने राजस्व दस्तावेज और कथित भूमि के भौतिक निरीक्षण का गहन निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि के जल निकायों में कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने और सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय की पीठ ने मामले को अगली सुनवाई के लिए दो मई को सूचीबद्ध किये जाने का निर्देश दिया तथा उस दिन तक सीबीआई को रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा था।

## यूपी में 'सांप्रदायिक' टिप्पणी के लिए ओवैसी को नोटिस की तैयारी

**वाराणसी (आरएनएस)।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 25 अप्रैल को वाराणसी में पीडीएम न्याय मोर्चा की एक जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान कथित सांप्रदायिक बयान देने के लिए उन्हें जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा।नोटिस जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा।काशी क्षेत्र के भाजपा कानूनी सेल के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान सांप्रदायिक बयान दिया था।अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट नीरज पटेल ने रविवार को शिकायत मिलने की पुष्टि की है।

## भाजपा संविधान में बदलाव करने के लिए चाहती है 400 से अधिक सीट -शरद पवार



**पुणे,एजेंसियॉ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान में बदलाव करने के लिए लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतना चाहती है। पुणे की सासवड तहसील में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि इस साल का आम चुनाव पहले के चुनावों से अलग है क्योंकि यह तय करेगा कि देश किस तरीके से काम करेगा। सासवड तहसील, बारामती लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। पवार ने कहा, ''दिल्ली के मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) जेल में हैं। वे (भाजपा) तानाशाही के पथ पर बढ़ रहे हैं और लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं। इसलिए, हमारे राष्ट्र को बचाने के लिए हमें उन्हें शिकस्त देने की जरूरत है।'' उन्होंने दावा किया, ''देश में लोकतांत्रिक तरीके से शासन किया जाना चाहिए, लेकिन हम चिंतित हैं। वे (भाजपा) संविधान में बदलावों के लिए 400 से अधिक सीट चाहते हैं।'' राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने पार्टी प्रमुख शरद पवार की बेटी एवं मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले को बारामती से उम्मीदवार बनाया है। वह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मैं जहां कहीं जाता हूं 'तुरहा बजाता व्यक्ति' चिह्न देखता हूं। सुप्रिया सुले को वोट दें और उन्हें भारी मतों के अंतर से विजयी बनाएं। हम विकास और लोगों का कल्याण करेंगे।

## आप के लोकसभा चुनाव प्रचार गीत पर निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगाया-आतिशी




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार गीत 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि यह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। 'आप' के इस दावे पर निर्वाचन आयोग ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''यह संभवतः पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है।'' उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के अनुसार, यह गीत सत्तारूढ़ दल और जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। उन्होंने कहा, ''इस गीत में भाजपा का जिक्र नहीं है और यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करता। इसमें तथ्यात्मक वीडियो और घटनाएं शामिल हैं।'' दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग पर भाजपा द्वारा किए गए चुनाव आचार संहिता उल्लंघनों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

## भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा, चाहे प्रधानमंत्री कोई भी हो -पी. चिदंबरम



**कोलकाता,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ''शेखी बघारने वाला व्यक्ति'' करार देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा, चाहे प्रधानमंत्री कोई भी हो। उन्होंने कहा कि मोदी भविष्य की एक ऐसी संभावना को अपनी गारंटी बता रहे हैं जो भारतीय बाजार के विशाल आकार को देखते हुए होनी ही है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अपनी जनसंख्या के आकार को देखते हुए यह उपलब्धि हासिल करेगा और इसमें ''जादू'' जैसी कोई बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने एक ऐसी समयसीमा बताने से परहेज किया, जिसके भीतर देश वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग 2024 के अनुसार, 4.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत अब केवल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। दुनिया की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल फ्रांस, इटली, ब्राजील, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश रैंकिंग में भारत से नीचे हैं। चिदंबरम ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा, ''नरेन्द्र मोदी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने में माहिर हैं। वह अंकगणित की अवश्यंभाविता को गारंटी में बदल रहे हैं। यह तो होना ही है.... भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।'' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''वर्ष 2004 में भारत की जीडीपी 12वें स्थान पर थी। 2014 में यह सातवें स्थान पर पहुंच गयी। 2024 में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। प्रधानमंत्री कोई भी हो, भारत दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें जादू जैसी कोई बात नहीं है। हमारी जनसंख्या के आकार को देखते हुए अंकगणितीय तौर पर यह होना ही है।'' हालांकि, चार बार केंद्रीय वित्त मंत्री रह चुके चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि किसी देश की जीडीपी का आकार वहां के लोगों की समृद्धि को जांचने का सही पैमाना नहीं है जबकि प्रति व्यक्ति आय इसका अधिक सटीक संकेतक है। उन्होंने कहा, ''मेरे विचार में जीडीपी के बजाय प्रति व्यक्ति आय समृद्धि का असली पैमाना है। लेकिन भारत उस वैश्विक पैमाने पर बहुत नीचे है।'' अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमान के अनुसार 2,731 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के साथ भारत की वैश्विक रैंक 136 है।

# लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान स्वाहा

## फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज के बांसमंडी स्थित प्लाई, लकड़ी के अन्य सामान की दुकान और गोदाम में रविवार भोर में भीषण आग लग गई। इसमें लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दो मंजिला भवन में फैली आग को काबू करने में फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां लगातार चार घंटे तक जूझती रहीं। आग कैसे लगी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि, फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आशंका जताई है कि इसका कारण शॉर्ट-सर्किट हो सकता है।








प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप भगत की मुट्ठीगंज के बांसमंडी में तिलक रोड पर भारत टिंबर स्टोर के नाम से प्लाई व लकड़ी के अन्य सामान की दुकान है। दो मंजिला भवन के भूतल पर उनकी दुकान है, जबकि पीछे की ओर और ऊपर की मंजिल पर प्लाई, लकड़ी की बीट व अन्य सामान स्टोर किए गए थे। प्रदीप ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए। रविवार भर में अचानक दुकान से तेज धुआं उठने लगा।

धुआं बगल में रहने वाले कुछ लोगों के मकानों तक पहुंचा तो आसपास के लोग बाहर निकले और पुलिस, फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने दुकान का शटर खुलवाया तो भीतर रखा सामान धू-धू कर जलता मिला। इसके बाद तुरंत बिजली सप्लाई बाधित कराई गई और फायरब्रिगेड ने पानी की बौछार कर बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में पानी खत्म हो गया। इसके बाद एक-एक कर अन्य फायर टेंडर भी मंगाए जाने लगे।

मकान में भारी मात्रा में प्लाई अन्य सामान स्टोर किया गया था,जिसके चलते आग बहुत तेजी से फैल रही थी और देखते ही देखते यह ऊपर के तल पर रखे सामान तक पहुंच गई। फायर ब्रिगेड अफसरों ने नैनी मुंडेरा और सोरांव से भी फायर टेंडर मंगाए। टीम लगातार पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ.आरके पांडेय ने बताया कि भवन की गहराई बहुत ज्यादा थी। उसमें भारी मात्रा में लकड़ी, प्लाई व अन्य सामान स्टोर किया गया था। सभी समान अत्यंत ज्वलनशील होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। उन्होंने आशंका जताई कि आग का कारण शॉर्ट-सर्किट हो सकता है। दुकान संचालक के मुताबिक घटना में लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।

# राष्ट्रप्रेम के जज्बे ने दे दी सुहाग की साड़ी की आहुति

**प्रयागराज।** निस्वार्थ भाव और पूर्ण श्रद्धा के साथ देश हित में किए गए कार्यों को ही सच्ची राष्ट्रभक्ति कहा जाता है। जहां न तो जान की परवाह हो न धन का लोभ और न शगुन अपशगुन की चिंता।सर पर देश से अंग्रेजों को भगाने का जुनून। इसी जुनून में कुंवर रतन सिंह अपनी पत्नी की सुहाग की साड़ी को भी विदेशी वस्तुओं के हवन में आहुति दे देता है। क्योंकि वह साड़ी विदेशी होती है। कुछ ऐसा ही दृश्य रविवार को कला भवन, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में सांस्कृतिक संस्था एकता द्वारा मुंशी प्रेमचंद कृत नाट्य प्रस्तुति ÷सुहाग की साड़ी÷ में देखने को मिला।



नाटक ÷सुहाग की साड़ी÷ स्वतंत्रता आंदोलन के समय चलाए जा रहे विदेशी सामानों के बहिष्कार आंदोलन पर आधारित था। नाटक में यह दिखाने का प्रयास किया गया कि उसूलों और सिद्धांतों के आगे किसी भी प्रकार की मान्यताओं का कोई अर्थ नही होता। नाटक की कहानी गांव के जमींदार कुंवर रतन सिंह और उनकी पत्नी गौरा के इर्द गिर्द घूमती है। रतन सिंह विदेशी सामानों के बहिष्कार आंदोलन की अगुवाई कर रहा होता है। वह बहुत ही महत्वाकांक्षी और सिद्धांतवादी हैं। एक दिन विदेशी सामानों के बहिष्कार आंदोलन के लोगों ने रतन सिंह के घर के सामने विदेशी सामानों की आहुति देने का कार्यक्रम बनाया। वह सब रतन सिंह से विदेशी सामानों को जलाने को कहते हैं। रतन सिंह की पत्नी गौरा के विचार भिन्न होते हैं। उसका मानना होता है कि अपना घर फूंकने से स्वराज नही मिलने वाला। लेकिन रतन सिंह अपने उसूलों का पक्का है।

संवाद एवं कथावस्तु की मजबूती ने नाटक को पूरे समय दर्शकों से बांधे रखा। निर्देशक के रूप में युवा रंगकर्मी अनूप श्रीवास्तव ने कलाकारों से जीवंत अभिनय कराकर अपनी योग्यता का परिचय दिया। अभिनय की दृष्टि से कुंवर रतन सिंह की भूमिका में सिद्धांत चंद्रा, गौरा की भूमिका में श्रेया सिंह, केसर महरी की भूमिका में नेहा यादव, रामटहल साईस की भूमिका में आथर्व सिंह ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को बहुत प्रभावित किया।इसके अलावा रतीभान सिंह, राहुल यादव, आदित्य सिंह, अनुभव, शुभम, अमन, सर्वेश प्रजापति, इशिता, राहुल, अनुभव, पृथ्वीराज ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया। प्रकाश व्यवस्था सुबोध सिंह, संगीत परिकल्पना मनोज गुप्ता, रूप सज्जा मो. हामिद अंसारी, सेट निर्माण आरिश जमील, वस्त्र विन्यास आशी अहमद, रतीभान, पोस्टर डिजाइन शाहबाज अहमद, मंच व्यवस्था उत्तम कुमार बैनर्जी की थी। प्रस्तुति नियंत्रक पंकज गौड़ थे।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विभा मिश्रा सहायक निदेशक लघु उद्योग एवं सूक्ष्म मंत्रालय भारत सरकार, लोकेश कुमार शुक्ला (केन्द्र निदेशक आकाशवाणी प्रयागराज), वीरेंद्र कुमार सिंह (प्रबंधक गुरुकुल मांटेसरी स्कूल फाफामऊ), वरिष्ठ रंगकर्मी/ चित्रकार अजामिल व्यास, प्रधानाचार्य रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज बांके बिहारी पांडे, वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर विभु गुप्ता थे। संस्था के महासचिव जमील अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्था की जानकारी दी जबकि धन्यवाद ज्ञापित संस्था के अध्यक्ष रतन दीक्षित ने किया। मंच संचालन सुश्री शांता सिंह ने किया।

# खत्री समाज ने किया अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी को सम्मानित



**प्रयागराज।** आज लक्ष्मी नारायण धर्मशाला कल्याणी देवी में खत्री समाज द्वारा नीरज त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया 52वीं लोकसभा इलाहाबाद में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को लक्ष्मी नारायण धर्मशाला कल्याणी देवी में खत्री समाज द्वारा स्वागत समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खत्री समाज के अध्यक्ष नीरज मल्होत्रा ने की। मंच का संचालन कार्यकारिणी सदस्य राजन टंडन ने किया। भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने खत्री समाज को संबोधित करते हुए कहा राजनीति में मेरे पिताजी बेदाग छवि के थे। उन्होंने कभी किसी को परेशान नहीं किया। उन्हीं के सिखाए हुए रास्ते पर मैं भी चल रहा हूं। मैं अपर अधिवक्ता हूं मैं वकालत छोड़कर मैं यहां आपकी सेवा करने आया हूं। मैं पिताजी के आदर्शों पर चलने के लिए आया हूं। मेरे पिताजी हर आदमी के लिए एवं हर कार्यकर्ता के लिए अपने घर का दरवाजा हमेशा खुला रखते थे इसी तरह मैं भी अपने घर का दरवाजा हमेशा आप लोगों के लिए खुला रहेगा। भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने समाजसेवी जीतू सारस्वत को और उनके साथियों को भाजपा की सदस्यता इसी खत्री समाज के मंच के पर दिलाई। खत्री समाज के उपाध्यक्ष राजेश मेहरोत्रा (छोलू भैया), महामंत्री नीरज टंडन पार्षद, कोषाध्यक्ष सतीश टंडन, उप मंत्री अभय मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य विपुल मेहरोत्रा, कार्यकारिणी सदस्य मोहन जी टंडन भईया, मनोज मिश्रा, अनुपम श्रीवास्तव, विपिन चोपड़ा, बिट्टू बाजपेई, सुनीता चोपड़ा पार्षद, शिखा खन्ना महिला मोर्चा चौक मंडल अध्यक्ष, खत्री समाज की महिलाएं भी शामिल रहे।

## सपा कार्यालय मे हुई गठबंधन दलों के नेताओं की बैठक

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन मे आज गठबंधन दल सपा,कांग्रेस, एवं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे जनसम्पर्क अभियान को और अधिक तेज करने, घर घर जन जन तक गठबंधन की नीतियों को बताने एवं चुनाव मे भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के आवश्यक बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक मे शहर उत्तरी के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देकर प्रचार कार्यक्रम को सघन बनाये जाने पर बल दिया गया।

सपा के सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों की भी बैठक कर चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन एवं संचालन महासचिव रविन्द्र यादव ने किया।

# प्रयागराज में 42,525 किसानों को मिला फसल बीमा का लाभ

## 3439.55 लाख की क्षति पूर्ति राशि सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में की गई हस्तांतरित

### प्राकृतिक आपदाओं से फसल को होने वाली क्षति में किसानों की मददगार साबित हो रही है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** देश के अन्नदाता को कभी ज्यादा बारिश तो कभी कम बारिश के संकट से जूझना पड़ता है। बाढ़ या सूखे के चलते फसल नष्ट होने से किसान को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ता था। प्राकृतिक आपदा से हुई फसल के नुकसान पर पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू हुई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इसके लिए लाभकारी साबित हो रही है।

इससे किसानों को नवीन और आधुनिक कृषि पदार्थों को खरीदने में प्रोत्साहन मिल रहा है।

प्रयागराज में इस योजना से आच्छादित होने वाले किसानों की संख्या बढ़ रही है तो वहीं फसल खराब होने पर क्षति पूर्ति की राशि भी वक्त पर किसान के खाते में सीधे भेजी जा रही है।

प्रयागराज जिले में पंजीकृत कृषकों की संख्या 6 लाख 79 हजार 424 है। कृषि उपनिदेशक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव बताते हैं कि वर्ष 2017-18 से 2023 तक जनपद में 5,39,151 कृषकों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपनी फसल का बीमा कराया।

जनपद के किसानों की 50 लाख 7527 हेक्टर क्षेत्रफल की कृषित भूमि इस योजना के अंतर्गत आच्छादित है। इस दौरान कृषकों ने ₹ 4966.950 लाख का प्रीमियम दिया है। जनपद के 42,525 किसानों को क्षतिपूर्ति का लाभ मिल चुका है । जिले के किसानों की खराब हुई फसल के एवज में उन्हें ₹ 3439.554 लाख की धन राशि क्षति पूर्ति के रूप में दी जा चुकी है।

### कृषक कैसे हासिल कर सकता है योजना का लाभ

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसान को फसल पर बीमा कवर दिया जाता है। इस स्कीम का लाभ पाने के लिए किसानों तो इंश्योरेंस प्रीमियम का केवल 50 फीसदी हिस्सा देना होता है। बाकी बचा 50 फीसदी हिस्सा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी के तौर पर दिया जाता है। योजना में रबी फसलों पर बीमा कवर का प्रीमियम 1.5 फीसदी है। इसका लाभ पाने के लिए किसान को अपने जिले के राष्ट्रीयकृत बैंक या फिर कृषि कार्यालय जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना होता है। फॉर्म में कृषक अपने फसल, जमीन, इंश्योरेंस राशि आदि जानकारी देनी होती है इसके बाद किसानों को फॉर्म के साथ सभी डॉक्यूमेंट्स की फोटो-कॉपी जमा करनी होगी। जब कृषि कार्यालय या बैंक द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार कर लिया जाएगा तो उसके बाद किसान को प्रीमियम का भुगतान करना होता है। प्रीमियम के भुगतान के बाद किसान को फसल बीमा पॉलिसी मिल जाती है।

# मोमिन वही जिसके मरने के बाद भी लोग उसका ज़िक्र करें- मौलाना हमीदुल हसन



**प्रयागराज।** मशहूर सहाफी ज़फ़र आग़ा के चालिसवें की मजलिस को खिताब करते हुए लखनऊ के मौलाना हमीदुल हसन क़िब्ला ने कहा इंसान वह अच्छा होता है जिसके इस दुनिया ए फानी से गुज़र जाने के बाद भी लोग उसे याद रखें। रानी मण्डी स्थित इमामबाड़ा नवाब आग़ा महमूद साहब में हमेशा टीवी डीबेट में विदेशी मामलों के जानकार और एंकर सीनियर जर्नलिस्ट ज़फ़र आग़ा के चालीसवें की मजलिस को खिताब करते हुए लखनऊ के प्रख्यात आलिमेदीन आयतुल्ला मौलाना हमीदुल हसन साहब ने कहा मोमिन वह होता है जिसके इस दुनिया ए फानी से गुज़र जाने के बाद भी उसके कामों की फज़ीलत बयान हो। ज़फ़र आग़ा एक ऐसे मर्दे मोमिन थे जो अपने हयात ए ज़िन्दगी में दीनी व दुनियावी कामों के साथ तमाम तन्ज़ीमों के ज़रिए लोगों की रहनुमाई किया करते थे। वहीं बेबाक ज़बान के मालिक थे।आज वह नहीं हैं लेकिन उनके गुज़र जाने के बाद भी इतनी बड़ी तादाद में लोगों का मजलिस ए चेहलुम में आना इस बात की गवाही है।मौलाना आमिरुर रिज़वी, ज़ाकिर ए अहलेबैत रज़ा अब्बास जैदी, क़मर आग़ा, सफदर आग़ा, मुनीश आग़ा, हसन दानिश, ज़फरुल हसन, हम्माद साहब, मुफीद अब्बास आदि शामिल रहे।

# भाजपा के कुचक्र से बाहर आएं ब्राह्मण-नितेश तिवारी

## मोदी कॉग्रेस मुक्त भारत नहीं, ब्राह्मण मुक्त राष्ट्र की करते हैं बात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा प्रयागराज।** युवजन सभा के जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉग्रेस मुक्त भारत की बात खुले मंच से करते हैं।यह एक दिखावा है,असल मे पीएम कॉग्रेस मुक्त भारत नही बल्कि ब्राह्मण मुक्त भारत की बात करते है।भाजपा की देश और प्रदेश सरकार का रवैया इसी तरफ साफ इशारा कर रहा है।श्री तिवारी ने कहा

कि भाजपा के अंधभक्त ब्राह्मण यदि समय रहते होश में नही आए तो समाज का भविष्य भयावह होने वाला है।

सपा के फायर ब्रांड नेता नितेश तिवारी ने ब्राह्मण समाज पर हो रही चोट पर अपने विचार वेवाकी से रखते हुए भाजपा सरकार की सोच पर चोट की है।उन्होने कहा कि पीएम आजकल गारंटी की बात करते हैं।ब्राह्मण मुक्त भारत के लिए भी उनकी गारंटी तय है।उनके इशारों की भाषा को समझकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके नक्शे कदम पर आगे बढ़ रहे हैं।प्रदेश के ब्राह्मण समाज के दर्जनों चेहरों को कुचक्र के तहत अपराधी सिद्धकर उनकी पीढ़ियों को भी वर्वाद करने का काम किया गया।प्रदेश के हर राजनीतिक ब्राह्मण को किनारे लगा दिया गया।



यह एक सुनियोजित रणनीति के तहत चलाया गया अभियान है।सक्रिय राजनीति से दूर करने का कुचक्र है।यदि समाज अब भी नही जागा तो आपकी पीढियां कोसेंगी और देर हो जाने पर वापसी के सारे रास्ते बंद मिलेंगे।

### यदि समाज नहीं जगा तो पीढियां माफ नहीं करेंगी

देश मे एक दहशत का माहौल है।प्रदेश में मुस्लिमों के साथ ब्राह्मणों पर ही निशाना साधा गया है।जिस सनातन और राम मंदिर की दुहाई भाजपा नेता दे रहे हैं ,उसमे हिन्दू शंकराचार्यों की घोर उपेक्षा और अपमान किया गया।उन्हें प्राण प्रतिष्ठा से इसलिए दूर रखा गया कि इसका श्रेय कहीं ब्राह्मण व संत समाज को ना मिल जाय।यह एक छोटा सा उदाहरण है, समाज जलालत तो हर स्तर पर झेल रहा है।भाजपा और मोदी के अंध भक्त ब्राह्मणों को जागना होगा।समाज का अस्तित्व खतरे में है,जिसे बचाने की जिम्मेदारी भी हम सबकी है।आइए मिलकर समाज के रसूख को बचाएं और मोदी के अभियान से समाज को जगाएं।

# क्षेत्र के कई तालाबों पर अतिक्रमण से पशु, पक्षी बेहाल

## वीरान पड़े तालाबों से पेयजल के लिए मचा हाहाकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा प्रयागराज।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा के राजस्व मजरे नारि के सूखे पड़े तालाब की वजह से पशु पक्षी पेयजल के लिए वेहाल हैं। यहां के तालाब संख्या 63 पर अतिक्रमण से हालात विगड़े हैं।न्यायालय की दखल के बाद भी तालाब पर अतिक्रमण बरकरार है। भईया ग्राम पंचायत के दर्जनों तालाबो को कब्जा मुक्त करने के न्यायालय के आदेश वेअसर रहे हैं।



इस मुद्दे पर हल्का लेखपाल बडे खिलाड़ी बताए गए हैं ,जिनके पैंतरे पूरे सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं।

बताया गया कि राजस्व ग्राम नारि ग्राम पंचायत पथरा में स्थित तालाब संख्या -63जिसका रकबा 33बीघा के करीब है,यह पूरी तरह से लोगों के अवैध कब्जे में है।

हालांकि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध 122बी के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है।लेकिन हल्का लेखपाल की ढील से न्यायालय के आदेश का अनुपालन नही किया जा सका है।

शासन द्वारा अनवरत प्रयास के बावजूद न तो तालाबों की सफाई हो पा रही है न ही अबैध कब्जा हटाया जा रहा है। नजीर के तौर पर सर्वाधिक 52तालाबों की ग्राम पंचायत भे इयां में अतिक्रमण अभियान जारी है और प्रशासन मौन है।जनसुनवाई फाउंडेशन के प्रयागराज मण्डल प्रभारी एवं तेंदुआ कलां समिति अध्यक्ष राहुल तिवारी का कहना है कि मेजा तहसील के अन्तर्गत आने वाले के ई ऐसे गांव हैं जहां कागजों पर तो के ई तालाब हैं किन्तु स्थल पर उनका वजूद नही है।सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तालाबों में मत्स्य पालन करने के लिए शासनादेश जारी किया गया है। लेकिन अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा है।

### पूरे सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं हल्का लेखपालों के पैतरे

नवचारी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी जयप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि यदि वास्तव में तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर ग्रामीणों से मत्स्य पालन कार्य कराया जाय तो निश्चित ही ग्रामीणों को अर्थिक मजबूती के साथ रोजगार मिलेगा और राजस्व में बृद्धि होगी।

# राम विरोधियों का घमंड टूटेगा- महापौर

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित शहर दक्षिणी विधानसभा में सब्जी मंडी मीरापुर, सुलाकी चौराहा चौक और मलाकराज शिव पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भारत का भविष्य सवांरने का चुनाव है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का चुनाव है और राम विरोधियों का घमंड तोड़ने वाला यह चुनाव है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को जीत का आशीर्वाद दे दिया है अब हम लीड की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा और बसपा की जमानत भी नहीं बच पाएगी मोदी सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला।



मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया इसके अलावा सदियापुर में राम प्रसाद यादव, करैला बाग एवं उमाशंकर स्कूल बैहराना में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, अग्रसेन चौराहे पर एमएलसी केपी श्रीवास्तव, तुलसीपुर हनुमान मंदिर राम जी केसरवानी एवं कीडगंज साउथ मलाका सब्जी मंडी में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने जनसभा को संबोधित कर भाजपा को जिताने की अपील की।

इस अवसर पर नुक्कड़ सभा के अध्यक्षता मंडल अध्यक्षगण सुमित वैश्य, राघवेंद्र मिश्रा एवं रणविजय सिंह ने किया संचालन दिनेश विश्वकर्मा ने किया।

विधानसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, गिरजेश मिश्रा, राजेश केसरवानी, शिखा खन्ना, गोपाल जी मालवीय, पार्षद सुनीता चोपड़ा, पार्षद किरन जायसवाल क्षमता दुबे,आनंद जायसवाल, शिव मोहन गुप्ता, विवेक बाबू जायसवाल, गिरि बाबा, श्याम जी अग्रवाल, प्रिंस गुप्ता, लता उपाध्याय, घनश्याम जायसवाल,रोशनी अग्रवाल, संजय गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, प्रीति रावत, मधुसूदन निषाद, सुधा गौड़, धीरज केसरवानी, मनोज मिश्रा, विमलेश कुमार, प्रेमचंद्र गुप्ता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

## सपा पीडीए के लोगों की सत्ता- शासन मे भागीदारी सुनिश्चित करेगी-अमरनाथ सिंह मौर्य

**प्रयागराज।** लोकसभा फूलपुर से सपा उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गाँवों, प्रमुख बाजारों, चौराहों पर जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडिए के लोगों की सत्ता और शासन मे भागीदारी सुनिश्चित करेगी।उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को उनकी उपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी होगी। गरीबों को मुफ्त आटा और डाटा के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाया जायेगा। सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज महमद पुर, अकबर पुर, फ़तुपुर, चफरी, लखरैया, ककरा, बुढ़ाना, कुरैसर, खिजीरपुर, घाटमपुर, नरहा, सिंघापुर, मकडूमपुर चौराहा, भीखपुर, पुरे घासी, मंसूराबाद आदि गाँवों मे जनसम्पर्क किया।

# अपराधी कोई भी हो बख्शे नहीं जाएंगे-डीसीपी

## मेजा पुलिस टीम ने आधा दर्जन बाइक के साथ दो तमंचा व अन्य चोरी के समान के साथ 5 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा प्रयागराज**–डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देशन में चलाए गए अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अभियान में मेजा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।

मेजा कोतवाली में प्रेस वार्ता में डीसीपी ने मेजा पुलिस की कामयाबी को सराहते हुए पकड़े गए अपराधियों एवं वरामद किए गए बाइक सहित अन्य सामानों का विवरण दिया है।

बताया गया कि मेजा पुलिस ने चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 5 अभियुक्त गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी की6 मोटरसाइकिल,2 जनरेटर, 1 कटर, 7 जोड़ी जूता, 2 अवैध तमंचा 315 बोर व 2
कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

मेजा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. सौरभ मिश्रा उर्फ आकाश पयासी पुत्र मनोज मिश्रा निवासी ग्राम उरुवा, हाल पता सुहास थाना कोरांव, सुनील कुमार पुत्र कामता प्रसाद निवासी श्री का
पुरा टुडिहार थाना मेजा,. फिरदौस पुत्र मोहम्मद जमाल निवासी ग्राम लेहडी थाना मेजा, . जगजीत दुबे उर्फ छोटू पुत्र शत्रुधन लाल दुवे निवासी ग्राम टाई सरैया थाना मेजा.अतीक अंसारी पुत्र असी मोहम्मद निवासी ग्राम अमिलिया कला थाना मेजा प्रयागराज को रविवार को मैदनिया
पुल से थोड़ी दूर आगे मेजा रोड की तरफ ग्राम बिरतिया में स्थित देशी शराब ठेके के पास से
गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त सौरभ मिश्रा उपरोक्त के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व1 जिंदा कारतूस ,
अभियुक्त सुनील कुमार के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व कारतूस तथा पाँचों
अभियुक्तगणों की निशांदेही पर चोरी की 6 मोटरसाइकिल, 2 जनरेटर, 1 कटर, 7 जोड़ी जूता बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 226/24 धारा 379/411/34 भादवि0
व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।




डीसीपी ने मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय सहित पकड़ में शामिल उ नि बलवंत यादव,उ नि सुभाष गौतम,उ नि लेखपाल सिंह,उ नि ब्रजेश कुमार के बधाई दी है।

पत्रकारों को पकड़ का व्योरा देती **डीसीपी यमुनानगर**

# भाजपा वन जिला वन प्रोडक्ट की बात करती है समाजवादी वन जिला वन माफिया की करती है बात- उपमुख्यमंत्री

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन व प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा मंझनपुर व सिराथू में बूथ सम्मेलन वह मंझनपुर के कलश गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन संपन्न हुआ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को बुके देकर व माल्यार्पण कर कौशांबी सांसद व भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर व जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य द्वारा स्वागत किया गया बूथ सम्मेलन और प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहां की जितना काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 10 सालों में करके दिखाया है उतना काम पिछली सरकारें कल्पना भी नहीं कर सकती ।समाजवादी पार्टी का क्या काम है देश और प्रदेश की जनता जानती है कौशांबी का ऐसा कोई कोना नहीं रहा होगा जहां समाजवादी पार्टी के गुंडे माफिया ना पैदा हुए हो हमें आज भी याद है जब हमारे लाखों लोग हमारे आराध्य भगवान राम की कर सेवा को अयोध्या गए थे तो यही समाजवादी पार्टी की सरकार ने निहत्थे कर सेवकों पर गोली चलाने का काम किया था दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम कर रही है गरीबों के जीवन को ऊपर उठाने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किया है चाहे बिजली पानी सड़क शिक्षा स्वास्थ्य हर क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम किया सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि इंडि गठबंधन का एकमात्र उद्देश्य है कि किसी भी प्रकार से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव जीतना इन्हें समाज से कोई लेना-देना नहीं है ।विकास से कोई लेना देना नहीं। यह बुद्ध की धरती है ।

आप मोदी सरकार और पिछली मनमोहन सिंह की सरकार में तुलना कर लीजिए साफहो जाएगा की विकास क्या होता है। हर गरीब का एक सपना होता है कि उसकी भी एक पक्की होनी चाहिए और मोदी सरकार ने यह संभव कर दिखाया जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता एक बूथ 10 यूथ के साथ मिलकर अपने बूथ को जीतने का काम करेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्या ,पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, लाल बहादुर ,संजय गुप्ता ,कल्पना सोनकर ,पिंटू त्रिवेदी ,जवाहर लाल त्रिपाठी, राकेश पांडे, अजय त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्रा ,गुलाब कुशवाहा , सुरेंद्र त्रिपाठी ,शेषनारायण करवरिया, कल करवरिया ,समीर पांडे ,जयप्रकाश त्रिवेदी, ओम नारायण शुक्ला ,चंद्र शुक्ला ,बबलू गर्ग ,वीरेंद फौजी, नीतू कनौजिया, सहित हजारो की संख्या में कार्यकर्ता व प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी- ब्रजेश पाठक

सिराथू, कौशाम्बी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रविवार को दोपहर चार बजे के करीब सिराथू विधानसभा के सैनी कस्बे में स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शामिल होते हुए कार्यकर्ताओ ने जोश भरा साथ ही भाजपा सरकार के कार्यों को गिनाते हुए भाजपा प्रत्याशी के समर्थन की अपील करते हुए एकजुट होकर चुनाव प्रचार में लगने को कहा। अपने संबोधन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा , कांग्रेस पर तीखे हमले बोलते हुए कहा की विपक्षी दलों के पास कहने को कुछ नही है , कांग्रेस , भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी रही , डिप्टी सीएम ने आगे कहा की बूथ कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होते है , कौशांबी के कार्यकर्ता पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है , कार्यकर्ताओ ने मोदी जी की जनहितकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का कार्य किया । इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य , सांसद विनोद सोनकर , पूर्व विधायक पप्पू पटेल , हीरालाल , भोला यादव , भोले शंकर , जगदीश सरोज , चंद्रिका प्रसाद सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# संस्कृत संस्थान में त्रैमासिक पौरोहित्य प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

## पौरोहित्य प्रशिक्षण प्राप्त कर मजबूत होंगे नवयुवक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संस्कृत भाषा एवं पौरोहित्य प्रशिक्षण देकर नवयुवकों को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में मंझनपुर स्थित श्री दुर्गा देवी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार से त्रैमासिक पौरोहित्य प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

त्रैमासिक पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक रविंद्र नाथ शुक्ल व प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने कहा कि संस्कृत संस्थान द्वारा पौरोहित्य प्रशिक्षक के रूप में अनेक लोगों को शिक्षा प्रदान कर योग्य आचार्य बनाया गया है। यह कर आगे भी जारी रहेगा। इस प्रशिक्षण से जनता का सर्वविध कल्याण होगा। प्रशिक्षित होने के बाद आचार्य कर्मकांड कराकर लोगों का कल्याण करेंगे। और उन्हें स्वरोजगार भी मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि इस विद्यालय में 120 विद्यार्थियों का पंजीयन करके आवासीय सुविधा दी जा रही है। सात अप्रैल से पंजीयन का कार्य चल रहा है। जो पांच मई तक चलेगा। इस वर्ष 30 विद्यार्थियों ने अब तक स्कूल में पंजीयन कर लिया है। संस्कृत के साथ अंग्रेजी भी इस विद्यालय में पढ़ाई जाती है। स्कूल में कुल 11 अध्यापक हैं। पुरोहित त्रैमासिक प्रशिक्षण देने के लिए सरकार ने रवि भान शुक्ला को नियुक्त किया है। जो पूरे तीन माह तक प्रशिक्षण देंगे। 29 अप्रैल से विद्यालय में योग प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंध निदेशक का शिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ अध्यापक राजेश प्रकाश त्रिपाठी, डॉक्टर दिवाकर मिश्र, मुकेश कुमार त्रिपाठी, आधुनिक विषय के आचार्य डॉ रामेश्वर त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, ललित शुक्ला व योग शिक्षक कमल नयन मित्र उपस्थित रहे।

# दहेज की मांग को लेकर ससुरालिजनो ने मारपीट कर दी धमकी, ससुराल पक्ष के आठ लोगो पर केस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे , विवाहिता ने मामले की जानकारी पति को दी तो पति ने फोन पर तीन तलाक देते हुए धमकी देने लगा, विवाहिता ने मामले की शिकायत एसपी कौशांबी से करते हुए कार्यवाही की मांग की , एसपी के आदेश पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के आठ लोगो पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव की रहने वाली अमात लुबना पुत्री स्व मो हारून ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की लगभग डेढ़ वर्ष पहले उसकी शादी मोहल्ले के मो मोहसीन उर्फमोनू के साथ हुई थी । विवाहिता का आरोप है की शादी के बाद से ही उसके ससुराल के लोग दस लाख रुपए की अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए ताना मारते हुए प्रताड़ित करने लगे । जिसके बाद विवाहिता के परिजनों ने छः लाख रुपए दिए । जिससे ससुराल के लोग चार पहिया वाहन खरीद लिए । विवाहिता ने बताया की लगभग एक साल पहले उसका पति जहाज में चला गया उसके बाद भी ससुराल के लोग आएदिन मारपीट व जान से मारने का प्रयास व धमकी देने लगे । विवाहिता ने आपबीती पति से बताई तो पति ने फोन पर तीन तलाक देते हुए संबध तोड़ने की बात करने लगा । अमात लुबना की शिकायत पर सैनी पुलिस ने एसपी के आदेश पर विवाहिता के ससुराल पक्ष के पति मो मोहसीन , ससुर मो हारून , जेठ मो आमीन उस्मानी उर्फजफीरुल , अब्दुल फहद , सास फमीता बेगम , जेठानी सहाना , अमरीन व नंद मारिया के विरोध दहेज की मांग , प्रताड़ित , धमकी व मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## पट्टीदारों ने जालसाजी से कराया बैनामा, चार पर केस दर्ज

**सिराथू, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में पट्टीदारों ने जालसाजी कर दिल्ली में रह रहे पीड़ित को जमीन का बैनामा करा लिया मामले की जानकारी पर पीड़ित पक्ष ने न्याय के लिए न्यायालय की शरण में गए जहां न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोगो पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के हब्बू नगर निवासी सुशीला देवी पत्नी स्व अमृत लाल उर्फबच्चा लाल ने न्यायालय में दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से बताया की वह परिवार के साथ दिल्ली में रहती है उसके पति की एक वर्ष पहले दिल्ली में मौत हो गई । सुशीला देवी के मुताबिक उसकी ढाई बीघा के करीब भूमिधरी जमीन गांव ने थी जिस पर पट्टीदारों ने जालसाजी कर फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया मामले की जानकारी पर जमीन वापस मांगा तो पट्टीदार जान से मारने की धमकी देने लगे । जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई , न्यायालय के आदेश पर कड़ा धाम पुलिस ने हब्बू नगर निवासी बृजलाल पुत्र स्व कल्लू , जानकी पत्नी बृजलाल , जय सिंह पुत्र बृजलाल , धीरज जयसवाल पुत्र राम कैलाश के विरुद्ध चार सौ बीसी , धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही ने जुट गई है ।

# अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## कब्जे से 01 वैगनआर में दो बोरी अवैध गांजा बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मादक पदार्थ सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आज प्रभारी निरीक्षक ए0एन0टी0एफ आपरेशनल यूनिट प्रयागराज से जरिये दूरभाष प्राप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष संदीपनघाट भुवनेश चौबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा अवैध गांजा तस्करो के विरुद्ध लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत उच्चाधिकारीगण के आदेश के अनुपालन मे तेरहमील तिराहा पर ए0एन0टी0एफ आपरेशनल यूनिट के साथसघन चेकिंग अभियान चलाया गया, चेकिंग के दौरान एक बैगनआर कार प्रयागराज की तरफ से आती दिखायी दी, जिसे चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया गया तो बैगनआर चालक और तेजी से कार को लेकर भागना चाहा कि संयुक्त टीम द्वारा कार को घेर कर राघवेन्द्र पान्डेय निवासी 249/3 प्रीतम नगर धूमनगंज जनपद प्रयागराज, पीयूष सिंह निवासी 180सी/बी1 राजरूपपुर चौकी थाना



धूमनगंज जनपद प्रयागराज स्थायी पता दूखरेहट खुर्द जारी बाजार थाना बारा जनपद प्रयागराज को पकड लिया गया। आरोपी के कब्जे से 02 बोरी अवैध गांजा (वजन करीब 23 किलोग्राम ), 01 बैगेनआर कार तथा 02 अदद मोबाईल फोन व 20670 रूपये बरामद किया गया। बरामद गांजे की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रूपयाहै। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपियों से कडाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि बैगनआर कार में जो 02 बोरी गांजा है उसे लेकर अपने फुटकर विक्रेताओ को देने के लिए आ रहे थे। गांजा की खरीद फरोक्त में जो भी रूपया लगता है उसे राघवेन्द्र द्वारा लगाया जाता है तथा हमारे साथी मास्टर उर्फ यादव उर्फ बलवन्त द्वारा उड़ीसा राज्य में डील किया जाता है। जिसे हम तीनों लोगजनपद प्रयागराज, कौशाम्बी व फतेहपुर में सप्लाई करते हैं तथा गांजा का अवैध परिवहनध्विक्रय करके मोटी रकम कमा लेते हैं। हम लोग एक राज्य से दूसरे राज्य में गांजा तस्करी का काम काफी समय से करते आ रहे हैं । लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उफरोक्त माल को खपत ले लिए ले जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

### डीपी एक्ट के दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक आलोक राजमय हमराह पुलिस बल द्वारा मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 से संबन्धित वांछित मो0 हारुल निवासी परास थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को लोहदा मोड़ सेगिरफ्तार किया गया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक मनीष पाल मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित संजय निवासी दानपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी कोअमृत सरोवर तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा विक्रान्त त्रिपाठी निवासी बक्शी तालाब थाना व जनपद कौशाम्बी को 20लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# महिला बीट आरक्षियों ने बालिकाओं को बताया आत्मरक्षा के गुण





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के मंझनपुर व महिला थाना की महिला बीट आरक्षियों द्वारा भ्रमण कर बच्चियों छात्राओं महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल थाना पुलिस एवं महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 69 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 13 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना सराय अकिल से 03,
थाना चरवा से 02, थाना कोखराज से 04, थाना सैनी से 02, थाना मो0पुर पइंसा से 02) कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## ट्रेलर में पीछे से अनियंत्रित होकर भिड़ी डीसीएम,चालक गंभीर

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नेशनल हाइवे पर ट्रेलर में पीछे से डीसी एम भिड़ गई हादसे में चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को केबिन से बाहर निकाल एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार कन्नौज जनपद के छीबरामऊ के रामपुरा खोजीपुर निवासी विवेक पाल पुत्र धर्मपाल 28 वर्ष डीसीएम चालक है , विवेक खलासी मैनपुरी के देवरा निवासी रवि पुत्र दिनेश 19 वर्ष के साथ पंजाब के लुधियाना से सायकिल का पार्ट लादकर कलकत्ता जा रहा था , डीसीएम चालक रविवार की दोपहर सैनी कोतवाली क्षेत्र के कछुआ गांव के नजदीक नेशनल हाइवे पर पहुंचा तभी सामने ट्रेलर ने ब्रेक मार दिया इस दौरान डीसीएम पीछे से अनियंत्रित होकर ट्रेलर में भिड़ गया

# अजुहा का दो दिवसीय सलाना उर्स सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** अजुहा कस्बे के लगने वाला दो दिवसीय सालाना उर्स मेला रविवार को सम्पन्न हो गया। अजुहा कस्बे के वार्ड नं 11 नेता नगर में स्थित हजरत इब्बन मियां उर्फशफरी शाह बाबा की मजार पर दो दिवसीय इक्यावनवां उर्स प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया गया, जहां हजरत इब्बन मियां उर्फशफरी शाह बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर लोग मन्नतें मांगते हैं और मन्नतें पूरी होने पर लोग फूल का चादर चढ़ा कर सिन्नी बांटकर मन्नत उतारी जाती है। उर्स मेले के दूसरे दिन रविवार को जवाबी कौव्वाली होती है और बाबा के मजार पर फूल चादर चढ़ा कर खुटिया व बूंदी का फातिया कर सिन्नी बांटते हैं। उर्स मेले में चाट पकौड़े व अन्य दुकानें लगाते हैं। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, सभासद प्रतिनिधि फूलचंद केसरवानी , रामबाबू मोदनवाल, सुरेश चंद्र केसरवानी , मो अजलम, मो फुरकान ने बताया कि जबाबी कौवाली में जिसकी जीत होती है उसको पुरस्कृत किया जाता है । कौव्वाली में शकील ताज कानपुर से और शबनम नाज प्रतापगढ़ के बीच जबाबी में शकील ताज की विजय हुई । कमेटी के राहत अली,वसीम अहमद,मो हारुन,मो अनवर,मो जब्बार,मो असलम, मो अख्तर, निसार अहमद, इरफान अहमद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गरुकुल महाविद्यालय में छात्रावास में रह रहे हैं बच्चों को वितरित की गई खेल सामग्री

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** गरुकुल महाविद्यालय में छात्रावास में रह रहे हैं गरीब बच्चों को पोशाक वितरण और खेलकूद सामग्री का वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक अजय श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने खेल और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए विद्यर्थियों को खेलने के लिए प्रेरणा दी। आर्य समाज कौशाम्बी मंत्री तीव्रचन्द्र शर्मा द्वारा छात्रों को खेल सामग्री वितरण शुरू किया गया। कार्यक्रम में खेल से सम्बन्धित सामग्री प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह डोनेशन के रूप में दिया गया और स्टोनो रवि पटेल ने कपड़ा



और सिलाई के लिए 10000 रुपये दिया गया। अंतेवासी समेत समस्त अध्यापक और प्रबंध तंत्र उनके इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद प्रेसित करता है। कार्यक्रम के दौरान प्रचार्य मिनिकेतन शास्त्री विभागाध्यक्ष साहित्य, अनामिका श्रीवास्तव, सहायक विभागाध्यक्ष बलिराम सिंह, के साथ अध्यापक नवीन कुमार , कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, शिरोमणी शास्त्री , अनुज मौर्या , माधुरी गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

## श्री गंगा प्रसाद साहू इण्टर कॉलेज के मेधावियों को आज किया जाएगा सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** श्री गंगा प्रसाद साहू इण्टर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सभी 51 छात्र छात्राओं को शैलेश मिश्रा के हाथो सोमवार को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी शैलेश कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य ने दी है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में एडवोकेट उदिशा त्रिपाठी ने कार्यकारणी पद पर पहला स्थान किया प्राप्त

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में अधिवक्ता उदिशा त्रिपाठी ने गवर्निंग काउंसिल क्रम संख्या- 70 3232 मत पाकर कार्यकारणी पद पर पहला स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरी स्थान पर मनीषा सिंह ने 2410 मत और तीसरे स्थान पर 2261 मत पाकर किरन सिंह रही. ज्ञात हो कि उदिशा त्रिपाठी के पिता एडवोकेट विनोद कुमार त्रिपाठी वरिष्ट अधिवक्ता है और भाई भी अधिवक्ता है पिता ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया

जिन्होंने इस सफलता में अपनी भूमिका निभाई. एडवोकेट



उदिशा त्रिपाठी प्रयागराज की मूल निवासी है महज 27 वर्ष की आयु में सफलता की प्रथम सीढ़ी के रूप में पहला स्थान प्राप्त कर भविष्य की ओर अग्रसर हुई. वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इस जीत का श्रेय हमारे तमाम अधिवक्ता साथियो को जाता है जिन्होंने
हमारे ऊपर विस्वास कर अपने मताधिकार का उपयोग कर मुझे 3232 मत देकर विजयी किया हम आशा ही नहीं पूरे विस्वास के साथ सभी अधिवक्ता साथियो के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रयास करेंगे।

# विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान करना, हर भारतीय मतदाता के लिए गौरवशाली क्षण है- डा. विनोद त्रिपाठी

**मतदान वृद्धि जागरुकता का लिया संकल्प**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाबा बेलखरनाथ धाम (प्रतापगढ़)** । देश के अब तक हुए चुनावों में सबसे अधिक मतदाताओं वाले आम चुनाव = 2024 के लिए लोकप्रिय पर्व लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव हमारे लिए किसी पर्व से कम नहीं है, यह हमारे देश की दशा और दिशा बदलने वाला है। यह विचार विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, उ.प्र. जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी ने संविलित विघालय, कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में ब्यक्त किया। डा0विनोद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता,लोक पर्व में ज्यादा से ज्यादा वोट देकर ही हम अपने देश को सशक्त बना सकते हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों से वोट डालने की अपील की जा रही है। प्रभारी प्र0अ0 राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढोत्तरी के मद्देनजर उच्च प्राथमिक विद्यालय , कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया।वरिष्ठ शिक्षक देवानन्द मिश्र ने बताया कि चुनाव में अधिक से अधिक जागरुक मतदाता मतदान करें, इसके लिए बेसिक शिक्षकों ने ग्रामीणों एंव अभिभावकों से जागरुक मतदाता सम्बन्धी पहल की है। क्योंकि मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।शिक्षिका श्वेता मिश्रा ने बताया कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए हर मतदाता को भीषण गर्मी में अपने बचाव पर भी ध्यान देना होगा। चुनाव में लगे मतदान कर्मियों, पुलिसकर्मी और ग्रामीण जनों से अपील है कि घर से बाहर निकलने एवं चुनाव के दौरान वोटिंग करने जाए तो अपने साथ पानी की बोतल अवश्य साथ रखे। गर्मी में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। मतदाता है भाग्यविधाता और सशक्त लोकतंत्र निर्माण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सीता राम सरोज, शिक्षकों में मो0शुएब, नीतू सिंह, योगिता पाण्डेय, शशिबाला शुक्ला, सुरुचि सिंह, विनीता मिश्रा, अर्चना यादव, शिक्षा मित्र संजीव दूबे, छेदी लाल एवं जितेंद्र कुमार - बीएलओ, मदन मौर्य, शोभनाथ यादव , कंचन, नीलम एवं रसोइया माता सरोजा आदि अभिभावक भी शामिल रहे।






## आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का क्रास केस हुआ दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा बलवा व गाली गलौज का क्रास केस दर्ज किया है।

लालगंज कोतवाली के छत्तू पट्टी ढिंगौसी गांव निवासी प्रेम बाबू के पुत्र विनय तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है

कि उन्नीस अप्रैल को शाम छह बजे रंजिशन पूरे तिलकराम गांव के मोती लाल के पुत्र उमेश तथा गुड्डू के पुत्र अनूप व रामराज के पुत्र सत्यम तथा छोटई के पुत्र मुकेश एवं सत्तू के पुत्र ललित तथा गुड्डू की पत्नी लालजी व ललित की पत्नी रेनू ने उसे जान से मार डालने की नियत से फावड़े से हमले में चोट पहुंचाई।

शोर मचाने पर आरोपियों ने लाठी डंडे व लोहे के राड से भी हमलाकर बीच बचाव में आए सुरेशनाथ के पुत्र कल्लू व विनीत को भी मारपीटकर चोटहिल कर दिया। हमले में सिर पर चोट लगने से पीड़ित बेहोश हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी किन्तु केस नहीं दर्ज किया गया। तब उसने सीओ से फरियाद की। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि केस दर्ज किया गया है सत्यता के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## चोरों ने साठ हजार नकदी समेत उड़ाए जेवरात, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज के सराय संग्राम सिंह गांव में दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने कमरे में रखे साठ हजार नकद व महिलाओं के लाखों के कीमती जेवरात चोरी कर लिए।

गांव के श्रीराम पटवा के घर के पीछे शनिवार की रात चोर घुस गए। चोरों ने पीछे के दरवाजे का तालातोड़ दिया। घर में घुसकर बदमाशों ने बक्से में रखे साठ हजार नकद व पीड़ित की पत्नी के गहने चुरा लिए। पीड़ित श्रीराम पटवा फुटपाथ पर बाजार में गल्ले की खरीद व बिक्री का करोबार किया करता है। पीड़ित का कहना है कि रूपये व्यापारिक कारोबारी के सिलसिले में घर में रखा गया था। रविवार की सुबह पीड़ित व उसकी पत्नी ने घर के भीतर चोरी का नजारा देखा तो दंग रह गये। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



## रूकमणि विवाह में उड़े अबीर गुलाल, मगन हुए श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूरे विद्या धर हुलासगढ़ में हो रही श्रीमद्भागवत भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मगन हो उठे। कथा के दौरान बाल कलाकार श्रीकृष्ण व रूकमणि के वेश धारण कर पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने इनका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। उत्सव में महिलाओं द्वारा भजन, सोहर के साथ भक्ति संगीत की भी प्रस्तुति आध्यामिक वातावरण को सुगंधित कर उठी दिखी। कथा व्यास पं0 जयशंकर शुक्ल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि जो भक्त प्रेमी श्रीकृष्ण रूकमणि के विवाह उत्सव का दर्शन किया करते हैं उनका वैवाहिक जीवन भी सुखमय हुआ करता है। उन्होंने बताया कि देवी रूकमणि साक्षात लक्ष्मी जी की अवतार हैं। कथा की मुख्य यजमान विद्या देवी व बद्री प्रसाद मिश्र ने ब्यास पीठ का पूजन अर्चन किया। सहसंयोजन शारदा प्रसाद मिश्र पंकज व विकास मिश्र, जे.पी. ने किया। व्यवस्था व प्रसाद वितरण प्रधान रोहित मिश्र व पिंटू, प्रशांत, देव आदि द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ वेदव्यास शुक्ल, आचार्य राजेश मिश्र, श्याम जी मिश्र, डॉ रामा शुक्ल, बबलू द्विवेदी, बीरेंद्र कुमार मिश्र, राम जी मिश्र आदि रहे।



## आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण को लेकर रविवार को केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे कैथन समापुर निवासी रामसेवक वर्मा के पुत्र रामसरन वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि इसकी नाबालिग पुत्री साधना को बीती तेईस अप्रैल को नौ बजे सुबह गांव के आरोपी राजकुमार पुत्र रामपियारे गुप्ता व कार्तिकेय गुप्ता पुत्र बबलू गुप्ता बहला फुसलाकर भगा ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया है।

## शक्ति नगर पूरे ईश्वर नाथ में बह रही कथा सरिता मे गोता लगा रहे श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शक्ति नगर पूरे ईश्वर नाथ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य धर्मानंद जी महाराज ने कल की कथा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए ध्रुव चरित्र का व्याख्यान करते हुए कहा कि उत्तानपाद के वंश में ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा व्यास आचार्य धर्मानंद जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवदभक्त ध्रुव के सत्कर्मों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान महराज ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। भागवत कथा के आज तीसरे दिन ध्रुव चरित अजमिल एवं प्रहलाद चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिए कथा के साथ साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किए गए। साथ ही प्रतिदिन श्री भागवत महापुराण की आरती के बाद भजन कीर्तन आयोजन भी परिजनों व स्थानीय लोगों के द्वारा किया जा रहा है आज की कथा में मुख्य यजमान श्रीमती लीलावती एवं श्री रामचन्द्र उपाध्याय के साथ ही सुनील सुशील कुलदीप आशुतोष अभिषेक अतुल अनुपम संकटमोचन संकटमोचन शिवम सुंदरम सत्यम कुंजूलाल राजस तेजस डॉ सिमरन उपाध्याय व राजेश्वर प्रीतम उपस्थित रहे



## लोकसभा चुनावों हेतु नियुक्त विधान सभा एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों की बैठक हुई सम्पन्न




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी, कार्यालय, इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनावों हेतु नियुक्त विधान सभा एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी, के सचिव व नवनियुक्त प्रतापगढ़ प्रभारी राकेश मौर्य मौजूद रहे। जिनका प्रतापगढ़ कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया द्य बैठक में नियुक्त किये गए विधान सभा प्रभारियों व ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को सूची जारी की गई। जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में आज से ही लग कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ0 एस0पी0सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाकर केंद्र में सरकार बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। प्रतापगढ़ जनपद के सातों विधान सभाओं के प्रभारियों की नियुक्ति कर सूची प्रकाशन के लिए प्रेषित है।

1- विधान सभा का नाम- पट्टी
प्रभारी का नाम- श्री महेंद्र शुक्ल- 9415370883

2- विधान सभा का नाम- रानीगंज
प्रभारी का नाम- श्री राम लवट यादव- 9415628275

3- विधान सभा का नाम- सदर
प्रभारी का नाम- डॉ0प्रशांत देव शुक्ल- 9984259025

4- विधान सभा का नाम- विश्वनाथगंज
प्रभारी का नाम- डॉ0अजय सिंह- 8052328000/7390040028

5- विधान सभा का नाम- रामपुर खास
प्रभारी का नाम- डा0वी0के0सिंह- 9415577840/7905005989

6- विधान सभा का नाम- बाबागंज
प्रभारी का नाम- श्री योगेश यादव- 9036546495

7- विधान सभा का नाम- कुण्डा
प्रभारी का नाम- श्री करुण पाण्डेय- 8318822426

- प्रतापगढ़ जनपद के सभी सत्रह विकास खंडों (ब्लॉकों) के कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति कर सूची सादर प्रकाशन हेतु प्रेषित है।

1- ब्लॉक का नाम- आसपुर देवसरा
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री महेंद्र भान सिंह- 9415962839

2- ब्लॉक का नाम- पट्टी
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री राम रतन तिवारी- 9005369200

3- ब्लॉक का नाम- मंगरौरा
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री अशोक सिंह %मुन्ना%- 9450185967

4- ब्लॉक का नाम- बाबा बेलखरनाथ धाम
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री विजय शंकर त्रिपाठी- 9451767046

5- ब्लॉक का नाम- गौरा
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव- 9451055754

6- ब्लॉक का नाम- शिवगढ़
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री जावेद अहमद खान- 7753836164

7- ब्लॉक का नाम- सदर
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री आशुतोष तिवारी- 9935310031

8- ब्लॉक का नाम- संडवा चंडिका
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री सुरेश कुमार मिश्र- 8564829705

9- ब्लॉक का नाम- मान्धाता
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री विजय प्रताप त्रिपाठी- 7355964139

10- ब्लॉक का नाम- लक्ष्मणपुर
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री संजय शुक्ला- 7388598066

11- ब्लॉक का नाम- लालगंज
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री अमिताभ शुक्ल- 9415190290

12- ब्लॉक का नाम- सांगीपुर
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री बिंदेश्वरी पटेल- 8423577001

13- ब्लॉक का नाम- रामपुर-संग्रामगढ़
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री सुरेंद्र सिंह उर्फ ददन सिंह- 8887811061

14- ब्लॉक का नाम- बिहार
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री इन्द्रानंद तिवारी- 9450101900

15- ब्लॉक का नाम- बाबागंज
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री हरिश्चन्द्र सरोज- 9793295005

16- ब्लॉक का नाम- कुंडा
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री नागेंद्र पांडेय- 9453900777

17- ब्लॉक का नाम- कालाकांकर
कोऑर्डिनेटर का नाम- श्री दिलीप कुमार गौतम- 9455416482

## चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन आरोपियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट तथा गाली गलौज व जानलेवा धमकी को लेकर उदयपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पिंजरी निवासी फिराज खान ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेईस अप्रैल को रंजिशन गांव के अब्दुल रज्जाक, करामत अली, जानेआलम, व इरफान ने दरवाजे पर लाठी डंडे से लैश होकर हमला बोल दिया। आरोपियों ने घर में भी घुसकर पीड़ित को मारापीटा। शोर मचाया तो आरोपी गाली देने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देकर चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है मुकदमा दर्ज किया गया है, जांचकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## हाईस्कूल में अच्छा अंक हासिल होने पर अंजली यादव सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार,प्रतापगढ़।** बाघराय आर एस बी इंटर कालेज सुंदरगंज की छात्रा अंजली यादव काअच्छा अंक प्राप्त करने पर एक समारोह के दौरान यादव महासभा के जिला महामंत्री शिवधन यादव ने माल्यार्पण व मिठाइयां खिलाकर अभिनन्दन किया । अंजली के पिता हरिश्चंद्र यादव निवासी रामकोला उमरापट्टी ने भी बेटी अंजली का स्वागत किया । स्वागत के दौरान बेटी अंजली ने अचछी शिक्षा ग्रहण कर शिक्षिका बन समाज को विद्या दान देने की बात कही । विद्या दान से बड़ा कोई दान नहीं। इस मौके पर बिमलेश लालचंद रामप्रकाश झब्बर यादव राहुल आदि ने शुभकामनाएं दी।

## चोरों ने रात के अंधेरे में चुराया नल

**सुवंसा,प्रतापगढ़।** फ़तनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनंद चौरसिया सुत श्रीनाथ चौरसिया का आरोप है कि 27 अप्रैल दिन शनिवार को रात में सो रहे थे। तभी चोरों ने घर के बाहर लगे नल को खोल लिया तथा लेकर चले गए। जब नींद खुली तो देखा ,उक्त व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले । काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका ।इस संबंध में पीड़ित ने फतनपुर थाने में तहरीर देकर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। मामला पट हटिया कला नहर के पास का है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक को घर में घुसकर पीटा

**उदयपुर,प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिंजरी गांव निवासी फिरोज खान पुत्र अब्दुल खालिक ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि 23 अप्रैल सुबह साढ़े नौ बजे अपने दरवाजे पर कार्य कर रहा था । इसी बीच गांव के अब्दुल रज्जाक उर्फ गुड्डू पुत्र अब्दुल सादिक खान, करामत उर्फ सोनू पुत्र सब्बीर, जाने आलम पुत्र बदरुजमा, इरफान उर्फ राजू पुत्र साबान एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा, सरिया से मारने लगे। किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर भागा तो घर में घुसकर मारने लगे द्य हल्ला गुहार लगाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पुलिस ने जाँच कर अरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है

## दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफतार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना अंतू के उ0नि0 राकेश चौरसिया ने मय हमराह का0 जितेन्द्र यादव, का0 संदीप यादव द्वारा देखभाल एवं क्षेत्र विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/24 धारा 363, 366, 376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रिंकू ओझा उर्फ प्रदीप ओझा पुत्र रामकृपाल ओझा निवासी बढ़ा का पुरवां शिवराजपुर थाना अंतू, क्षेत्र के लोहंगपुर बैरियर के पास से गिरफ्तार किया ।

## अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिवस पर मरीजों को फल वितरित

**प्रतापगढ़-** अपना दल एस जिला अध्यक्ष बृजेश पटेलक्षऔर उनकी पूरी टीम द्वारा अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया सिंह पटेल के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों में फल का वितरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर अपना दल एस के कार्यकर्ता साथियों ने जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल के नेतृत्व में फल वितरण कार्यक्रम को संपन्न कराया ।इस मौके पर राज कुमार पाल प्रदेश अध्यक्ष, जीत लाल पटेल विधायक विश्वनाथ गंज, कमलेश पटेल प्रदेश सचिव, फहीम भाई प्रदेश सचिव अल्प संख्यक मंच, विजय सिंह प्रदेश सचिव व्यापार मंच, माता लक्खू चौधरी राष्ट्रीय सचिव महिला मंच,राजेश पटेल, चंद्रभान पटेल,जीत लाल पटेल,राम सिंह, शिवम् शर्मा, पंकज पटेल, रामचंद्र पटेल, नेहा गुप्ता, सत्य प्रकाश,राम मिलन,राम बहादुर,आदि लोग मौजूद रहे ।

## आरपीएफ ने चलाया अभियान छः ई रिक्शा का हुआ चालान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल ने रविवार को अभियान चलाकर करीब छः ई रिक्शा का नो इंट्री में चालान कर दिया। इससे हड़कंप मचा हुआ है। एक दिन पहले भी नौ वाहनों का चालान किया था। टेंपो और ई रिक्शा चालकों की भीड़ ने सर्कुलेटिंग एरिया की बैंड बजा कर रख दी है। इनकी वजह से यात्री स्टेशन जा, आ नहीं सकता है। समूचे परिसर में इनका कब्जा है। आरपीएफ और जीआरपी वाले भी ध्यान नहीं देते हैं। केवल फोटो खिंचवा कर अफसरों को अपनी मुस्तैदी दिखाते हैं। वाहनों के अतिक्रमण का मामला डीआरएम तक पहुंचा तो उन्होंने सभी जिमीदारों को कर्रा किया। नतीजा यह निकला कि आरपीएफ कार्रवाई के मूड में सड़क पर उतर आई हैं। वह पकड़ पकड़ कर चलाना कर रही है। ख़ास बात यह है कि वह अपने चहेतों को टच नहीं कर रही है। यही लोग बाद में बिचौलिया बनकर उसके लिए दलाली करते हैं। हालांकि रविवार को कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। उपनिरीक्षक मंजीत डबास ने बताया कि नो इंट्री के मिले कई ई रिक्शा को पकड़कर लाया गया है। कार्रवाई चल रही है।

## विवाद में दबंग पड़ोसियों ने पूर्व प्रधान व उनके बेटों को पीटकर किया लहूलुहान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** मामूली विवाद को लेकर दबंग पड़ोसियों ने पूर्व प्रधान वह उनके दो बेटों को लाठी रहने से मारपीट गंभीररूप से घायल कर दिया। वादी की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने ईलाज के लिए सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शेषपुर निवासी पूर्व प्रधान दुखीराम तिवारी पुत्र श्याम सुंदर तिवारी का पड़ोसी राम बहादुर यादव से मनमुटाव चल रहा था। दुखी राम तिवारी के खेत से राम बहादुर यादव के गेहूं की खड़ी फसल के खेत में पानी चले जाने से दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बीच बचाव करने से मामला शांत हो गया। पूर्व प्रधान दुखीराम तिवारी के विरोधियों ने झगड़े के लिए उकसाकर राम बहादुर से बदला लेने के लिए प्रयास शुरू कर दिया। फिर क्या था कुछ ही देर बाद राम बहादुर पक्ष के लोग लाठी डंडा लेकर पूर्व प्रधान के घर पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दुखीराम तिवारी तथा उनके बेटे रामचंद्र तिवारी व घनश्याम तिवारी को लहूलुहान कर दिया।

दुखीराम तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती कराया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

## सीएचसी कुंडा में मरीजों को फल वितरित



**कुंडा प्रतापगढ़।** रविवार को चिल्ड्रेन ऑफ अर्थ संस्था के द्वारा संस्था के सदस्य शुभम त्रिपाठी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया। इस मौके पर सीएससी अधीक्षक डॉ राजीव त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर शिव प्रसाद मिश्रा, संस्था के सचिव डॉ. अर्पित कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. संदीप पाण्डेय ,लावलेशानंद , सुरेश पांडेय , नागेश शुक्ला ,मनीष पांडेय, भुवनेश्वर त्रिपाठी , वरिष्ठ पत्रकार शिवराम गिरी , कुलदीप , डॉ विकास , धीरज सिंह मनगढ़, सन्यासी जी महाराज, विपुल मिश्रा, अमित मिश्रा, रजत केसरी, शिव शंकर मौर्य, संदीप पाल, पंकज सरोज ,वैभव शुक्ला समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ मौजूद रहे।

# माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आज उदयन सभागार में कुल 242 माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार गोंड ने सभी माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों/ दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय ने माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि माइक्रो आब्जर्वर वे पर्यवेक्षक होते हैं,जिन्हे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान प्रक्रिया एवं मतदान दल के आचरण का अवलोकन करना होता है ताकि मतदान प्रक्रिया की स्वतन्त्रता एवं निष्पक्षता प्रभावित न हो।

ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्योंध् दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारीध् प्रशिक्षण देते हुए कहा कि माइक्रो आब्जर्वर सामान्य पर्यवेक्षक के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे तथा आवंटित मतदान केन्द्रों में संचालित समग्र निर्वाचन प्रकिया का अवलोकन करेंगे। मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण अवलोकन करेंगे। मॉक पोल की प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे। मतदान अभिकर्ताओं, निर्वाचन अभिकर्ताओं या किसी राजनीतिक दल द्वारा की गयी शिकायतों को ट्रैक करेंगे तथा शिकायत की प्रकृति एवं गम्भीरता को भी समझेंगे। जब भी माइक्रो आब्जर्वर को लगे कि किसी कारण से निर्वाचन प्रक्रिया का पालन भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार नहीं हो रहा, हो तो सामान्य पर्यवेक्षक को तत्काल सूचित करेंगे।

सामान्य आब्जर्वर द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करेंगे। मॉक पोल के दौरान मतदान अभिकर्ताओं एवं राजनीतिक दलों की उपस्थिति पर नजर रखेंगे। यह देखेंगे कि सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा मतदान केन्द्र का दौरा भ्रमण किया जा रहा है या नहीं। यह देखेंगे कि मतदान केन्द्र के भीतर कोई अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश तो नहीं कर रहा आदि जानकारीध् प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहें।

# किशोरी के भगाने के आरोप में युवक पर केस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में लगभग बारह दिन पहले मोहल्ले का एक युवक एक किशोरी को जबरन भगा ले गया, किशोरी की खोजबीन के बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक पर किशोरी को भगा ले जाने का केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के उंचारावा गांव में 16 अप्रैल को गांव का ही एक युवक 17 वर्षीय किशोरी को जबरन भगा ले गया , परिजनो ने किशोरी की खोजबीन के बाद सुराग नहीं लगने पर गांव के एक युवक पर किशोरी को भगा ले जाने की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की , पुलिस ने आरोपी रोहित सोनकर के विरुद्ध किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# दुर्गापुर हत्याकांड में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ किया रिपोर्ट दर्ज

## रात के समय भंडारा में दावत खाकर घर लौट रहा था युवक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में शनिवार की रात भंडारा में दावत खाकर घर लौट रहे युवक रामानुज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हत्या की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई।युवक की पुरानी रंजिश में गोली मारकर हत्या की बात सामने आई है।इसके पहले भी रामानुज पर हमला हो चुका था। सिर और सीने में तीन गोलियां लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और इंस्पेक्टर मय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

पिपरी क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी रामानुज सिंह उम्र 32 वर्ष किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार शनिवार की रात वह गांव में आयोजित भंडारा में दावत खाने गया था।दावत खाने के बाद वह अकेला घर लौट रहा था।इसी दौरान रास्ते में घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उस पर ताबड़ तोड़ गोलियां बरसा दीं।

तीन गोलियां लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर परिवार के साथ-साथ गांव के सैकड़ो लोग पहुंच गए। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार और इंस्पेक्टर बृजेन्द्र करवरिया मय पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से मिले तहरीर के मुताबिक पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफहत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के सुराग में जुट गई है।

# प्रत्याशी चाहे जाऊन होय चुनाव बाद नाही दिखात



**बारा, कौशाम्बी।** लोकसभा के चुनावी चर्चा के दौरान ग्रामीणों का कहना है भाई हरो प्रत्यासी चाहे जाउन होय चुनाव बाद नाही दिखात अरे साहेब चुनाव आवत नेतवा बीस बीस गाड़ी से रोड मा देखाय लागे वोट के बाद कौनाओ पूछाई वाला नही आय खाली बड़ाई बड़ाई दुआर दिखात है लेकिन वोट तो मोदी का देब दूसरे का वोट देब दूसरे का दाईन देब तो सरकाराय न रही लेकिन कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कभो न कभो सरकार तो बदली न हम तो साइकिल चलौब और तो यहां तक कहीं कि सबसे नीक तो हाथी थी लेकिन वोट तो जरूर करब जो सरकार बनी होई का वोट दीना। आबे हम कुछाओ नही जानत है यह चर्चा बेरौचा और गुरौली में चुनावी चर्चा समाप्त हुई।

# भानीपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के भानीपुर के एक घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी जलकर खाक हो गई , दूसरी घटना रूप नारायण पुर गोरियों गांव में खेत में अज्ञात कारणों से आग लगने से गेहूं के बोझ जलकर खाक हो गया सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियो ने पानी की बौछार कर आज पर काबू पाया।कड़ा धाम के भानीपुर गांव में बीती रात नंदलाल मौर्य पुत्र रामप्रताप के घर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई इस दौरान घर की गृहस्थी समेत नकदी व अनाज जलकर खाक हो गया , सूचना पर सिराथू फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। दूसरी घटना सिराथू तहसील क्षेत्र के रूप नारायण पुर गोरियों गांव में मनोज कुमार गुप्ता पुत्र छत्रपाल के खेत में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई इस दौरान खेत में रखा गेहूं की बीस बोझ के करीब फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। जिसके बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

# पूर्वमंत्री ने सपा से दिया इस्तीफा, पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सपा के कद्दावर नेता व दो बार सिराथू विधानसभा से विधायक व मंत्री रहे मतेश चंद्र सोनकर ने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है , रविवार को पूर्वमंत्री ने प्रेसवार्ता कर इस बात की जानकारी दी।

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता , पूर्व विधायक व पूर्वमंत्री मतेश चंद्र सोनकर ने रविवार को अपने सैनी स्थित आवास पर प्रेसवार्ता कर बताया की 1996 से 2007 तक सिराथू विधानसभा का विधायक व मंत्री रहा । साथ ही पूर्वमंत्री ने बताया की समाजवादी पार्टी में संपूर्ण रूप से सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया । 2022 में सिराथू विधानसभा से सपा प्रत्याशी पल्लवी पटेल के चुनाव में समर्थन देते हुए प्रमुख भूमिका निभाई वही उसी दरमियान खागा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए आवेदन किया लेकिन टिकट नहीं दिया गया ।

पूर्वमंत्री मतेश चंद्र सोनकर का आरोप है की सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के विरोध के चलते विधानसभा व लोकसभा चुनाव में आवेदन के बाद भी टिकट नहीं दिया गया जिससे समाज के हजारों लोगो की भावनाओं को आहत किया गया है । साथ ही पूर्वमंत्री ने आरोप लगाते हुए बताया की पी डी ए के तहत पूरे प्रदेश में सोनकर समाज को भागीदारी नहीं दी गई जिससे सोनकर समाज पूरे प्रदेश में सपा से नाराज है ।

पूर्वमंत्री ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए पत्र सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजा है ।

# गोहरा महरूफपुर उर्फ रजईपुर में हैण्डपम्प खराब होने से पानी की किल्लत



**कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशाम्बी के गोहरा महरुफपुर उर्फरजईपुर में लगे हैण्डपम्प पानी देन बंद कर दिया। तेलियाना टोला,और यादव मोहल्ला के पास लगा नल पानी देना बंद कर दिया। आपको बता दें कि गर्मी अभी शुरू हुई और नल में पानी आना बंद हो गया काफी परिश्रम के बाद पानी निकलता है गांव के नाजिम, टुन्नू यादव,नागराज ,पिंटू,कमलेश,लाल दास आदि का कहना है कि इमाम बड़ा के पास लगा नल रिबोर के योग्य हो गया है लेकिन जिम्मेदार अनजान बन कर बैठे है जबकि मोहल्ला के लोगों को पानी के लिए उधर उधर भटकना पड़ता है।

# भूमिधरी जमीन में गड्ढा खोदने पर दबंगो ने की मारपीट, दो महिलाएं जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित अपनी भूमिधरी जमीन में गढ्ढा खोदने लगा जिस पर दबंग गढ्ढा बंद करने लगे , पीड़ित के विरोध करने पर दबंगो ने बीच बचाव के लिए आई महिलाओ के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया , पीड़ित की शिकायत पर पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेज जांच पड़ताल में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के चंदेलन का पुरवा गांव के रहने वाले चंद्रशेखर पुत्र स्व शारदा प्रसाद ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की शनिवार की शाम अपनी भूमिधरी जमीन में खाद व गोबर का गढ्ढा खोद रहा था , तभी गांव के दो दबंग जबरन गढ्ढे में मिट्टी डालने लगे, चंद्रशेखर का आरोप है की विरोध करने पर गाली गलौच कर दबंग मारपीट करने लगे बीच बचाव के लिए आगे आई पत्नी व मां के साथ भी मारपीट कर दबंगो ने गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए कड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण, 55 लाभार्थियों को बना गोल्डेन कार्ड



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। (08) सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रो मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। डा0 सुष्पेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने निरीक्षण के लिए आदेशित किया उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एच0पी0मणि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर , टेवा का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.के.डी. सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चायल व गौसपुर का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 चिकित्साधिकारी व 113 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1018) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (21) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (055) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आए अधिकतर लूज मोशन के मरीज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेवां में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आए हुए मरीजों में अधिकतर लूज मोशन मौसमी बुखार सर दर्द के मरीजों की संख्या ज्यादा रही साथ ही मवई निवासी समीर बानो को पेट से संबंधित समस्याएं थी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज संभव न हो सकते के कारण डॉक्टर इरशाद अहमद ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया वही टेवां निवासी निर्मला देवी को डायबिटीज की दवा दी गई अल्पकली देवी को हाइपरटेंशन की दवाई उपलब्ध कराई गई शुभम कुमार उम्र निवासी को बुखार एवं प्रीति देवी निवासी टेवां को लूज मोशन के बाद बुखार था जिन्हें डिप देकर डॉक्टर इरशाद अहमद ने इलाज किया इस तरह कुल मिलाकर लगभग40 मरीजों को जन आरोग्य मेले का लाभ प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के दौरान नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर इरशाद अहमद, फार्मासिस्ट विजय शंकर सिंह, वार्ड बॉय शिवधारी पाल, एलए

# सपा प्रत्याशी ने क्षेत्र का भ्रमण कर मांगा समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कौशांबी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज व पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज ने रविवार को चायल विधानसभा क्षेत्र के चायल तहसील, चौराह, पचासा, गेरिया, मेडुवापुर, फरीदपुर, सिंहपुर, डीहेपर, चौराडीह, शाना सटई का समर्थको संग भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए अपार जनसमर्थन दिया। भ्रमण के दौरान पुष्पेंद्र सरोज ने सपा की नीतियों को बताते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा कराए गए विकास कार्यो को गिनाते हुए लोकसभा चुनाव में समर्थन की अपील किया। इस मौके पर उनके साथ सपा विधानसभा अध्यक्ष चायल, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव महिला सभा सोनी चौधरी सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

## पारस कोचिंग इंस्टीट्यूट ने मेधावियों को किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** यू0पी0 बोर्ड के जारी हुए हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में पारस कोचिंग इंस्टीट्यूट के बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में आशीष पांडेय 93.83, शिवम सिंह, 93.66, संजय सिंह 92 प्रतिशत, अनुज यादव 91.33, ज्ञान दत्त मिश्र 91.16, राज वर्मा 90.33, विपिन यादव 90.16, हनी दिवाकर 88.83, असमिया 88.33, मानवी कुशवाहा 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त की। इंटरमीडिएट में मिस्बा फातिमा 94.2, रूबी देवी 94 प्रतिशत, सचिन 92.8 प्रतिशत, अभिषेक कुमार 90.8 प्रतिशत, अंचल यादव 89.8 प्रतिशत, आशीष कुमार 89.2 प्रतिशत, मो0 शादाब 89.2 प्रतिशत, सतेंद्र सिंह यादव 87.2, अंजली दिवाकर 86.8, ज्ञानेश्वर कुमार 86.2 प्रतिशत पारस कोचिंग इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ0 पारस देववंशी जी के द्वारा संस्थान में टॉप आए हुए सभी स्टूडेंट्स को माला पहना कर सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सभी स्टूडेंट्स को एग्जाम में सफल होने के उपलक्ष्य में मिठाइयां खिला कर उनका हौसला अफजाई किया गया और उन्हें आगे कामयाब होने का आशीर्वाद भी दिया गया। इस मौके पर समर अब्बास रिजवी (डायरेक्टर), सुमंत सर एवम् चंदन सर आदि शिक्षक गण उपस्थित रहें।

# मामूली बात को लेकर दबंगो ने की मारपीट, चार जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** पैंसा थाना क्षेत्र के एक गांव में भिड़ी तोड़ने जा रहे व्यक्ति को दबंगो ने मारपीट कर जख्मी कर दिया , बीच बचाव के लिए बेटी , बहू व बेटे को भी दबंगो ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया । पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की।

पैसा थाना क्षेत्र के थोन का मजरा नंदा का पुरवा गांव की रहने वाली राजरानी पत्नी गया प्रसाद ने पैसा पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की रविवार की सुबह उसके पति गया प्रसाद खेत की ओर भिंडी तोड़ने जा रहे थे। राजरानी का आरोप है की इस दौरान रास्ते में पड़ोस के रहने वाले आधा दर्जन के करीब दबंग लाठी डंडों से लैश उसके पति के साथ मारपीट करने लगे , शोर शराबा सुनकर बेटी रंजना बीच बचाव के लिए पहुंची तो दबंगो ने उसके साथ भी मारपीट कर लाकेट छीन लिया , बहू सुशीला देवी व बेटा दिनेश कुमार भी बीच बचाव के लिए पहुंचे तो दबंगो ने सुशीला देवी को धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज छानबीन में जुट गई है। मामले में थानाध्यक्ष जगदीश कुमार का कहना है की घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है जांच कर कार्यवाही की जा रही है ।

# सड़क हादसे में बाइक सवार रेलवे कर्मी घायल

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी बाजार में रविवार दोपहर बाइक सवार रेलवे कर्मी को पिकअप ने टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार रेलकर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने उसे उठाकर पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। मोहम्मदपुर गांव निवासी विनोद कुमार सेन उर्फ गुड्डू रेलवे विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। वह रविवार दोपहर बाइक से मनौरी बाजार सामान लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान 16 मार्केट के समीप बेकाबू पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार रेलकर्मी बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल को उठाकर पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती

# जी सिंह लॉ कॉलेज में फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** जी सिंह लॉ कॉलेज सहसों प्रयागराज में सीनियर बच्चे जो की बीए एलएलबी फाइनल ईयर में है उनको जूनियर बच्चों द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। जिसमें कॉलेज के पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं जो की एलएलबी एवं बी ए एलएलबी में पढ़ने वाले हैं। उन्होंने मिलकर अपने सीनियर को फेयरवेल पार्टी दी जिसमें कॉलेज के डायरेक्टर प्रदीप सिंह सर प्रिंसिपल पीसी सरोज वाइस प्रिंसिपल आशुतोष शुक्ला और तमाम फैकल्टी कि वहां उपस्थिति रही। बच्चों द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके बाद वही के छात्र एवं छात्रों द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें म्यूजिकल चेयर कंपटीशन , सोलो सिंगिंग सोलो डांस कार्यक्रम के अंत



में कॉलेज प्रशासन द्वारा सभी बच्चों के लिए स्वल्प आहार की व्यवस्था की गई थी और अंतिम में सभी बच्चों ने मिलकर एक बेहतरीन डांस किया। वहीं डायरेक्टर सर और प्रिंसिपल सर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और अगले आगामी 1मई से बच्चों की वार्षिक परीक्षा आरंभ हो रही है, प्रधानाचार्य द्वारा सभी को शुभकामनाएं के साथ आशीर्वाद दिया गया। फैकल्टी मेंबर में विवेक ,विजय,प्रदीप , प्रीति ,रुचि की उपस्थिति रही एवं छात्रों में विनोद कुमार शर्मा ,शिवम पांडे ऋषभ मिश्रा ,योगिता ,खुशी मिश्रा ,प्रीति ,आकांक्षा त्रिपाठी आदि द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

## सम्पादकीय

# चुनाव आयोग से फिर ठनी

उद्धव ठाकरे की चुनाव आयोग से फिर ठन गई है। उनके नेतृत्व वाले गुट को आवंटित चिह्न 'मशाल' की थीम सांग में 'भवानी' का उल्लेख हुआ है।आयोग इसे हिन्दू धर्म की देवी का पर्याय मानते हुए बदलने को कहा है। चुनाव में धार्मिक संज्ञाओं, प्रतीकों, नारों आदि के उल्लेखों की सिद्धांतत~ मनाही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अत~ पार्टियों से अपेक्षा है कि वे किसी एक धर्म और उनके प्रतीकों के आधार पर प्रचार न करें।वोट न मांगें। इससे उस सर्वसाधारणता की भावनाओं की अवज्ञा हो जाती है, जिसका आदर संविधान का मूल अभिप्राय है। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि 'भवानी' नाम महाराष्ट्र, जिसमें इसके सभी धर्मो-विासों के नागरिक रहते आए हैं, वह छत्रपति शिवाजी के बलिदानों की पावन कर्मभूमि है, जिन्होंने 'भवानी' का नाम लिया है। शिवाजी माने महाराष्ट्र। इन्हीं शिवाजी के नाम पर उनके पिता बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना, जो पिछले साल बंट गई थी, की बुनियाद रखी थी। वे इस शब्द को नहीं बदलेंगे।उद्धव का यह रवैया आयोग से रार मोल लेने जैसा लगता है। इसलिए भी कि आयोग और न्यायालय ने बाला साहेब के मताधिकार को छह साल तक के लिए निलंबित कर दिया था। तब उन्होंने चुनावी भाषण में हिन्दू वर्चस्व के आधार पर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की वकालत की थी। पर उद्धव का मामला इससे भिन्न है।उन्हें आयोग से शिकायत है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर्नाटक विधानसभा चुनाव एवं गृहमंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश चुनाव में क्रमश~ बजरंगबली के नाम पर बटन दबाने एवं चुनाव बाद राम मंदिर के मुफ्त दर्शन के उल्लेखों पर आंखें मूंद लेता है। इस बाबत लिखे गए उनके शिकायती पत्र का जवाब तक नहीं देता है। क्यों?इसका जवाब दिए बगैर उद्धव के विरु द्ध कोई कार्रवाई क्या मुनासिब होगी? आयोग समथरे को दोषी नहीं मानता है तो वह समदर्शी कैसे हो सकता है? फिर चुनाव दर चुनाव में लग रहे 'जय.राम' के नारे को क्या कहा जाएगा? दरअसल, 'मशाल' गीत के बोल और उसका संदेश शिकायत की एक बड़ी वजह है।इसमें 'तानाशाही' को खत्म करने की बात कही जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि यह मूल शिवसेना की थीम सांग की तरह लोगों को उद्धव गुट की तरफ खींचेगा। जिन वगरे को यह गीत संबोधित है, उसके आधार की एकमात्र प्रवक्ता आज कोई और पार्टी हो गई है। नोटिस का यह भी एक कारण है-उद्धव को लगता है। इनके बावजूद उन्हें नोटिस का तर्कपूर्ण उत्तर देना चाहिए। आयोग को भी इस पर विचार करना चाहिए।




**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि**–आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपकी सेहत पहले से काफी बेहतर रहेगी। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम पूरा होने में समय लग सकता है, लेकिन शाम तक पूरा हो जायेगा। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। इस राशि की महिलाएं ऑनलाइन कोई रेसिपी सीख सकती हैं।

**मिथुन राशि**–आज आपका दिन पॉजिटिब रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप मेहनत से अपनी पहचान बनाएंगें। आपके कार्यो की सराहना होगी। कुछ नए विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। किसी रिश्तेदार के घर दावत पर जाएंगे, जहां सभी लोग इंजॉय करते हुए नजर आएंगे।

**कर्क राशि**–आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आज आपको ऐसी जगह से बुलावा आएगा, जहां आप कई दिनों से गए न हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है। आज आपको पैसे की जरूरत होगी, वह किसी करीबी से मिल जाएगा। करियर को लेकर आज आप किसी अनुभवी से सलाह लेंगे।

**सिंह राशि**–आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन... काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या राशि**–आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आज आप व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, राजनीति से जुड़े लोगों को सभा संबोधित करने का मौका मिलेगा। नौकरी के क्षेत्र में आपको सफलता मिलने की संभावना है।

**तुला राशि**–आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से फोनकॉल के द्वारा शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक राशि**–आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढेगा। अगर आप लेखन के क्षेत्र से जुड़े हैं तो आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**धनु राशि**–आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी पार्क में घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे। सिलाई का काम करने वालों को... अपने कस्टमर से अच्छा लाभ होगा।

**मकर राशि**–आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको जरूरत से ज्यादा सोचने से बचना चाहिए। बच्चे आज आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपको प्रसन्नता होगी। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। कहीं रुका हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा। आज आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे, कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग कारगर साबित होगा।

**कुंभ राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है।

**मीन राशि**–आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। किसी उलझन से आज आपको छुटकारा मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सामाजिक दायरा और सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।

# कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी



**अशोक भाटिया**

हाल ही में राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ीज जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह बात राहुल गांधी और अखिलेश यादव की बढ़ती नजदीकियों पर तंज कसते हुए कही और इस बात को उन्होंने अपनी कई जनसभाओं में दोहराया भी । यह पहली बार नहीं है जब यह जोड़ी बनी है और बुरी तरह फ्लॉप हो चुकी है । इस जोड़ी का इतिहास खंगाले तो चूँकि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है इसलिए देश के सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में सभी राजनीतिक दल जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में जुट गये हैं। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और विभिन्न विकास परियोजनाओं के सहारे सभी सीटों पर जीत का दावा कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को भी राज्य में सम्मानजनक लड़ाई लड़ने की उम्मीद है।उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुखे यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 'इंडिया' गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी सात चरणों के तहत मतदान होगा, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त हो रहा है ।2019 के आम चुनाव में राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 62 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (सोनेलाल) दो सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था।वहीं कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट पर जीत हासिल करने में सफल हुई थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 10, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) ने पांच सीटों पर जीत हासिल



की थी। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) 2019 आम चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी थी।लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को नीत राष्टे ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को राज्य से अधिक उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेंे द्र मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव मैदान में हैं, जहां काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्र का पुनर्निर्माण सहित कई विकास परियोजनाएं शुरू की गयी हैं।

भाजपा सूबे में मोदी की लोकप्रियता और हिंदुत्व के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है साथ ही राज्य के छोटे दलों के समर्थन से भी पार्टी को मजबूती मिल रही है। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की राजग में वापसी से भाजपा को पूर्वांचल क्षेत्र में मजबूती मिली है।राजभर को हाल ही में योगी आदिते यनाथ नेतृत्व की सरकार में मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। इसी तरह, रालोद के नेता जयंत चौधरी के समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने के कदम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजग का काम आसान होने की उम्मीद है, जहां जाटों और कृषक समुदाय का वर्चस्व है। जयंत चौधरी के दादा और किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न की हालिया घोषणा ने स्पष्ट रूप से इस समीकरण को और मजबूती प्रदान की है।वहीं विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भी राज्य में अपनी खोई जमान बनाने में जुटा है। सपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बाद आखिरकार दोनों दलों के बीच सीट-बंटवारे पर समझौता हो गया, जिससे 'उप्र के लड़कों' की पुरानी यादें ताजा हो गई। राज्य में 2017 विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच गठबंधन के बाद 'उप्र के दो लड़कों' की यह जोड़ी प्रसिद्ध हुई थी हालांकि चुनाव परिणामों में गठबंधन को मुंह की खानी पड़ी थी।हालांकि उत्तर प्रदेशमें हालिया राज्यसभा चुनावों से संकेत मिला कि सपा के भीतर अभी भी सब कुछ ठीक नहीं है। सपा के आठ से अधिक विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के लिए 'क्रॉस वोटिंग' की थी, जिनमें पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय भी शामिल थे। कुछ राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पांडेय को अब रायबरेली से भाजपा का टिकट मिल सकता है, जो लंबे समय से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का गढ़ रहा है। सोनिया के चुनाव न लड़ने के बाद कांग्रेस खेमा चाहता है कि प्रियंका गांधी वाद्रा रायबरेली से चुनाव लड़ें।सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक नया नारा 'पीडीए' दिया है, जिसका मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन तीनों वर्गों के बड़ी संख्या में मतदाता हैं। वहीं मायावती ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ सीट बंटवारे पर समझौता नहीं करेंगी।भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में विशेष रूप से 'पिछड़े' पसमांदा मुसलमानों को लक्षित करते हुए अल्पसंख्यकों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए हैं। मोदी सरकार में तीन तलाक उन्मूलन को भी मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के प्रयास के रूप में पेश किया गया है। हालांकि अब तक भाजपा द्वारा घोषित 51 उम्मीदवारों की पहली सूची में किसी मुस्लिम उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गयी है।भाजपा की सूची में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा प्रमुख उम्मीदवारों में लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, मथुरा से हेमा मालिनी और खीरी से अजय मिश्र 'टेनी' शामिल हैं। वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपने हिस्से की 17 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में है। वहीं सपा 43 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है व कमी लगी तो खुद भी चिनावी मैदान में उम्मीदवार के रूप कूद पड़े है ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, एवं टिप्पणीकार**

# आपकी एक वोट इस देश व बच्चों का भविष्य तय करेगी



**मनोज कुमार अग्रवाल**

18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए तथा दूसरे चरण में 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। दोनों ही चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर चेतावनी है।क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था से इस देश की करीब आधी आबादी का मोहभंग तो नहीं हो गया है? मतदान के प्रति इतनी अरूचि की वजह क्या है? देश इस समय दो विचार धारा के आमने सामने खड़ा है एक विचार सबका साथ सबका विकास का पक्षधर है जबकि दूसरी विचार धारा साम्यवाद वर्ग विशेष के तुष्टिकरण को स्वीकार करती है।आप का एक वोट देश से आतंकवाद के सफाए की मुहिम को बल दे सकता है आपका एक वोट समान नागरिकता कानून को मूर्त रूप दे सकता है यह तय करेगा कि देश शरियत से चलेगा या संविधान से चलेगा। यह तय करेगा कि स्कूल जाती बेटियों को सुरक्षित वातावरण कौन देगा? यह तय करेगा कि तुष्टिकरण के चलते माफिया और दंगाइयों को सत्तर साल तक मिला संरक्षण खत्म होगा या नहीं? यह तय करेगा कि देश में अराजकता बदअमनी पत्थरबाजी करने वालों पर नियंत्रण किया जाएगा या नहीं? यह तय करेगा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा होगी या नहीं? यह तय करेगा कि भारत की ओर आंख उठा कर देखने वालों पर सर्जिकल स्ट्राइक करने वाला नेतृत्व मिलेगा या नही।

गौर तलब है कि एक ओर हम निर्वाचित सरकार से तमाम तरह की अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वही हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलने के लिए तैयार नहीं हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेवार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान देने योग्य है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते हैं तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार सरकार चुनने के लिए मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का वहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अपराध से कम नहीं है। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर भी विचार हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। निर्वाचन आयोग ने काफी हद तक मतदान को सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार में चुनाव , तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रतिवद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। अब भारत में भी नोटा का अधिकार मौजूद है हालांकि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रवधान को हटाया जा चुका है। यूं कहे कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटाया गया है। अमेरिका में नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। जबकि रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा को हटाया जा चुका है। है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों बुद्धिजीवियों राजनीतिक विश्लेषकों , कानूनविदों के बीच नोटा को लेकर गंभीर वहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। मौजूदा दोनों चरण के मतदान के दोरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार की इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर इस बार चुनाव काफी शांति पूर्ण तरीके से व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो रहा है।।पश्चिमी बंगाल और कुछ अशांत अन्य क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने केंद्रीय बल की बड़ी तादाद में तैनाती की गई है जिसके परिणाम स्वरूप अपेक्षाकृत बेहतर ढंग से सम्पन्न हो रहा है।विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों का भी फर्ज है देश भर में आम चुनाव के लिए मतदान केन्द्र कुछ कुछ ही है दूरी पर बनाए जाते है ताकि अपनी सुविधा के अनुसार मतदाता मतदान कर सके। इन दिनों गर्मी का मौसम और शादी विवाह का सीजहोने के वावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए। एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्ये कता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के वावजूद मतदान प्रतिशत 50ङ60/ङ्रप्रतिशत होना यह जाहिर करता है कि आधे नागरिक मतदान करने को ही गैरजरूरी मान बैठे हैं। यह मानसिकता बेहद खतरनाक संकेत है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के भविष्य को चुनौती है। लोकतंत्र की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती कि देश का हर एक नागरिक सत्ता की बागडोर को सौंप ने की प्रकिया में भागीदारी करे देश में भाषा क्षेत्र जाति धर्म वर्ण के आधार पर किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से नहीं रोक सकता है। हमारी व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है।

ऐसे में मतदान का वहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक वार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव सकता है। इसलिए मतदान को अपन कर्तव्य समझ कर घर से वाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। ताकि यह आजादी जिस के लिए हमारे अनगिनत पूर्वजों ने बलिदान दिया तब गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आजादी हासिल की है इसकें महत्व को समझना होगा और मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा।ताकि लोकतंत्र जीवित रहे **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# अपनी डाइट में शामिल करें स्ट्रॉबेरी का जूस, मिलेंगे स्वस्थ त्वचा समेत ये स्वास्थ्य लाभ

गर्मियों में आप स्वस्थ जूस की तलाश कर रहे हैं तो स्टॉबेरी जूस को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। स्ट्रॉबेरी का जूस पोषण और स्वाद का बढ़िया मिश्रण है, जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है और संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखता है।यह विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और पोटैशियम से भरपूर होता है। इसमें पानी की मात्रा भी अधिक होती है, जिसके चलते यह जूस शरीर को हाइड्रेटेड रखता है।आइए जानते हैं स्ट्रॉबेरी जूस से मिलने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ।

**वजन घटाने में करता है मदद**

स्ट्रॉबेरी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और एलेजिक एसिड मौजूद होता है। ये दोनों खनिज अपने सूजन कम करने वाले गुणों और वजन घटाने से संबंधित हार्मोन को नियमित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं।स्ट्रॉबेरी के जूस का सेवन करने से शरीर में एडिपोनेक्टिन संश्लेषण को बढ़ावा मिलता है , जो वसा को जलाकर चयापचय में सुधार करता है।स्ट्रॉबेरी से बनी ये 5 रेसिपी खाकर बच्चों से लेकर बड़े भी खुश हो जाएंगे।

**त्वचा में आता है निखार**

स्ट्रॉबेरी का जूस पीना निखरी त्वचा पाने में आपकी मदद कर सकता है। इसमें पाया जाने वाला अल्फा-हाइड्रॉक्स एसिड त्वचा को प्राकृतिक तरीके से एक्सफोलिएट करने और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में सहायक साबित होता है।साथ ही स्ट्रॉबेरी जूस में मौजूद सैलिसिलिक और एलेजिक एसिड मुंहासों, काले धब्बों और हाइपरपिग्मेंटेशन को कम करने के लिए जाना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और सोडियम एस्कॉर्बिल फॉस्फेट के कारण त्वचा में निखार आता है।



**स्वस्थ**

**गर्भावस्था**

गर्भवती महिलाओं के लिए स्ट्रॉबेरी जूस का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह जूस फोलेट का एक अच्छा स्रोत होता है, जो गर्भावस्था के दौरान माओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी होता है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार इसके सेवन से न्यूट्रल ट्यूब दोष को रोका जा सकता है, जो तंत्रिका का एक गंभीर जन्म दोष है।गर्भावस्था के दौरान इन चीजों को अपने पास जरूर रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य होता है दुरुस्त**

अगर आपको रोजाना तनाव और चिंता महसूस होती है तो डाइट में स्ट्रॉबेरी का जूस जोड़ने से फायदा मिल सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मस्तिष्क के ऊतकों को मुक्त कणों से बचाते हैं।इसके अलावा स्ट्रॉबेरी का जूस एंथोसायनिन से भरपूर होता है, जिसे पीने से मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त किया जा सकता है। एक शोध में पाया गया है कि स्ट्रॉबेरी जूस के सेवन से लोगों की याददास्त और सोचने की शक्ति भी मजबूत होती है।

**कोलेस्ट्रॉल होता है नियंत्रित**

स्ट्रॉबेरी के जूस को खान-पान में शामिल करने से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। एनआईएच के अनुसार, इसमें पेक्टिन नामक घुलनशील फाइबर होता है।यह फाइबर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है और दिल के स्वास्थ के लिए भी फायदेमंद होता है। मेडिकल जर्नल मेटाबोलिज्म में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि स्ट्रॉबेरी खराब कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकती है।स्ट्रॉबेरी खाना किडनी रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।

# जानें केला खाना कब खतरनाक, क्यों शरीर के लिए जहर बन जाता है इतना फायदेमंद फल

केला वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करता है. चूंकि वात बिगड़ने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं.ऐसे में केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है.हालांकि, कई बार केला खाना नुकसान कर सकता है.

केला वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करता है. चूंकि वात बिगड़ने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं.ऐसे में केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है.हालांकि, कई बार केला खाना नुकसान कर सकता है.

केला खाने से एक-दो नहीं बल्कि 80 तरह की बीमारियां दूर हो सकती है. यह काफी पौष्टिक और फायदेमंद फल है. इसे खाने से शरीर ताकतवर बनता है और कई तरह समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है.

हालांकि, कई बार यह खतरनाक भी हो सकता है और सेहत को नुकसान पहुंचाने लगता है. यही कारण है कि आयुर्वेद में कुछ लोगों को केला खाने से मना किया जाता है. आइए जानते हैं किन लोगों को केला भूलकर भी नहीं खाना चाहिए...

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, केला सेहत का सच्चा दोस्त होता है. यह पौष्टिक तत्वों का खजाना होता है. इसमें विटामिन सी, फाइबर, पोटैशियम, मैंगनीज, विटामिन बी 6, एंटीऑक्सीडेंट ग्लूटाथियोन, फेनोलिक्स, डेल्फिडिनिन, रुटिन और नारिंगिन पाया जाता है, जो वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करते हैं.

आयुर्वेद कहता है कि वात के बिगड़ने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं. इसमें ड्राइनेस, हड्डियों में गैप, कब्ज जैसी कई समस्याएं हैं. इसलिए केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है.

वैसे तो केला हर किसी को फायदेमंद माना जाता है. हालांकि, आयुर्वेद के अनुसार, केले की प्रकृति ठंडा होता है और यह पचने में हैवी होता है. केला लुब्रिकेशन का काम भी करता है. अगर किसी की बॉडी ड्राई रहती है या हमेशा थकान लगती है तो उसे केला खाना चाहिए. इसके अलावा अच्छी नींद न आने, गुस्सा आने, बहुत प्यास लगने, शरीर जलन होने पर केला खाना चाहिए.

आयुर्वेद के मुताबिक, केला कफ दोष को बढ़ा देता है. इसलिए जिनका कफ ज्यादा है, उन्हें केला गलती से भी नहीं खाना चाहिए. क्योंकि कफ के बढ़ने से जठराग्नि कमजोर है तो यह उसे स्लो कर देगा. अगर किसी की चर्बी ज्यादा है, खांसी-जुकाम की समस्या है और कोई दमा का मरी है तो उसे केला नहीं खाना चाहिए.



# सत्ताधारी सरकार जन विरोधी है युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर छलावा-डॉ. एसपी सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विश्वनाथगंज विधानसभा के इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा में विशाल जनसभा का आयोजन सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा मा. प्रमोद तिवारी व पूर्व मंत्री/विधायक मा. इन्द्रजीत सरोज विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष श्री गुलशन यादव, डा. उमर हसन, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव रहे।कार्यक्रम के आयोजक डॉ. एसपी सिंह पटेल पूर्व एमएलसी प्रत्याशी 39- लोकसभा प्रतापगढ़ जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की ये चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है ये देश को बचाने का चुनाव है हम सभी एकजुट होकर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ जुट जायें और तब तक न रूके जब तक जीत सुनिश्चित न हो जाए क्षेत्र में जनता के बीच जाये लोगों को बतायें सत्ताधारी सरकार जन विरोधी है युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर छलावा किया गया है महंगाई चरम पर है फ्री राशन के नाम पर लोगों को गुलाम बनाया जा रहा है शिक्षा का महंगी की जा रही है इलाज के नाम पर लोग दर दर भटक रहे हैं संविधान को ख़त्म की साज़िश की जा रही है। इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर घोषणापत्र के अनुसार सभी वर्गों के लिए पहली बैठक में वादे पूरे किये जायेंगे।इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, नीरज त्रिपाठी, इरफान खान, दिनेश उपाध्याय, एजाज अहमद अश्वनी सोनी, अहमद अली, जकी खान, प्रदीप यादव, वासिक खान, मनीष पाल, राजकुमार प्रजापति, सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



## सालाना उर्स मस्तान शाह बाबा में कौवालो ने बांधा समा

**फूलपुर।** थाना अंतर्गत मैलहन रोड पर कुतुबपुर गांव में लबे सड़क स्थित हजरत मस्तान शाह बाबा की मजार पर सालाना उर्फ पर बीती रात जहां अकीदत मन्दों ने बाबा की मजार पर सिन्नी व चादरपोशी करके दुआये मागी। वही कमेटी के पूर्व अध्यक्ष महमूद अहमद ने बाबा के दरबार में हाजिरी देकर मुल्क और कौम की खुशहाली तरक्की व तहफ्फुज की दुआ मांगी। पूरी मजार व मेला मैदान रंगीन रोशनी से नहाया हुआ था। मजार के मैदान में रात भर महिलाओं पुरुषों ने जमीन पर बैठकर कौवाली का मजा लिया। राशिद फैजाबादी एवं नगमा बानो बनारसी के मध्य कौवाली का मुकाबला हुआ। राशिद कौवाल ÷यहां जान जाती है मुझे इसका गम नहीं, आबरू भारत की न जाने पाए लाल हरे रंगों में हमको ना बांटो मेरी छत पर एक तिरंगा रहने दो÷ आदि कलाम से लोगों के दिलों में देश प्रेम भर दिया ।

# करंट से झुलसे विद्युत संविदा कर्मी की इलाज के दौरान मौत

## सप्ताह भर पूर्व विद्युत पोल पर चढ़कर तार जोड़ते समय हुआ था हादसा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**विहार प्रतापगढ़।** विद्युत करेंट से एक सप्ताह पूर्व झुलसकर गंभीर रूप से घायल विद्युत लाइनमैन संविदा कर्मी की इलाज के दौरान प्रयागराज में निधन हो गया। जानकारी पर परिजनों कर रो-रोकर बुरा हाल है।

बाघराय थाना क्षेत्र के पूरे भीटी नैन निवासी संजीव सिंह 43 वर्ष पुत्र हरिशंकर सिंह विद्युत उपकेंद्र बाघराय में विद्युत संविदा कर्मी लाइनमैन के पद पर कार्य था। एक सप्ताह पूर्व विभागीय आदेश पर शिट डाउन लेकर 11000 पावर बोल्ट की लाइन के खंभे पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। इसी दौरान पावर हाउस से बिना जानकारी दिए ही लाइन चालू कर दी गई। जिसके कारण संजीव सिंह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस कर खंबे के नीचे गिरकर करंट से झुलसने व ऊपर से गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।



इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया था। जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए आखिरकार वह जिंदगी की जंग हार गया। शनिवार की रात्रि में उसकी सांसे थम गई। मौत की खबर से परिजनों में रोने चिल्लाने से कोहराम मच गया। घर का वही अकेला कमाऊ सदस्य था। पति व पिता का सर से साया हटने के बाद विधवा पत्नी समेत बेटी गुनगुन सिंह 14 वर्ष बेटा उज्जवल 12 वर्ष प्रज्वल 9 वर्ष की कैसे होगी परवरिश व देखभाल, कौन बनेगा भविष्य का सहारा। यही सोच-सोचकर परिजन परेशान व हैरान है। बिजली विभाग के कर्मचारियों में भी शोक की लहर व्याप्त है।

# बारात में शामिल होने जा रहे युवक को दबंग ने लाठी डंडे से जमकर पीटा

**बीरापुर** -बारात में शामिल होने जा रहे युवक को दबंग ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची पत्नी को भी जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग फरार हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कंधई थाना क्षेत्र के अमहरा गांव निवासी गांव संतोष कुमार हरिजन पुत्र जय राम का आरोप है कि वह घर के बगल छोटेलाल यादव के बेटी की शादी में आई बारात में शामिल होने के लिए जा रहा था। इस दौरान उसे सुनील प्रजापति उर्फ भंडारी शराब के नशे में धुत मुझे रोक लिया। गेहूं की मड़ाई न करने पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा सरिया से जमकर मारा पीटा। इसमें उसे सर सहित कई जगह पर गंभीर चोटें आई हैं। हल्ला गुहार सुनकर उसकी पत्नी कुसुम बीच बचाव को आई तो उसकी पत्नी का बाल पड़कर गिरा दिया। उसे भी लात घूसे डंडे से मारा पीटा। जबकि एक सप्ताह पूर्व पत्नी की डिलीवरी थी उसका टांका भी टूट गया काफी लोगों को इकट्ठा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला इस मामले में पीड़ित ने क्षेत्राधिकार पट्टी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

# दबंग भू माफिया ने जेसीबी से अधिवक्ता का मकान कराया ध्वस्त

## पुलिस के शह पर दबंगों के हौसले बुलंद, पीड़ित का मुकदमा भी न लिखने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** बैनामा लेकर सड़कके किनारे बनाए अधिवक्ता के मकान को दबंग भूमाफिया ने जेसीबी से खाली घर को ध्वस्त कर दिया। सुबह जानकारी पर पीड़ित अधिवक्ता ने थाने पर नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अधिवक्ता को पुलिस ने आश्वासन देते हुए टरका दिया है।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोड़री गांव निवासी पूर्व प्रधान व अधिवक्ता रामसिंह यादव ने बाबागंज हीरागंज रोड पर पुरैली मखदुमपुर गांव में सड़क के किनारे बैनामा की जमीन लेकर सीमेंट की सीट से मकान बनवाया था। मकान बनवाने के समय किसी को कोई आपत्ति नहीं थी। कुछ दिन बाद गुजवर गांव का दबंग भूमाफिया मूलचंद जायसवाल बीते 10 अप्रैल को अचानक पहुंचकर अपनी जमीन बताकर तोड़फोड़ करने लगा। जानकारी गृह स्वामी को पहुंचने पर दबंग लोग चले गए। पीड़ित पक्ष ने संग्रामगढ़ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन दबंगों से प्रभावित पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। जिससे दबंग भू माफिया के हौंसले बुलंद हो गए। 27 अप्रैल की रात्रि मूल चंद्र जायसवाल व उसके बेटे तथा 15-20 अज्ञात लोग जेसीबी मशीन के साथ पहुंचे। ताला बंद खाली घर को जेसीबी से पूरी तरह से ध्वस्त करा दिया। सुबह जानकारी पर हड़कंप मच गया। पीड़ित गृह स्वामी ने नामजद तहरीर देकर दबंग दबंग भू माफिया के खिलाफ मुकदमा करवाने की मांग की। लगता है कि संग्रामगढ़ पलिस दबंगों से प्रभावित होने के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही हैं। जबकि पीड़ित अधिवक्ता न्याय के लिए गुहार लगा रहा है। लगता है तेज तर्रार ईमानदार पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद ही अधिवक्ता को न्याय मिल पाएगा।

## घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा चोरी

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत जारी बाजार नहर पुलिया के समीप शुक्रवार की बीती रात घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा चोरी हो गयी।जारी बाजार निवासी संजय केशरवानी रोज की तरह शुक्रवार को रात 10 बजे ई रिक्शा चलाकर अपने घर के सामने खड़ी किया था। जब शनिवार को सुबह सोकर उठा तो घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा नही दिखा तो आस पास काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नही चला जिससे सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुँची पुलिस जांच में जुटी।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने मात्र से ही मिलती है मन को शांति- स्वामी ओम नन्द महाराज

**प्रतापगढ़।** सदर क्षेत्र के पूरे माधोसिंह में अधिवक्ता रमाकांत त्रिपाठी के आयोजकत्व में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास स्वामी ओम नंद महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कथा व्यास महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। इस दौरान महराज ने श्रीकृष्ण के विभिन्न लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस मौके पर मुकेश त्रिपाठी, प्रेमा देवी, बबिता, संदीप, सुष्मिता, भावना त्रिपाठी,मानस त्रिपाठी सहित कथा का श्रवण किया।

# लोकसभा चुनाव: फूलपुर और इलाहाबाद के लिए नामांकन आज से

## तैयारी पूरी निर्वाचन आयोग के नियमों का पूरी तरह कराया जाएगा पालन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन शुरू होगा। दोनों ही सीटों पर भाजपा व इंडिया गठबंधन ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बसपा ने भी फूलपुर से उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया है,

लेकिन अभी किसी भी दल की ओर से नामांकन करने की तारीख घोषित नहीं की गई है। ऐसे में पहले दिन नामांकन के लिए बहुत गहमा-गहमी की उम्मीद नहीं है। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से नामांकन की पूरी तैयारी की गई है।

फूलपुर सीट के लिए निर्वाचन अधिकारी डीएम नवनीत सिंह चहल होंगे।

इस सीट के लिए नामांकन भी डीएम न्यायालय कक्ष में होगा। वहीं, इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के आरओ सीडीओ गौरव कुमार बनाए गए हैं। इस सीट के लिए नामांकन सीआरओ कक्ष में होगा। फॉर्म की बिक्री व नामांकन दिन में 11 से तीन बजे के बीच होंगे। नामांकन छह मई तक किया जा सकेगा। पांच मई को रविवार है। ऐसे में उस दिन नामांकन नहीं होगा। इस तरह से कुल सात दिन नामांकन किए जा सकेंगे। नामांकन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नामांकन के दौरान प्रशासन की जुलूस आदि गतिविधियों पर नजर रहेगी, उनकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसके लिए विशेष टीम गठित की गई है। निर्वाचन अधिकारी कक्ष से 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों को अधिकतम तीन वाहनों के साथ आने की अनुमति होगी।

लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार से शुरू हो रही नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलक्ट्रेट परिसर छावनी में तब्दील रहेगा। यहां पुलिस के साथ ही पीएसी का भी पहरा होगा। प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी एक आईपीएस अफसर पर होगी। इसके अलावा बड़ी संख्या में एसीपी, इंस्पेक्टर, एसआई व कांस्टेबल भी तैनात किए जाएंगे।

इसके अलावा दो एडीसीपी की भी तैनाती की जाएगी। नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके तहत पुलिस के साथ पीएसी के जवानों को भी मुस्तैद किया जाएगा। आउटर व इनर दो कॉर्डन में बांटकर नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आउटर कार्डन में पीएसी के जवान, जबकि इनर कॉर्डन में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

नामांकन स्थल पर पीएसी की दो कंपनियों के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की भी एक गाड़ी तैनात रहेगी। इसके अलावा चार एसीपी, 19 निरीक्षक, 36 दरोगा, 36 हेड कांस्टेबल, 74 कांस्टेबल, 25 महिला कांस्टेबलों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। नामांकन स्थल के प्रवेश द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर भी लगाया जाएगा।

नामांकन प्रक्रिया में किसी तरह का अवरोध न हो, इसके लिए कचहरी रोड पर नामांकन अवधि में डायवर्जन भी लागू किया जाएगा। प्रत्याशियों के साथ नामांकन स्थल के बाहर तक बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के भी पहुंचने की संभावना है।

ऐसे में कचहरी रोड पर यातायात सुचारु रखना बड़ी चुनौती होगी। इसे देखते हुए 29 नवंबर से ही डायवर्जन लागू करने का निर्णय लिया गया है।इसके तहत कचहरी रोड की तरफ मेयोहाल चौराहे से आने वाले रास्ते पर पुलिस क्लब और लक्ष्मी टॉकीज चौराहे की ओर से आने वाले रास्ते पर पुलिस कार्यालय के पास से बैरिकेडिंग की जाएगी। यहां से आगे सिर्फ अधिवक्ताओं और प्रत्याशियों को जाने की अनुमति होगी। अन्य वाहनों को संपर्क मार्गों से डायवर्ट कर गंतव्य तक भेजा जाएगा।

### चुनाव कार्यक्रम

अधिसूचना - 29 को जारी होगी

नामांकन - 29 अप्रैल से छह मई तक दिन में 11 से तीन बजे के बीच
जांच -सात मई को सुबह 11 बजे से

नाम वापसी - नौ मई को दिन में तीन बजे तक
चुनाव चिह्न का आवंटन - नौ मई को दिन में तीन बजे के बाद

मतदान - 25 मई
मतगणना - चार जून को मुंडेरा मंडी परिसर में

# भाजपा प्रत्याशियों को मिला शक्ति का साथ

## भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने दिया समर्थन

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देगी। इस बात की घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी ने रविवार को सिविल लाइन्स स्थित शंकर लाल स्मारक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में की।

श्री अवस्थी ने कहा कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी और भगवती मानव कल्याण संगठन देश के 160 जिलों में काम कर रहा है। पार्टी ने देशभर में कुल 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने का निर्णय किया है। उत्तर प्रदेश में पार्टी इलाहाबाद, फूलपुर, अयोध्या, गोरखपुर और वाराणसी आदि सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को व्यक्तिगत तौर पर और बिना किसी शर्त के समर्थन दे रही है। यह निर्णय पार्टी के संस्थापक मध्य प्रदेश में शहडोल जिले की व्योहारी तहसील स्थित पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के स्वामी परमहंस योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी



महराज के निर्देश पर लिया गया है। उन्होंने फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल की सराहना करते हुए कहा कि वह बहुत ही सरल और मिलनसार व्यक्ति हैं। राजनीति में कम ही लोग ऐसे मिलते हैं। प्रेसवार्ता में मौजूद प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और इलाहाबाद व फूलपुर सहित चार लोकसभा सीटों के प्रभारी अनिल राजभर ने समर्थन देने के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संस्थापक परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में फाफामऊ के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष पाल, संगठन मंत्री सर्वेश श्रीवास्तव और भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष गायत्री चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। इलाहाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने भी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी से मिलकर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और चुनाव पर चर्चा की।

# भूमि विवाद में लाठी-डंडे से पीटकर दिव्यांग महिला की हत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के तवकलपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। घटना में एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए ।तवकलपुर खरगापुर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिछले दो-तीन दिनों से दो पक्षों में कहासुनी और विवाद चल रहा था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने मामले की सूचना सोरांव पुलिस को दिया था। पुलिसिया कार्रवाई न होने के चलते रविवार को दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान लाठी डंडे चलने के साथ ही जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीया मुकबधिर महिला प्रेमलता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिजनों की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

सोरांव थाना क्षेत्र के तवकलपुर खरगापुर गांव के रहने वाले बच्चा लाल के दरवाजे पर स्थित तकरीबन दो धूर जमीन पर पड़ोस के रहने वाले दबंग किस्म के राम अवतार व अंकित आदि ने दबंगई के बल पर जबरन

### आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

कब्जा करने लगे। जिसे लेकर पिछले दो-तीन दिनों से दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को लोगों ने दिया था। लोगों की मानें तो अत्यधिक तनाव होने के बावजूद भी पुलिस किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की थी।

आरोप है कि दबंगों द्वारा रविवार को बच्चा लाल के घर के सामने की जमीन पर जबरन कब्जा किया जाने लगा। यह देख जब बच्चा लाल व उसके परिजन विरोध करने लगे तो उक्त दबंग किस्म के तकरीबन आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे तमंचा से लैस होकर हमला बोल दिया। जिसके चलते बच्चा लाल यादव की पत्नी प्रेमलता 40 वर्ष, सुनीता देवी, दीपक यादव, राम पुकार, सुभाष चंद्र समेत आधा दर्जन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया।

जिससे प्रेमलता को गंभीर चोटे आने के कारण डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां ले जाते समय प्रेमलता की रास्ते में मौत हो गई। मामले को लेकर मृतका का पति बच्चा लाल ने सोरांव थाने में राम अवतार, अंकित समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर प्रेमलता की मौत की सूचना सुन परिजनों में कोहराम मच गया।

## लाठी डंडे से पीट पीटकर महिला की हत्या, आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**इस्माइलपुर( प्रयागराज)।** सोरांव थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर के तौकलपुर खरगापुर गांव में जमीनी विवाद में रविवार सुबह एक महिला की लाठी डंडे से पीट पीटकर महिला प्रेम लता की हत्या कर दी गई। मृतक महिला के पति बच्चा लाल यादव ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जबकि अन्य फरार बताए जा रहे हैं। बताया गया कि उक्त गांव निवासी बच्चालाल यादव और रामअवतार के बीच आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच उक्त जमीन पर सुलह समझौते की तीन चार बार पंचायत हुई थी।

# दस महीने के अंदर बदल गयी उतरांव थाने की तस्वीर, शत प्रतिशत अपराधी सलाखों के अंदर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतरांव।** दस महीने के अंदर उतरांव थाने की तस्वीर बदल चुकी है।शत प्रतिशत मुकदमों में वांछित अभियुक्त पकड़ कर जेल भेज दिये गये। वहीं पुलिस की तेज और त्वरित कार्यवाही से अपराधियों की शामत आ गयी है। लोगों को न्याय मिलने से थाने पर भीड़ बहुत कम लगती है। काबिले गौर बात यह है कि थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी 14 जुलाई 2023 को थाने का चार्ज लिया है। तब से शत प्रतिशत अपराधी सलाखों के पीछे है। बड़ी वारदातों का तुरंत खुलासा और अपराधी पकड़ कर तत्काल जेल भेजें गयें ।बताया जाता है कि उन्होंने थाने का चार्ज लिया तो सर्वप्रथम थाने पर आने वाले दलालों की छुट्टी कर दी। जिससे थाने पर भीड़ बहुत कम हो गई। थानाध्यक्ष के द्वारा 10 महीने के अंदर संगीन अपराधों में विचरण कर रहे वांछित 60 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे कर दिया। यहीं भर नहीं 10 महीने के अंदर थानाध्यक्ष की त्वरित और तेज कार्रवाई से घटित संगीन वारदातों में अपराधियों को कुछ घंटे के अंदर जेल जाना पड़ा है। 18 मार्च 2024 की रात को मोतिहां गांव के युवक रंजीत कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 19 मार्च को पुलिस ने रंजीत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनास्थल पर मिले एक चश्मे की वजह से थानाध्यक्ष ने 24 घंटे के अंदर वारदात को अंजाम देने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। इसी प्रकार क्षेत्र के दमगड़ा गांव में 7 मार्च 2024 को मामूली बात को तूल पकड़ा कर दो समुदाय के लोग आपस में भीड़ गए। जिसमें थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों से संगीन धाराओं में वांछित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 13 नवंबर 2023 को क्षेत्र के छबिलहां गांव में अनिल कुमार श्रीवास्तव की परिवार के लोगों ने हत्या कर दी थी। थाना अध्यक्ष ने आरोपित चारों अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 24 अक्टूबर 2023 को बेनीपुर गांव के पास अवधेश यादव को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। जिसमें वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 13 अगस्त 2023 को उतरांव पुलिस ने शराब तस्करों से लगभग 25 लाख की शराब को बरामद किया। 30 मार्च 2024 को बाइक चोरों के गिरोह को दबोच कर पुलिस ने 13 बाइकें बरामद किया। पकड़े गए बाइक चोर कई थाना क्षेत्रों में बाइक चुराकर पुलिस की नाक में दम कर दिया था। 18 मार्च 2024 उतरांव पुलिस ने रेहथू गाँव में छापा मारकर 80 लाख रुपये की अफीम बरामद किया है। इस गाँव में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी। इसी क्रम में 24 अप्रैल 2024 को हाईवे ज्ञान लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को थानाध्यक्ष ने दबोचकर उनके पास तमंचा, चाकू और लूटी गयी बाइक, रुपया, आधार बरामद कर जेल भेज दिये गये। लूट की घटना का 8 घंटे में ही खुलासा हो गया। लुटेरे हंडिया के ढोकरी, सराय मंसूर के सुरेन्द्र पासी, अमन पासी, अंशु पासी है। 27अप्रैल 2024 को थानाध्यक्ष ने एक ऐसे जानवर प्रवृत्ति अपराधी दबोचा जो समोधीपुर गाँव का है। जो मानवता को शर्मसार कर दिया ।वह तीन साल की मासूम बेटी के साथ अमानवीय कुकर्म किया । जिसे जेल की हवा खानी पड़ी।

# मृत व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा कर कराई लाखों के जमीन की रजिस्ट्री

**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र के नैका महीन गांव में एक मृत व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ाकर लाखों की जमीन का बैनामा करा लिया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई तो शुक्रवार को अधिवक्ता समेत आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नैका महीन गांव निवासी संध्या चंद्रा करीब चार दशक से मकान बनाकर यहां रहती हैं। मकान की खाली जमीन पर उन्होंने बागवानी की है। उक्त जमीन संध्या ने असल भू स्वामी सीताराम से खरीदी थी। भूस्वामी सीताराम का 1997 में देहांत हो गया। इस वजह से महिला संध्या जमीन का बैनामा नहीं करा सकी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर यहां के कुलदीप भारतीय निवासी उस्तापुर महमूदाबाद झूंसी व अजय कुमार निवासी बडनपुर इस्माइलगंज थाना थरवई ने सीताराम के नाम का फर्जी दस्तावेज तैयार किया।भू स्वामी सीताराम की जगह सीताराम पुत्र रामस्वरूप निवासी खानपुर डाडी बीबीपुर उग्रसेनपुर थाना सरायममरेज को खड़ाकर 27 दिसंबर 2022 को बैनामा करा लिया। सीताराम का फर्जी दस्तावेज तैयार करने में शुभम उर्फ टीटू निवासी उस्तापुर, महमूदाबाद व गवाह प्रशांत कुमार भारतीया निवासी उस्तापुर महमूदाबाद, शिवकुमार निवासी धनपालपुर दलीपुर थाना बहरिया तथा बैनामे में मृतक सीताराम को जीवित पहचान करते हुए मसौदा तैयार करने वाले तहसील फूलपुर के अधिवक्ता अजय कुमार व उनके साथ अन्य सहयोगियों ने अहम भूमिका निभाई।

जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से बीते 18 मार्च को आरोपी महिला के घर पहुंचे। आरोप है कि गालीगलौज और धमकी देकर जमीन में लगे फलदार पौधों को काटने के साथ ही चहारदीवारी ढहाने का प्रयास किया गया। शुक्रवार को कुलदीप भारतीय, अजय कुमार, सीताराम, शुभम उर्फ टीटू, प्रशांत कुमार, शिव कुमार और अजय कुमार व उसके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है।

## किसान विरोधी, नवजवान विरोधी भाजपा सरकार- रेवती रमण सिंह

**प्रयागराज।** भाजपा ने किसानों नवजवानों को छलने का काम किया उक्त बातें पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में कोरांव में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं उन्होंने कहा कि आज सभी वर्ग परेशान हैं मंहगाई बेरोजगारी चरम पर हैं इसलिए रोटी पलटने का समय आ गया।कार्यक्रम के विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, शेखर बहुगुणा, पप्पू निषाद, अरुण तिवारी, रामदेव निडर, लल्लन सिंह, विनय कुशवाहा, जयशंकर भारतीय, राविंद्र यादव, जयप्रकाश पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, आशा राम पाण्डेय, बब्लू शुक्ला आदि रहे।

# एण्टी रोमियों टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

चित्रकूटः नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलों चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिला, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी 112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। साथ ही मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। इसी क्रम में महिलाओं, बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही बताया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओं एवं बालिकाओं का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो, मनचलों द्वारा आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन जांच कर लोगों से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो, मनचलों को हिदायत, कार्यवाही की जाती है।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक राहुल सिंह तथा उनकी टीम द्वारा भइयालाल यादव निवासी गढीवा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार राजापुर थाना के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा मुन्ना सिंह उर्फ हेमराज निवासी बरुआ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाए उसी का नाम है श्रीकृष्ण लीला - दीक्षित



चित्रकूटः ईश्वर केवल भाव के वश में हैं। वह भक्तों का भाव प्रेम ही देखकर द्रवित हो जाते हैं। परमात्मा निराकार, निर्गुण होकर भी भक्तों के लिए सगुण साकार रूप में अनेकों स्वरूप धारण कर धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं।धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भक्त अगर दो हाथों से बुलाता है तो प्रभु चतुर्भुज रूप में आते हैं। चार वेद, वर्ण, आश्रम, सम्प्रदाय एवं विप्र, धेनु, सुर, संतो के लिए ही भगवान चतुर्भुज रूप में आकर कहते हैं, हे जीव चिंता न करो मै तुम्हारी इन चारो हाथों से रक्षा करूंगा। जो कार्य ईश्वर का अनेक रूपों में संभव नहीं होता वह कार्य एवं अनेक वरदानों को पूर्ण करने के लिए द्वापर के अंत में लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण आकर उन वरदानों को पूर्ण कर वह यशोदा नंदन सब कुछ करने में समर्थ, लेकिन उस कार्य का यश स्वयंमेव श्रीकृष्ण अपने ग्वालो, राधा एवं ब्रजवासियों को प्रदान करते हैं। यही तो उस परमात्मा की विचित्र लीलाएं हैं। श्रीकृष्ण लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाए, अपने सहज स्वरूप को प्राप्त हो जाए उसी का नाम श्रीकृष्ण लीला है। ईश्वर की संपूर्ण लीलाएं जो तन्मयता से प्रदान करती है। ब्रह्म सुख आनंद जो स्थापित करे वहीं प्रभु कथा है। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव का दर्शन कराते हुए बताया कि जब जीवन में मर्यादा आएगी तभी श्रीकृष्ण कथा को श्रवण कर ईश्वर के नाम, रूप, लीला, धाम का सहज आनंद प्राप्त कर सकते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बधाईयों की धूम में संपूर्ण पांडाल श्रीकृष्णमय हो गया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गीत पर श्रोता झूम उठे।

# प्रोजेक्ट मिलन के अंतर्गत 4 दंपत्ति पुनः एक हुए



**लोकमित्र ब्यूरो**

मीरजापुर- पुलिस द्वारा जनपद में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र 4 दंपत्तियों को जो छोटे मोटे विवाद के कारण अलग अलग रह रहे थे को फिर से एक साथ रहने को सहमत कर लिया। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 4 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र, में प्रोजेक्ट मिलन कार्उसिलिंग के माध्यम से गलत फहमियों को दूर कराकर एक साथ रहने के संकल्प के साथ इन दंपत्तियों को परिवारीजनों की उपस्थिति में विदा किया जो अपने घरों को प्रसन्नतापूर्वक गए। समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक-सीमा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव, महिला आरक्षी पिंकी जायसवाल तथा परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य डा.कृष्णा सिंह, निर्मला राय व पार्वती पाण्डेय मौजूद रहीं।

# अपहृत छह माह का बच्चा बरामद तथा 3 अभियुक्त गिरफतार

**लोकमित्र ब्यूरो**

मीरजापुर- थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर 25 अप्रैल को संदीप कुमार गोड़ निवासी खानपुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध वादी के 06 माह के बच्चे कर अपहरण हो जाने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना के बारे में मीडिया को पूरी जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनंदन ने घटना का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में टीम गठित की और 24 घंटे में बच्चे की बरामदगी तो हो गई किंतु आरोपी पकड़ से बाहर थे। उन्होंने आगे बताया कि विवेचना के अंतर्गत 28 अप्रैल को थाना कछवां पुलिस टीम ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्रांतर्गत क्रिश्चियन तिराहे से




उक्त घटना से सम्बन्धित 3 अभियुक्तों प्रभात उपाध्याय उर्फ छोटू एवम जितेन्द्र उर्फ छोटू निवासीगण बधवा थाना कछवा जनपद मीरजापुर व सुजीत उर्फ सुड्डू निवासी वीरभानपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि जितेंद्र उर्फ छोटू को कोई संतान नहीं थी इसीलिए दो साथियों के सहयोग से अपहरण की घटना को आधी रात में अंजाम दिया और बच्चे को जितेंद्र को सौंप दिया गया किंतु पुलिस की सक्रियता से भयभीत होकर बच्चे को कुछ ही घंटों बाद मेहदीगंज में सड़क किनारे छोड़कर चले आए थे। अभियुक्तों के कब्जे से अपहृत बालक से सम्बन्धित 1 गमछा व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल क्क65 ष्ठ्ठ 0398 बरामद किया गया थाय मोटरसाइकिल को अनूतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## वीजा बनवाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी (हि.स.)।** जनपद के रामनगर थाना में रविवार को वीजा बनवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में दो मुकदमें दर्ज किए गए हैं।रामनगर थाना के जानकी नगर मजरे इब्राहिम पुर निवासी मो. तौफीक ने बताया है कि दस माह पहले उसने अलग-अलग तारीखों में एक लाख तीस हजार रुपये वीजा बनवाने के लिए फतेहपुर के धमसड़ निवासी अकील, रायबरेली निवासी सूरज और रामनगर की प्रीती मौर्या को दिया। लेकिन आज तक उसका वीजा नहीं बना। इस पर जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इसी तरह रामनगर थाना के ही अमराई गांव निवासी नितेश श्रीवास्तव ने रामनगर के लैन निवासी मो. इस्तियाक ने बीजा बनवाने के लिए दो लाख रुपये लिये थे।

# श्रमदान कर पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन्स में की गयी साफ-सफाई



**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रमदान किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्वयं एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अपने शाखा, कार्यालय की साफ-सफाई की। साथ ही कार्यालय परिसर में लगे पौधों की निराई-गुडाई कर पौधों एवं वृक्षों की सिंचाई की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण के नेतृत्व में पुलिस लाइन्स परिसर में अभियोजन कार्यालय, न्यायालय सुरक्षा, सदर मालखाना, लॉक-अप, परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन्स में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है श्रीमद्भागवत- बालकृष्ण भार्गव

चित्रकूटः जिला मुख्यालय के एसडीएम कालोनी में चल रही श्रीमद्भागवत के पाँचवे दिन प्रयागराज से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य बालकृष्ण भार्गव महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का सुन्दर चित्रण किया।



कथा के माध्यम से कथा वाचक ने भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष है। इसमे से जो जिसके योग्य है वह अपने लिए उस स्तर का ज्ञान ले सकता है। जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने कालीया नाग का उद्धार करके यमुना को स्वच्छ किया। कहने का तात्पर्य आज की सबसे बडी समस्या है जल का अभाव। भगवान ने जल संरक्षण का संदेश दिया। आजकल जल स्तर दिनोदिन इतना नीचे जा रहा है कि आगे आने वाली पीढी पानी के लिए तरसेगी। फलो में एक असुर धेनुकासुर का उद्धार करके वन संरक्षण का संदेश दिया। तृणावर्त रूपी असुर का संघार करके भगवान ने वायु को स्वच्छ किया। गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान ने पर्वतों का संरक्षण किया, जो आजकल अत्यधिक खनन के कारण लुप्त हो रहे हैं। हमारे जीवन के महत्वपूर्ण तत्व भूमि, जल, वायु, आकाश और अग्नि इनके बिना मानव जीवन संभव नही है, परन्तु यह मानव अपने निजी सुख की तलाश में इन पांचों तत्वों को दूषित कर दिया। जिससे आने वाली पीढिया संकट में रहेंगी।

इस मौके पर आयोजक अशोक कुमार पांडेय, प्रदीप शुक्ला नेता, वेदप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित होकर ऋषभ ने बढाया जिले का गौरव



**चित्रकूटः** जिला मुख्यालय के तरौहां मोहल्ले के निवासी ऋषभ करवरिया भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। तरौंहा निवासी नीरज करवरिया के बड़े पुत्र ऋषभ करवरिया को भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद के लिए हुई परीक्षा में सफलता मिली है। वर्तमान समय में हमीरपुर में पुलिस के मुख्य आरक्षी पद पर कार्यरत नीरज करवरिया एवं सीता देवी के पुत्र ऋषभ ने हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षा संत थामस स्कूल बेडीपुलिया से पास करने के बाद तैयारी शुरू की शुरू की थी। जिसमें दूसरे प्रयास में उन्हें सफलता हासिल हुई है। परीक्षा परीणाम आने के बाद पूरे परिवार में प्रसन्नता का माहौल बना हुआ है। ऋषभ के पिता नीरज करवरिया ने बताया कि उनके परिवार के कई लोग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। पूरे जिले में सर्वाधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी करवरिया परिवार से ही हैं। आज भी उनके परिवार का पहला उद्देश्य देश की सेवा करना हैं। उनके लिए यह प्रसन्नता का बात है कि बेटा भारतीय वायु सेना के माध्यम से देश की सेवा करेगा।

# रेलवे की संपत्ति की चोरी के मामले में माल बरामदगी सहित चार गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

मीरजापुर- विगत 4,5 दिनों से रेलवे के सिग्नल विभाग मीरजापुर द्वारा लगातार सिग्नल उपकरणों से छेड़छाड़ और लगभग 55 मीटर केबिल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार टीम गठित की गई। 27अप्रैल को टीम के सदस्यों विक्रम कुमार जोशी(रेल कर्मचारी हेल्पर सिग्नल विभाग प्रयागराज ष्ठ 2) निवासी गांव उदपुर पोस्ट हरिपुर जिला जौनपुर, अजय कुमार(हेल्पर कार्य विभाग मीरजापुर) निवासी गांव बरहा कला थाना मांडा जिला प्रयागराज एवम सुनील कुमार निवासी गांव नरोइया पंचायत भवन के पास अंतर्गत थाना जिगना जनपद मीरजापुर को 34 मीटर चोरी की केबिल, पिट्ठू बैग जिसमें चोरी करने में काम आने वाले उपकरण के साथ ओझला पुल रेलवे लाइन के पास से पकड़ा गया। पकड़े गए रेल कर्मचारियों की निशानदेही पर जंगी रोड धर्म कांटा के बगल मीरजापुर कबाड़ी सीताराम की दुकान से लगभग 20 मीटर चोरी की गई सिग्नल केबिल बरामद की गई। कबाडी सीताराम ने पूछताछ करने पर बताया कि इनमें से दो व्यक्तियों ने अपने आप को रेल कर्मचारी बात कर उसको तार बेचा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्वयं के रेल कर्मचारी होने पर ट्रैक पर कार्य के दौरान दी जाने वाली विशेष जैकेट पहन कर और गले में आई कार्ड लटका कर तारों को चोरी करते थे और विशेष प्रकार से तारों को जोड़ते थे ताकि सिग्नल फेल न हो जिससे चोरी का तुरंत पता न चले और पकड़े न जाएं। तारों को विशेष प्रकार से जोड़ने का कार्य सिग्नल विभाग के हेल्पर द्वारा किया जाता था जो समस्त कार्यप्रणाली को जानता था। उक्त आरोपियों द्वारा और किस किस जगह ऐसा किया गया है जांच कराई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में रेलवे हेल्पर अजय रेलवे समान की चोरी के आरोप में पूर्व में भी जेल जा चुका है। टीम के अनुसार चोरी से लगभग 20 हजार की क्षति हुई है।

# पाकिस्तानी नंबर से फ़ोन आये तो हो जायें अलर्ट

**जौनपुर(हि.स.)।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि इन दिनों पाकिस्तानी कोड का इस्तेमाल कर साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल कर धमकाया जा रहा है। उन्हें डराकर ऑनलाइन धन ट्रांसफर कराया जा रहा है।

नंबर पर वर्दी में पुलिस की फोटो भी लगाकर लोगों को फंसा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अगर आप व्हाट्सएप और फेसबुक का प्रयोग करते हैं तो अधिक सावधान रहने की जरूरत है।

साइबर अपराधी आपके नंबर और व्यक्तिगत जानकारी को जुटा लेते हैं फिर व्हाट्सएप कॉल कर आपको डराते हैं। आपके किसी परिवार के सदस्य को किसी अपराध में लिप्त होने की जानकारी देते हैं और फिर उसे बचाने के लिए अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कर लेते हैं। काल के दौरान यह इतना अधिक मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि अगर कोई व्यक्ति तत्काल पैसा ट्रांसफर नहीं किया तो उसका बच्चा या परिवार का सदस्य गिरफ्तार हो जाएगा और उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

पाकिस्तान के कोड वाले नंबर से व्हाट्सएप कॉल करने वाले हिंदी में बात करते हैं और आप उनकी बातचीत से यह नहीं पकड़ सकते कि वह कौन है। रविवार को एक घटनाक्रम की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अभी कुछ दिनों पहले जनपद के एक व्यक्ति को फोन कर उसके बेटे को एक मामले में फंसे होने का बताकर तीस हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। घर से बाहर रह रहे बच्चे से जब फोन कटने के बाद संपर्क किया तो पता चला कि वह पढ़ाई कर रहा है।

वहीं दूसरे व्यक्ति को फोन कर उनके बच्चे को किसी अपराध में लिप्त होने का भय दिखाया गया लेकिन वह जागरूक होने के कारण साइबर अपराधियों से बच गए। इसके साथ ही पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को पाकिस्तान के कोड वाले नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने उन्हें पुराना मित्र बताया। जागरूक होने के कारण उनके साथ साइबर अपराध नहीं हो पाया।इसके साथ ही कई विद्यार्थियों के अभिभावकों को फोन करके 92 कोड वाले नंबर से डराया जा रहा है।

डॉक्टर राठौर ने बताया कि पूरे देश में आजकल विदेशी नंबरों से साइबर अपराधी व्हाट्सएप कॉल करके लोगों को डरा धमका रहे है। आप अलर्ट रहें,

बिल्कुल डरे नहीं और इसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल अथवा साइबर थाने में दर्ज कराये। पहली नजर में तो लगता है कि यह फोन पाकिस्तान से आ रहा है लेकिन वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल करके इंटरनेट के माध्यम से ऐसी कॉल की जा रही है। ऐसा भी हो सकता है कि भारत से ही बैठकर पाकिस्तान के कोड का इस्तेमाल साइबर अपराधी कर रहे है।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 1050/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन छोटेलाल बनाम हृदय नारायण
बनाम
1. हृदय नारायण उम्र 47 वर्ष सुत बुद्धू नि0 ग्राम आशापुर भाटन प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 01.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0-23 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 794/2020
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन नवरंग बहादुर सिंह बनाम अशोक कुमार सिंह आदि
बनाम
1. अशोक कुमार सिंह सुत राम लखन 2. श्रीमती प्रीती सिंह पुत्री राम सिंह निवासी भुपियामऊ पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 31.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 31.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 63/98
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन बद्री प्रसाद बनाम अमर बहादुर आदि
बनाम
1. अंगद आयु 44 वर्ष 2. राजू आयु 30 वर्ष 3. संजय आयु 28 वर्ष सुतगण बलभद्दर उर्फ राजपति 4. मुन्नी देवी आयु 43 वर्ष 5. कुसुम आयु 32 वर्ष पुत्रीगण बलभद्दर उर्फ राजपति 6. सुन्दरी देवी आयु 60 वर्ष विधवा बलभद्दर उर्फ राजपति समस्त नि0ग्राम चकवड़ ( आई का पुरवा) पर0 बिहार तह0 कुण्डा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## पीएनबी एटीएम से चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 17 लाख रुपये बरामद

**गाजियाबाद(हि.स.)।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बैंक एटीएम से चोरी करने वाले एके शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 17 लाख, 32 हजार 500 रुपये व एक स्कूटी बरामद की है।डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को पीएनबी बैंक के चीफ मैनेजर अम्बेडकर मार्क ब्रान्च ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी कि पीएनबी बैंक के मॉडल टाउन एटीएम से 17 लाख, 32 हजार, 500 रुपये चोरी कर लिये गये हैं।घटना का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के खुलासे के लिए टीमो का गठन किया गया।

## महिला सिंगर ने दोस्त पर लगाया रेप और ब्लैकमेल का आरोप, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ ।** लखनऊ में 29 साल की एक सिंगर ने अपने पुरुष दोस्त पर शराब में नशीला पदार्थ मिलाने और आर्थिक मदद के बहाने उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया।मामले में पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की। जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने अपने सिंगिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने सोने के गहने गिरवी रखकर एक स्टूडियो खोला था, लेकिन स्टूडियो के इंटीरियर डेकोरेटर द्वारा और पैसे मांगने के कारण उसके पास रुपयों की कमी हो गई। महिला सिंगर ने बताया कि उसका परिचय आशियाना के साहूकार ब्रिजेश यादव से हुआ था।पीड़ित ने कहा, ब्रिजेश मेरी मदद करने के लिए तैयार हो गया।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने लक्ष्मण पहाडी में चलाया सफाई अभियान



**चित्रकूटः** कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा रविवार को कामतानाथ परिक्रमा स्थित लक्ष्मण पहाडी में 113 वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था। स्वच्छ मनुष्य स्वच्छ समाज की न्यू रख सकता है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है। हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढाती है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। सफाई अभियान के दौरान भारी मात्रा में पर्वत से कचरा बाहर किया गया। इस मौके पर सभासद शुभम केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, रसूल बख्श, जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवती के सर पर गिरा लोहे का फार्मा ,गंभीर रूप से हुई घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम सरीरा स्थानीय कस्बे में रविवार की सुबह दुकान से सामान खरीद कर वापस घर जा रही एक युवती के ऊपर लोहे का फार्मा गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई घायल युवती को मौके में मौजूद लोगों ने स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए ले गए फौरी तौर पर उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया जहां एक निजी अस्पताल में युवती का इलाज चल रहा है पश्चिम शरीरा कस्बे के निवासी पंचम केसरवानी की 16 वर्षी पुत्री प्राची केसरवानी रविवार की सुबह पास में ही स्थित एक दुकान में कुछ सामान लेने गई हुई थी वहीं इसके घर के पास एक मकान में निर्माण कार्य हो रहा है सामान लेने के बाद वापस घर जा रही थी जैसे ही निर्माणाधीन मकान के पास पहुंची उसी समय मकान के ऊपर काम कर रहे एक मजदूर ने नीचे बिना देखे लोहे का फार्मा फेंक दिया तभी उसके चपेट में आ जाने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई मौके में मौजूद लोगों ने आनन-फानन इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल ले गए फौरी तौर पर उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया जहां गंभीर रूप से घायल युवती का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# छात्रों के करियर के लिए अंग्रेजी विषय का होना जरूरी-सुजाता आनंद

## इंग्लिश प्रतियोगिता में आर्केड हाउस विजेता एवं ट्यूलिप हाउस को मिला दूसरा स्थान



**बलरामपुर।** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सभागार में बिब्लोफिल इंग्लिश वीक का भव्य समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंग्रेजी विषय पर बच्चों को शिक्षाविदों ने विभिन्न बिंदुओं को साझा करते हुए जानकारी दी है।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति की निर्देशिका सुजाता आनंद एवं इशिका रही ,वही विशिष्ट अतिथि एमएलके पीजी कॉलेज अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष आर के शुक्ला श्रद्धा सिंह एवं डॉ बीएल गुप्ता रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सह निदेशका इशिका ने डॉ श्रद्धा सिंह को एवं प्रबंध समिति की निदेशक का सुजाता आनंद ने डॉक्टर बी एल गुप्ता को बुके भेट करके उनका स्वागत किया।मंच संचालन का कार्य रिजवाना सिद्दीकी के द्वारा किया गया। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में ट्यूलिप हाउस,लिली हाउस, लैवंडर हाउस एवं आर्किड हाउस के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय समन्वयक राजेश जायसवाल एवं आफाक हुसैन के द्वारा प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम में कक्षा 7 की मुबश्शरा रूमी ने स्पीच प्रस्तुत की। जबकि सर्वज्ञ तिवारी ओम द्विवेदी एवं रुद्रांश के द्वारा इंग्लिश में गाना गया गया। वैभव खंडेलवाल के द्वारा रॉबर्ट फ्रास्ट की .पोएम डस्ट आफ स्नो का रिव्यू किया तथा मर्चेन्ट आफ वेनिस वेनिस पर एक वन एक्ट प्ले जिसमें आरोही, तौहीद, अमोघ आदित्य मानवेंद्र, बेंजोन, अक्षिता, प्रतिभाग किया।

सप्ताह में हुई ।प्रतियोगिताओं के सामूहिक आकलन के आधार पर ऑर्किड हाउस विजेता रहा। जबकि ट्यूलिप हाउस द्वितीय स्थान पर तथा लैवेंडर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ श्रद्धा सिंह एवं डॉ बी एल शुक्ला जी ने अपने अपने संबोधन में सबसे पहले शहर में ऐसे कार्यक्रम करवाने हेतु विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अंग्रेजी साहित्य के प्रेम को अपने अंदर समाहित करें क्योंकि उन्हें जीवन को नए तरीके से देखने में मदद करेगा। विद्यालय की प्रबंध समिति की सह निदेशका इशिका ने भी बच्चों को अपने संभाषण द्वारा बच्चों को अंग्रेजी भाषा के वैश्विक महत्व के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज की सोशल मीडिया के दौर में यह जरूरी हो गया है कि बच्चों में किताबों के प्रति रूचि उत्पन्न की जाए।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। आगे भी ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाते रहने की बात कही।

कार्यक्रम की मुख्य आयोजक रिजवाना सिद्दीकी विद्यालय समन्वयक राजेश जायसवाल आफाक हुसैन के अतिरिक्त आकांक्षा चौधरी प्रीतपाल सिंह आकांक्षा मिश्रा अंकिता श्रीवास्तव रीता शाह ज्योति सिंह निधि सिंह,मदीहा डी एन शुक्ला अमित कुमार कंचन श्रीवास्तव मनमोहन ओझा एवं अति बांका ने आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने मेंअपनी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## उन्नाव में ट्रक बस की सीधी भिड़ंत में कई यात्रियों की मौत

**उन्नाव (हि.स.)।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालूद्दीनपुर के पास रविवार को दोपहर सवारी से भरी बस की ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का एक तरफ का हिस्सा खुल गया। कई लोगों के मरने की खबर आ रही है। कई यात्री घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, जिससे मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही प्राइवेट निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी। सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस का दाएं ओर का हिस्सा पूरी तरह फट गया। सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कई यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक चकलवंशी मार्ग से होते हुए भाग निकला। हालांकि पुलिस को सूचना के बाद जिले में नाकाबंदी कर दी गई है। उधर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया है, जहां कई लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस के अधिकारी मृतक को और घायलों की संख्या भी स्पष्ट नहीं कर सके हैं।

# भावेश किंग तो नैना कुमारी को मिला क्वीन का पुरस्कार

## सेंट जेवियर्स स्कूल में आयोजित हुआ रेड डे कार्यक्रम




**बलरामपुर।** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइमरी विंग में रेड डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ रंगों की पहचान के प्रति अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक सुयश कुमार, सह निदेशका सुजाता आनंद इशिका सुयश आनंद एवं प्रधानाचार्य एमए रूमी रहे।

रेड डे का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर किया । कार्यक्रम संचालन का कार्य खुशी शर्मा ने किया । कार्यक्रम आयोजक संगीता सरकार ने कहा कि नर्सरी एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों कों रंगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया जिसके अंतर्गत रैम्पवाक एवं वॉटर साइंस एक्टिविटी करवाई गई। इसी क्रम में सैगरेशन ऑफ रेडबाल में इब्राहिम अन्वेष अदिति अक्षिता अनव, विहान, अनुकृति अरनव वीर इत्यादि ने प्रतिभाग किया। एक अन्य गतिविधि मे बच्चों ने थ्रो द बॉल एंड ब्रेक द ग्लास गतिविधि की। अव्युक्त,आव्या, असरा, द्विवित रोहित, आरव , सौभाग्या तोमर ने जम मजा किया।सम्राट सक्षम नैना अंशुमन आदि ने बैलेंसिंग द बलून एक्टिविटी में प्रभावित किया।

कार्यक्रम में समन्वयक संगीता सरकार एवं रेखा ठाकुर ने निर्णयको की भूमिका निभाई। कक्षा एलकेजी यूकेजी एवं नर्सरी में से निर्णयाको द्वारा अनंत विक्रम, रेयांश अंशुमान,भावेश को किंग एवं प्रियांशी सिंह दीपाली नैना तिवारी ओमी को क्वीन पुरस्कार से नवाजा गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा सिंह रश्मि पांडे श्वेता सिंह खुशी शर्मा प्रभजीत कौर शालिनी श्रीवास्तव निहारिका सिंह जया मिश्रा इत्यादि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आजकल कुछ याद रहता नहीं है, के गीत पर झूम उठा समूह

## एमएलकेपीजी कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में जीवशास्त्र संकाय व एशियन बायोलॉजिकल रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान तथा कॉउन्सिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम दिन शनिवार की देर शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत गीत संगीत ने देश विदेश से आये प्रतिनिधियों पर अमिट छाप छोड़ी।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ,विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल ने कहा कि यह एक गौरवशाली क्षण हैं कि तराई के ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले इस महाविद्यालय से भी मुझे भी जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है । यह महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहा है।प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के रचनात्मक विकास में सहायक है। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र अर्चित शुक्ल ने मधुबन खुशबू देता है गीत प्रस्तुत कर किया जिसे खूब सराहा गया। एकल गायन में अवनीत की फेरो न नज़र से नज़रिया गीत,अंशिका की बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन गीत,सौम्य के आज कल याद कुछ रहता नहीं गीत की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया तो वहीं मोहित कश्यप ,अभिषेक ,शताक्षी व सुलोचना के एकल नृत्य ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मणिका मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर एलबीएस गोण्डा के प्राचार्य प्रो0 आर के पाण्डेय,गायत्री विद्यापीठ रिसिया के प्राचार्य डॉ दिव्य दर्शन तिवारी,डॉ देवेश श्रीवास्तव,डॉ आलोक शुक्ल, डॉ सद्गुरु प्रकाश,डॉ अभिषेक सिंह व डॉ आशीष लाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# छठे चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन, तैयारी पूरी





**सुल्तानपुर।** लोकसभा सीट (38) पर सोमवार से छठे चरण के लिए नामांकन शुरू होगा। इसके लिए कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग आदि की गई है। डीएम कोर्ट पर प्रत्याशियों का नॉमिनेशन फाइल होगा। डीएम कृतिका ज्योत्सना और एसपी सोमेन वर्मा ने यहां तैयारियों का जायजा लेते हुए अपने मातहतों को निर्देश दिए हैं।

लोकसभा चुनाव के नामांकन के मद्देनजर जिला प्रशासन ने मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। यहां बैरिकेडिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले के लोकसभा क्षेत्र के छठे चरण में होने जा रहे चुनाव के दृष्टिगत 29 अप्रैल से कलेक्ट्रेट के जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में संसदीय चुनाव का नॉमिनेशन भरा जाएगा। नामांकन को देखते हुए डीएम कृत्तिका ज्योत्सना ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर तैयारियों का जायजा भी लिया। कलेक्ट्रेट में छाया के लिए टेंट लगाया गया है। वही बैरिकेडिंग भी की गई है।वीडियोग्राफी के लिए कैमरे आदि की व्यवस्थाओं का प्रबंध किया गया है। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में भीड़ को रोकने के लिए विकास भवन, डाकखाना चौराहे व मौनी मंदिर के पास सड़क पर बैरिकेडिंग करके आवाजाही प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया गया है।

कलेक्ट्रेट में वादकारी डाकखाना चौराहे से होते हुए सहकारी बैंक के बगल कचहरी के दूसरे गेट से प्रवेश पा सकेंगे। भीड़ को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट समेत सभी बैरिकेडिंग के पास पर्याप्त पुलिस तैनात करने का निर्देश एसपी को दिए गए हैं। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी ने शुभ मुहूर्त के हिसाब से एक मई को नामांकन करने का निर्णय लिया है। उनके नामांकन में निषाद पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और जिले के प्रभारी मंत्री व अपना दल नेता आशीष पटेल भी शामिल होंगे। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने दी है।

## वीजा बनवाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी (हि.स.)।** जनपद के रामनगर थाना में रविवार को वीजा बनवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में दो मुकदमें दर्ज किए गए हैं।रामनगर थाना के जानकी नगर मजरे इब्राहिम पुर निवासी मो. तौफीक ने बताया है कि दस माह पहले उसने अलग-अलग तारीखों में एक लाख तीस हजार रुपये वीजा बनवाने के लिए फतेहपुर के धमसड़ निवासी अकील, रायबरेली निवासी सूरज और रामनगर की प्रीती मौर्या को दिया। लेकिन आज तक उसका वीजा नहीं बना। इस पर जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इसी तरह रामनगर थाना के ही अमराई गांव निवासी नितेश श्रीवास्तव ने रामनगर के लैन निवासी मो. इस्तियाक ने बीजा बनवाने के लिए दो लाख रुपये लिये थे। बहुत कहने पर 35 हजार रुपये मिले, अभी भी एक लाख 65 हजार रुपये बाकी है। पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी मिल रही है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ने में बाधक बन सकती आसमान से बरसती आग, परेशान प्रत्याशी

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** बीते 2 दिनों से आसमान से आग बरस रही है। सूर्य देव द्वारा धरती पर प्रेषित उनकी आग के ये गोले जिस तरह से तापमान को लगातार बढ़ने में सफल है। उससे लोकसभा के लिए शेष बचे मतदान में भारी बाधा भी पहुंच सकती है। मतलब जिस दिन भी जिन लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। वहां सूर्य देव की तपिश लोगों को घरों में ही बैठने को विवश करके उनके कदम मतदान स्थल की ओर बढ़ने से रोक सकती है ,जिसके फल स्वरुप जिसका भारी प्रभाव कम मतदान के रूप में भी सामने आ सकता है। इसीलिए इन हालातों को लेकर लगभग सभी दलों की प्रत्याशी भी बहुत चिंतित हैं।

इसी के साथ वैशाख में बढ़ता तापमान और गर्म हवा के थपेड़े बच्चों को बीमार बना रहे हैं। वयस्क भी डिहाइड्रेशन की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार लग रही है।

इस बीच मौसम विभाग ने भी गर्म हवा का सितम जारी रहने का अनुमान जताया है। जिसके मुताबिक सूरज के तल्ख तेवरों से परेशान लोगों की परेशानी अब लू बढ़ाएगी। बीते सप्ताह भर में पारा तेजी से बढ़ा है। जिससे डायरिया व डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लोगों में उल्टी दस्त, सिर दर्द, बेचैनी और घबराहट से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रोलाइट की कमी से पेट दर्द की भी समस्या बढ़ रही है।

जहां तक चल रहे लोकसभा चुनाव का सवाल है। इस चिलचिलाती धूप और लू का असर अब लोकसभा चुनाव में भी दिखने लगा है। आसमान का पारा तो दिन पर दिन चढ़ रहा है, लेकिन चुनाव का पारा मतदाताओं की उपेक्षा की वजह से नहीं चढ़ रहा है। और जिस तरह से भीषण गर्मी अपना प्रभाव दिख रही है, उससे मतदान प्रतिशत कम होने की चपेट में लगभग पूरा उत्तर प्रदेश आ सकता है, जिसको लेकर हर दल का प्रत्याशी चिंतित नजर आ रहा है।

# पीडीए प्रत्याशी के खिलाफ हर स्तर तक जायेंगे भाजपाई-श्यामलाल निषाद



**सुलतानपुर।** बीते शनिवार को लोकसभा क्षेत्र 38-सुलतानपुर के समाजवादी पार्टी के पीडीए प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के समर्थन में मोस्ट कल्याण संस्थान के बैनर तले जनसभा का आयोजन मोस्ट आईटी मैनेजर गुरू प्रसाद निषाद के नेतृत्व में किया गया।

लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद ने कहा कि समस्याओं का समाधान हम आंधी-तूफान की तरह करते हैं और सांसद निधि के खर्च में वंचित लोगों व अविकसित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। लोकसभा प्रभारी पूर्व एमएलसी राम वृक्ष यादव ने मुस्तैदी से वोटों की हिफाजत व पीडीए प्रत्याशी को जिताने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷ ने कहा कि बीजेपी वालों से रहें सावधान! वे पीडीए प्रत्याशी को हतोत्साहित करने के लिए साम, दाम, दण्ड, भेद, षड्यंत्र आदि तुक्षता के हर स्तर तक जाएंगे।

उक्त अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व विधायक भगेलू राम, महिला अध्यक्ष शारदा यादव, कांग्रेस किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश सिंह, रज्जू यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल निषाद, मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, मोस्ट प्र. कमेटी सदस्य दयाराम मौर्य, जिला सचिव डा. अमरनाथ निषाद, एड. प्रेमचंद्र निषाद, गुल्लू निषाद आदि ने सम्बोधित किया तथा माता प्रसाद निषाद, राम लौट निषाद, पूर्व प्रधान भगवती प्रसाद, महेन्द्र निषाद, पूर्व बीडीसी राम नयन निषाद, मगन निषाद, मुनेश्वर निषाद, आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ सभा में बुर्का पहने महिलाओं नें लगाए मेनका जिंदाबाद के नारे

**लोकमित्र ब्यूरो**



**सुल्तानपुर।** पिछले चुनाव में बेहद कम अंतराल से जितने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद मेनका गांधी अपनी जीत के लिए काफी संजीदा हैं। इस बार न केवल वो जीत के लिए प्रयासरत हैं बल्कि जीत के अंतराल को लगातार बढ़ाने के लिए वो जी जान लगाए हैं। अब उनकी नुक्कड़ सभा में बुर्का पहने हुए महिलाएं मेनका गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रही हैं।

बता दें कि भाजपा ने 24 मार्च को सुल्तानपुर से मेनका गांधी को दोबारा अपना प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद 1 अप्रैल को मेनका गांधी बतौर प्रत्याशी सुल्तानपुर के दस दिवसीय दौरे पर पहुंची थी और करीब सवा सौ नुक्कड़ सभाएं व चौपाल लगाकर लोगों से मिलकर वो वापस दिल्ली लौटी थी। उसके बाद फिर वे 15 अप्रैल से अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। वे पांचों विधानसभाओं में अलग-अलग दिन दर्जनों ग्राम सभाओं में प्रचार कर रही। इस बीच सुल्तानपुर विधानसभा सीट की एक ग्राम सभा में मेनका गांधी के पहुंचते ही जिंदाबाद के नारे लग रहे हैं। जिंदाबाद के नारे लगाने वालों में आगे की कुर्सियों के पास खड़ी महिलाएं भी जिंदाबाद लगा रही हैं, इसमें हिजाब धारण किए तीन चार महिलाएं भी शामिल हैं। इन्हें देखकर मेनका गांधी प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दे रही हैं। वे हाथ से इशारा करके इन्हें बैठने का इशारा कर रही हैं। जानकारों का कहना है कि हिजाब में आई महिलाओं के जरिए भाजपा ये संदेश देना चाह रही है कि अब मुस्लिम मतदाता न सिर्फ गठबंधन बल्कि भाजपा की ओर भी कदम बढ़ा रहा है। वही अपने दूसरे दौरे में मेनका गांधी ने निषाद मतदाताओं को भी अपनी ओर खीचने के लिए कार्ड चला। इस वर्ग से जुड़े 92 से अधिक लोग महाराष्ट्र में बंधक बनाए गए थे। जिसकी सूचना मिलने पर उन्होंने इन्हें रिहा कराने के लिए फोन पर वार्ता की थी। सुल्तानपुर में छठे चरण में चुनाव होना है, देखना ये खास होगा कि मुस्लिम और निषाद वोटर कितनी संख्या में भाजपा और मेनका से जुड़ता है।

# बच्चे सही दिशा में परिश्रम से बुलंदियों को छू सकते हैं-श्यामलाल



**सुलतानपुर।** बीते शनिवार को देर सायं विकास खण्ड कादीपुर क्षेत्र के गोपालपुर नेवाजगढ़ गांव में शिक्षा जागरूकता, निःशुल्क मोस्ट पाठशाला प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद द्वारा संस्थान की तरफ से निःशुल्क मोस्ट पाठशाला के संचालक करन गुप्ता को तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की गई। मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷ ने कहा कि शिक्षा अनमोल है बच्चे सही दिशा में परिश्रम से बुलंदियों को छू सकते हैं लेकिन गाँव-गाँव बच्चों के पठन-पाठन का माहौल बनाने की जिम्मेदारी सभी सामाजिक चिंतकों को निभानी होगी।

उक्त अवसर पर मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, मोस्ट आईटी मैनेजर गुरू प्रसाद निषाद, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र निषाद, ब्रम्हादीन निषाद, हीरालाल गुप्ता, राम सुख गुप्ता, रमेश गुप्ता, राम चन्द्र गुप्ता, देवतादीन निषाद, शीला देवी, अनीता गुप्ता, गोविंदा गुप्ता, मधु निषाद, मंजू गुप्ता, सुमन गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### आज से हज यात्रियों को लगाया जाएगा टीका

सुल्तानपुर। हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि निर्धारित हुई। स्थानीय खैराबाद स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया में आज दिन सोमवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक बैक्सीन का इंजेक्शन स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित टीम द्वारा लगाया जाएगा। प्रशिक्षण जिला हज ट्रेनर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी जामिया इस्लामिया मदरसा के नाजिम -ए-आला (प्रबंधक)एव मरकज मस्जिद के पेश ईमान द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण पिछले रविवार से दिया जा रहा है। दिनाँक 28 को प्रशिक्षण में 100 हज यात्री उपस्थिति हुए। यह जानकारी मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी ने दी।

# 25 मई जौनपुर करेगा मतदान



**जौनपुर।** सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान बरसठी आदमपुर कंपोजिट विद्यालय व कचहरी मियांपुर में रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व करते हुए प्रधान अध्यापक सुबाष सरोज ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने अभिभावकों को 25 मई को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे ।पहले मतदान फिर जलपान। राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज मडियाहू की प्रधानाचार्य अनीता मौर्या ने शपथ दिलाया कि ÷ हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग, जाति ,समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ÷ ओकां इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा नागरिक कर्तव्य है कि अपनी मताधिकार का प्रयोग करें आपका मत देश की खुशहाली, समृद्धि व दिशा को तय करता है।

इंजीनियर राम सहाय यादव ने कहा गया कि सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। प्रधान अध्यापक प्रमोद प्रजापति ने कहा कि हमारा वोट हमारी ताकत है। जलालपुर प्रधान अध्यापक मोतीलाल मौर्य ने महिला मतदान हेतु महिलाओं को विशेष प्रेरित किया।उक्त अवसर चंद्रजीत मिश्रा ईश नारायण सिंह कैलाश प्रजापति धर्मेंद्र कुमार संदीप सिंह मनोज कुमार राय विनोद कुमार यादव राजेश कुमार यादव राम सजीवन त्रिभुवन राम शैलिनी नीलम सिंह कंचन यादव नीलम रावत इतिहास बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम संयोजक पूर्व अध्यक्ष चाइल्ड वेलफेयर कमिटी संजय उपाध्याय ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए चलेगा जागरूकता अभियान।

## पीएनबी एटीएम से चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 17 लाख रुपये बरामद



**गाजियाबाद(हि.स.)।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बैंक एटीएम से चोरी करने वाले एके शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 17 लाख, 32 हजार 500 रुपये व एक स्कूटी बरामद की है।

डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को पीएनबी बैंक के चीफ मैनेजर अम्बेडकर मार्क ब्रान्च ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी कि पीएनबी बैंक के मॉडल टाउन एटीएम से 17 लाख, 32 हजार, 500 रुपये चोरी कर लिये गये हैं।घटना का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के खुलासे के लिए टीमो का गठन किया गया। सभी टीमों के प्रयास मैनुअल इन्टेलीजेन्स, लोकल इनपुट व सीसीटीवी कैमरो की मदद से चोरी करने वाले रवि कुमार को चौधरी मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी किये गए सभी रुपये बरामद कर लिए गए। आरोपी रवि कुमार माता कालोनी सैक्टर-12 विजयनगर का निवासी है। कमिश्नरेट गाजियाबाद मे 01 अभियोग मारपीट व धमकी का पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैंने पीएनबी के मॉडल टाउन स्थित एटीएम से अपनी शौक पूरे करने के लिये रुपये चोरी किये थे।

# एण्टी रोमियों टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

चित्रकूटः नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलों चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिला, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी 112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। साथ ही मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। इसी क्रम में महिलाओं, बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही बताया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओं एवं बालिकाओं का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदे, मनचलों द्वारा आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन जांच कर लोगों से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो, मनचलों को हिदायत, कार्यवाही की जाती है।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक राहुल सिंह तथा उनकी टीम द्वारा भइयालाल यादव निवासी गढीवा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार राजापुर थाना के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा मुन्ना सिंह उर्फ हेमराज निवासी बरुआ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाए उसी का नाम है श्रीकृष्ण लीला - दीक्षित

चित्रकूटः ईश्वर केवल भाव के वश में हैं। वह भक्तों का भाव प्रेम ही देखकर द्रवित हो जाते हैं। परमात्मा निराकार, निर्गुण होकर भी भक्तों के लिए सगुण साकार रूप में अनेकों स्वरूप धारण कर धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं।धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भक्त अगर दो हाथों से बुलाता है तो प्रभु चतुर्भुज रूप में आते हैं। चार वेद, वर्ण, आश्रम, सम्प्रदाय एवं विप्र, धेनु, सुर, संतो के लिए ही भगवान चतुर्भुज रूप में आकर कहते हैं, हे जीव चिंता न करो मै तुम्हारी इन चारो हाथों से रक्षा करूंगा। जो कार्य ईश्वर का अनेक रूपों में संभव नहीं होता वह कार्य एवं अनेक वरदानों को पूर्ण करने के लिए द्वापर के अंत में लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण आकर उन वरदानों को पूर्ण



कर वह यशोदा नंदन सब कुछ करने में समर्थ, लेकिन उस कार्य का यश स्वयंमेव श्रीकृष्ण अपने ग्वालो, राधा एवं ब्रजवासियों को प्रदान करते हैं। यही तो उस परमात्मा की विचित्र लीलाएं हैं। श्रीकृष्ण लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाए, अपने सहज स्वरूप को प्राप्त हो जाए उसी का नाम श्रीकृष्ण लीला है। ईश्वर की संपूर्ण लीलाएं जो तन्मयता से प्रदान करती है। ब्रह्म सुख आनंद जो स्थापित करे वहीं प्रभु कथा है। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव का दर्शन कराते हुए बताया कि जब जीवन में मर्यादा आएगी तभी श्रीकृष्ण कथा को श्रवण कर ईश्वर के नाम, रूप, लीला, धाम का सहज आनंद प्राप्त कर सकते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बधाईयों की धूम में संपूर्ण पांडाल श्रीकृष्णमय हो गया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गीत पर श्रोता झूम उठे।

# प्रोजेक्ट मिलन के अंतर्गत 4 दंपत्ति पुनः एक हुए



लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर- पुलिस द्वारा जनपद में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र 4 दंपत्तियों को जो छोटे मोटे विवाद के कारण अलग अलग रह रहे थे को फिर से एक साथ रहने को सहमत कर लिया। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 4 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र, में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग के माध्यम से गलत फहमियों को दूर कराकर एक साथ रहने के संकल्प के साथ इन दंपत्तियों को परिवारीजनों की उपस्थिति में विदा किया जो अपने घरों को प्रसन्नतापूर्वक गए। समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक-सीमा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव, महिला आरक्षी पिंकी जायसवाल तथा परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य डा.कृष्णा सिंह, निर्मला राय व पार्वती पाण्डेय मौजूद रहीं।

# अपहृत छह माह का बच्चा बरामद तथा 3 अभियुक्त गिरफतार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर- थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर 25 अप्रैल को संदीप कुमार गोड़ निवासी खानपुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध वादी के 06 माह के बच्चे कर अपहरण हो जाने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना के बारे में मीडिया को पूरी जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनंदन ने घटना का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में टीम गठित की और 24 घंटे में बच्चे की बरामदगी तो हो गई किंतु आरोपी पकड़ से बाहर थे। उन्होंने आगे बताया कि विवेचना के अंतर्गत 28 अप्रैल को थाना कछवां पुलिस टीम ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्रांतर्गत क्रिश्चियन तिराहे से



उक्त घटना से सम्बन्धित 3 अभियुक्तों प्रभात उपाध्याय उर्फ छोटू एवम जितेन्द्र उर्फ छोटू निवासीगण बधवा थाना कछवा जनपद मीरजापुर व सुजीत उर्फ सुड्डू निवासी वीरभानपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि जितेंद्र उर्फ छोटू को कोई संतान नहीं थी इसीलिए दो साथियों के सहयोग से अपहरण की घटना को आधी रात में अंजाम दिया और बच्चे को जितेंद्र को सौंप दिया गया किंतु पुलिस की सक्रियता से भयभीत होकर बच्चे को कुछ ही घंटों बाद मेहदीगंज में सड़क किनारे छोड़कर चले आए थे। अभियुक्तों के कब्जे से अपहृत बालक से सम्बन्धित 1 गमछा व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल क्र65 ष्छ 0398 बरामद किया गया थाय मोटरसाइकिल को अनूतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# वीजा बनवाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

बाराबंकी (हि.स.)। जनपद के रामनगर थाना में रविवार को वीजा बनवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में दो मुकदमें दर्ज किए गए हैं।रामनगर थाना के जानकी नगर मजरे इब्राहिम पुर निवासी मो. तौफीक ने बताया है कि दस माह पहले उसने अलग-अलग तारीखों में एक लाख तीस हजार रुपये वीजा बनवाने के लिए फतेहपुर के धमसड़ निवासी अकील, रायबरेली निवासी सूरज और रामनगर की प्रीती मौर्या को दिया। लेकिन आज तक उसका वीजा नहीं बना। इस पर जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इसी तरह रामनगर थाना के ही अमराई गांव निवासी नितेश श्रीवास्तव ने रामनगर के लैन निवासी मो. इस्तियाक ने बीजा बनवाने के लिए दो लाख रुपये लिये थे।

# श्रमदान कर पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन्स में की गयी साफ-सफाई



चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रमदान किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्वयं एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अपने शाखा, कार्यालय की साफ-सफाई की। साथ ही कार्यालय परिसर में लगे पौधों की निराई-गुडाई कर पौधों एवं वृक्षों की सिंचाई की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण के नेतृत्व में पुलिस लाइन्स परिसर में अभियोजन कार्यालय, न्यायालय सुरक्षा, सदर मालखाना, लॉक-अप, परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन्स में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है श्रीमद्भागवत- बालकृष्ण भार्गव

चित्रकूटः जिला मुख्यालय के एसडीएम कालोनी में चल रही श्रीमद्भागवत के पाँचवे दिन प्रयागराज से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य बालकृष्ण भार्गव महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का सुन्दर चित्रण किया।



कथा के माध्यम से कथा वाचक ने भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष है। इसमे से जो जिसके योग्य है वह अपने लिए उस स्तर का ज्ञान ले सकता है। जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने कालीया नाग का उद्धार करके यमुना को स्वच्छ किया। कहने का तात्पर्य आज की सबसे बडी समस्या है जल का अभाव। भगवान ने जल संरक्षण का संदेश दिया। आजकल जल स्तर दिनोदिन इतना नीचे जा रहा है कि आगे आने वाली पीढी पानी के लिए तरसेगी। फलो में एक असुर धेनुकासुर का उद्धार करके वन संरक्षण का संदेश दिया। तृणावर्त रूपी असुर का संघार करके भगवान ने वायु को स्वच्छ किया। गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान ने पर्वतों का संरक्षण किया, जो आजकल अत्यधिक खनन के कारण लुप्त हो रहे हैं। हमारे जीवन के महत्वपूर्ण तत्व भूमि, जल, वायु, आकाश और अग्नि इनके बिना मानव जीवन संभव नही है, परन्तु यह मानव अपने निजी सुख की तलाश में इन पांचों तत्वों को दूषित कर दिया। जिससे आने वाली पीढिया संकट में रहेंगी।

इस मौके पर आयोजक अशोक कुमार पांडेय, प्रदीप शुक्ला नेता, वेदप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित होकर ऋषभ ने बढाया जिले का गौरव



चित्रकूटः जिला मुख्यालय के तरौहां मोहल्ले के निवासी ऋषभ करवरिया भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। तरौंहा निवासी नीरज करवरिया के बड़े पुत्र ऋषभ करवरिया को भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद के लिए हुई परीक्षा में सफलता मिली है। वर्तमान समय में हमीरपुर में पुलिस के मुख्य आरक्षी पद पर कार्यरत नीरज करवरिया एवं सीता देवी के पुत्र ऋषभ ने हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षा संत थामस स्कूल बेडीपुलिया से पास करने के बाद तैयारी शुरू की शुरू की थी। जिसमें दूसरे प्रयास में उन्हें सफलता हासिल हुई है। परीक्षा परीणाम आने के बाद पूरे परिवार में प्रसन्नता का माहौल बना हुआ है। ऋषभ के पिता नीरज करवरिया ने बताया कि उनके परिवार के कई लोग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। पूरे जिले में सर्वाधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी करवरिया परिवार से ही हैं। आज भी उनके परिवार का पहला उद्देश्य देश की सेवा करना हैं। उनके लिए यह प्रसन्नता का बात है कि बेटा भारतीय वायु सेना के माध्यम से देश की सेवा करेगा।

# रेलवे की संपत्ति की चोरी के मामले में माल बरामदगी सहित चार गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर- विगत 4,5 दिनों से रेलवे के सिग्नल विभाग मीरजापुर द्वारा लगातार सिग्नल उपकरणों से छेड़छाड़ और लगभग 55 मीटर केबिल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार टीम गठित की गई। 27अप्रैल को टीम के सदस्यों विक्रम कुमार जोशी(रेल कर्मचारी हेल्पर सिग्नल विभाग प्रयागराज ष्ठ 2) निवासी गांव उदपुर पोस्ट हरिपुर जिला जौनपुर, अजय कुमार(हेल्पर कार्य विभाग मीरजापुर) निवासी गांव बरहा कला थाना मांडा जिला प्रयागराज एवम सुनील कुमार निवासी गांव नरोइया पंचायत भवन के पास अंतर्गत थाना जिगना जनपद मीरजापुर को 34 मीटर चोरी की केबिल, पिट्ठू बैग जिसमें चोरी करने में काम आने वाले उपकरण के साथ ओझला पुल रेलवे लाइन के पास से पकड़ा गया। पकड़े गए रेल कर्मचारियों की निशानदेही पर जंगी रोड धर्म कांटा के बगल मीरजापुर कबाड़ी सीताराम की दुकान से लगभग 20 मीटर चोरी की गई सिग्नल केबिल बरामद की गई। कबाडी सीताराम ने पूछताछ करने पर बताया कि इनमें से दो व्यक्तियों ने अपने आप को रेल कर्मचारी बात कर उसको तार बेचा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्वयं के रेल कर्मचारी होने पर ट्रैक पर कार्य के दौरान दी जाने वाली विशेष जैकेट पहन कर और गले में आई कार्ड लटका कर तारों को चोरी करते थे और विशेष प्रकार से तारों को जोड़ते थे ताकि सिग्नल फेल न हो जिससे चोरी का तुरंत पता न चले और पकड़े न जाएं। तारों को विशेष प्रकार से जोड़ने का कार्य सिग्नल विभाग के हेल्पर द्वारा किया जाता था जो समस्त कार्यप्रणाली को जानता था। उक्त आरोपियों द्वारा और किस किस जगह ऐसा किया गया है जांच कराई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में रेलवे हेल्पर अजय रेलवे समान की चोरी के आरोप में पूर्व में भी जेल जा चुका है। टीम के अनुसार चोरी से लगभग 20 हजार की क्षति हुई है।

# प्रो.राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय प्रयागराज की खिलाड़ी सुनीता देवी ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लहराया परचम




लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 24 से 27 अप्रैल तक यूएई के दुबई में आयोजित 20 एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध रामनाथ सिंह डिग्री कॉलेज चायल खास कौशाम्बी की बीए 1 वर्ष कि छात्रा सुनीता देवी ने दुबई में भारत का परचम लहराया है बता दें कि सुनीता देवी ने 5000 मीटर की स्पर्धा में भाग लिया जिसमें उसने कांस्य पदक अर्जित कर देश का मान बढाया है द्यसुनीता की इस उन्नति से क्षेत्र और कॉलेज के प्रबंधक डॉ. एस के पटेल, कार्यवाहक प्राचार्य प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, प्रवक्ता डॉ रमाकांत, प्रवक्ता विजय विश्वकर्मा, प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह पटेल, प्रवक्ता सी बी, विद्यालय के कर्मचारी संदीप प्रजापति, शनि प्रताप सिंह, युवराज सिंह एव समस्त स्टाफ ने को सुनीता को बधाई दी है।

# देवर ने विधवा भाभी के साथ किया जबरन दुष्कर्म

लोकमित्र ब्यूरो

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात विधवा भाभी के साथ उसके मुंहबोले देवर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर इसके साथ मारपीट किया। इस दौरान उसके कान आरोपी ने विधवा के कान का झुमका छीन लिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।करारी इलाके के एक गांव की एक विधवा महिला ने बताया कि उसके पति की तीन साल पहले मृत्यु हो चुकी है। वह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का पेट पालती है। बताया कि पति की मौत के बाद उसके सगे देवर ने उसके साथ चार बार जबरन दुष्कर्म किया। इसी तरह शनिवार की रात करीब दस बजे वह बच्चों के साथ सो रही थी। तभी आरोपी देवर आया और उसके साथ अश्लीलता करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई किया और कान का झुमका छीन लिया। शोरगुल होने पर बच्चे जाग गए। इसके बाद आरोपी देवर ने शिकायत करने पर पीड़िता को घर से निकालने व गांव में बेइज्जत करने की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हैवी ब्लास्टिंग से खेत हो रहे बंजर,ग्रामीणों में फैल रही बीमारी

महोबा,(हि.स.)। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पहाड़ों में ब्लास्टिंग (माइनिंग) होने से गांव की खेत बंजर हो रहे हैं और ग्रामीणों में धूल के गुबार से बीमार होने का खतरा बना रहता है। ब्लास्टिंग के कारण किसान लंबे समय से खेती में नुकसान उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने हैवी ब्लास्टिंग की जांच करा (माइनिंग) संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।जिले के कबरई विकासखंड के गांव गंज के ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों द्वारा लंबे समय से गांव की समस्याओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। उपेक्षाओं के कारण गांव की समस्याएं नासूर बनती जा रही हैं। गंज गांव के ग्रामीण संतोष त्रिपाठी, चंद्रपाल राणा, प्रदीप त्रिपाठी, महेंद्र कुमार भरत द्विवेदी, घसीटा कुशवाहा समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के पहाड़ों पर अवैध हैवी ब्लास्टिंग हो रही हैं, जिसके कारण उनके घर तक हिल जाते हैं। ब्लास्टिंग से पत्थर उछलकर उनके खेतों में पहुंच रहे हैं। धूल के गुबार से खेत बंजर हो रहे हैं और ग्रामीण बीमारी का शिकार हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आसपास दर्जनों की संख्या में क्रेशर संचालित हो रहे हैं। जहां सारा दिन धूल उड़ती रहती हैं। एनजीटी के निर्देशों के अनुसार क्रेशरों में काम के समय फब्बारा चलाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन अधिकांश क्रेशरों में फब्बारा बंद देखने को मिलते हैं। जिससे धूल का गुबार उड़ता रहता है और वहां से निकलने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# महिला सिंगर ने दोस्त पर लगाया रेप और ब्लैकमेल का आरोप, एफआईआर दर्ज

लखनऊ । लखनऊ में 29 साल की एक सिंगर ने अपने पुरुष दोस्त पर शराब में नशीला पदार्थ मिलाने और आर्थिक मदद के बहाने उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया।मामले में पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की। जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने अपने सिंगिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने सोने के गहने गिरवी रखकर एक स्टूडियो खोला था, लेकिन स्टूडियो के इंटीरियर डेकोरेटर द्वारा और पैसे मांगने के कारण उसके पास रुपयों की कमी हो गई। महिला सिंगर ने बताया कि उसका परिचय आशियाना के साहूकार ब्रिजेश यादव से हुआ था।पीड़ित ने कहा, ब्रिजेश मेरी मदद करने के लिए तैयार हो गया।

# युवती के सर पर गिरा लोहे का फार्मा ,गंभीर रूप से हुई घायल



लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। पश्चिम सरीरा स्थानीय कस्बे में रविवार की सुबह दुकान से सामान खरीद कर वापस घर जा रही एक युवती के ऊपर लोहे का फार्मा गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई घायल युवती को मौके में मौजूद लोगों ने स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए ले गए फौरी तौर पर उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया जहां एक निजी अस्पताल में युवती का इलाज चल रहा है पश्चिम शरीरा कस्बे के निवासी पंचम केसरवानी की 16 वर्षी पुत्री प्राची केसरवानी रविवार की सुबह पास में ही स्थित एक दुकान में कुछ सामान लेने गई हुई थी वहीं इसके घर के पास एक मकान में निर्माण कार्य हो रहा है सामान लेने के बाद वापस घर जा रही थी जैसे ही निर्माणाधीन मकान के पास पहुंची उसी समय मकान के ऊपर काम कर रहे एक मजदूर ने नीचे बिना देखे लोहे का फार्मा फेंक दिया तभी उसके चपेट में आ जाने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई मौके में मौजूद लोगों ने आनन-फानन इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल ले गए फौरी तौर पर उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया जहां गंभीर रूप से घायल युवती का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# पाकिस्तानी नंबर से फ़ोन आये तो हो जायें अलर्ट

जौनपुर(हि.स.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी एवं जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि इन दिनों पाकिस्तानी कोड का इस्तेमाल कर साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल कर धमकाया जा रहा है। उन्हें डराकर ऑनलाइन धन ट्रांसफर कराया जा रहा है।

नंबर पर वर्दी में पुलिस की फोटो भी लगाकर लोगों को फंसा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अगर आप व्हाट्सएप और फेसबुक का प्रयोग करते हैं तो अधिक सावधान रहने की जरूरत है। साइबर अपराधी आपके नंबर और व्यक्तिगत जानकारी को जुटा लेते हैं फिर व्हाट्सएप कॉल कर आपको डराते हैं। आपके किसी परिवार के सदस्य को किसी अपराध में लिप्त होने की जानकारी देते हैं और फिर उसे बचाने के लिए अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कर लेते हैं। काल के दौरान यह इतना अधिक मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि अगर कोई व्यक्ति तत्काल पैसा ट्रांसफर नहीं किया तो उसका बच्चा या परिवार का सदस्य गिरफ्तार हो जाएगा और उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।पाकिस्तान के कोड वाले नंबर से व्हाट्सएप कॉल करने वाले हिंदी में बात करते हैं और आप उनकी बातचीत से यह नहीं पकड़ सकते कि वह कौन है। रविवार को एक घटनाक्रम की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अभी कुछ दिनों पहले जनपद के एक व्यक्ति को फोन कर उसके बेटे को एक मामले में फंसे होने का बताकर तीस हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। घर से बाहर रह रहे बच्चे से जब फोन कटने के बाद संपर्क किया तो पता चला कि वह पढ़ाई कर रहा है।

वहीं दूसरे व्यक्ति को फोन कर उनके बच्चे को किसी अपराध में लिप्त होने का भय दिखाया गया लेकिन वह जागरूक होने के कारण साइबर अपराधियों से बच गए। इसके साथ ही पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को पाकिस्तान के कोड वाले नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने उन्हें पुराना मित्र बताया। जागरूक होने के कारण उनके साथ साइबर अपराध नहीं हो पाया।इसके साथ ही कई विद्यार्थियों के अभिभावकों को फोन करके 92 कोड वाले नंबर से डराया जा रहा है।

डॉक्टर राठौर ने बताया कि पूरे देश में आजकल विदेशी नंबरों से साइबर अपराधी व्हाट्सएप कॉल करके लोगों को डरा धमका रहे है। आप अलर्ट रहें, बिल्कुल डरे नहीं और इसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल अथवा साइबर थाने में दर्ज कराये। पहली नजर में तो लगता है कि यह फोन पाकिस्तान से आ रहा है लेकिन वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल करके इंटरनेट के माध्यम से ऐसी कॉल की जा रही है। ऐसा भी हो सकता है कि भारत से ही बैठकर पाकिस्तान के कोड का इस्तेमाल साइबर अपराधी कर रहे है।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने लक्ष्मण पहाडी में चलाया सफाई अभियान



चित्रकूटः कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा रविवार को कामतानाथ परिक्रमा स्थित लक्ष्मण पहाडी में 113 वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था। स्वच्छ मनुष्य स्वच्छ समाज की न्यू रख सकता है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है। हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढाती है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। सफाई अभियान के दौरान भारी मात्रा में पर्वत से कचरा बाहर किया गया। इस मौके पर सभासद शुभम केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, रसूल बख्श, जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीएनबी एटीएम से चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 17 लाख रुपये बरामद

गाजियाबाद(हि.स.)। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बैंक एटीएम से चोरी करने वाले एके शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 17 लाख, 32 हजार 500 रुपये व एक स्कूटी बरामद की है।डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को पीएनबी बैंक के चीफ मैनेजर अम्बेडकर मार्क ब्रान्च ने थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी कि पीएनबी बैंक के मॉडल टाउन एटीएम से 17 लाख, 32 हजार, 500 रुपये चोरी कर लिये गये हैं।घटना का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के खुलासे के लिए टीमो का गठन किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# शिक्षक आजीवन करते है राष्ट्र निर्माण का कार्य-डॉ मनोज पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग में वर्षो तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए जनपद के 65 शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह व मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल व महामंत्री मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सिविल लाइन्स स्थित होटल सूर्या में किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि डॉऽमनोज कुमार पांडेय, विधायक ऊँचाहार रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता अरुण त्रिपाठी , राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक ऊँचाहार डॉऽमनोज कुमार पांडेय ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नही हो सकते वो आजीवन राष्ट्र निर्माण का कार्य करते है इसीलिए हम उन्हें राष्ट्रनिर्माता कहते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास करने में लगे रहते



है। विद्यालय में सेवा के दौरान शिक्षक बच्चों तक ही सीमित रहते है, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद समाज के लोगों को जागरूक और सभी को मार्गदर्शन प्रदान करने की जिम्मेवारी बढ़ जाती है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे दान बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं लेकिन शिक्षक सदैव समाज को मार्गदर्शन देता रहता है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि हमारे जो भी सेवानिवृत्त शिक्षक साथी है हम इन सभी से सदैव मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे और ये सभी हमें सदैव प्रेरित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त होना एक सेवा का अंग है एक राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा रहता है। जिला महामंत्री मुकेश द्विवेदी ने भी शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके उज्ज्वल कार्यकाल की बधाई दी। विशिष्ट अतिथि अरुण त्रिपाठी ने भी शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और लक्ष्मीकांत शुक्ला ने भी सेवानिवृत्त शिक्षको को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों आने वाले जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ चन्द्रमणि बाजपेई जनपदीय संयुक्त मंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह, गौरा अध्यक्ष शैलेश पांडे, हरचंदपुर अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी, सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, जगतपुर अध्यक्ष डॉऽसंजय सिंह, डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा, सलोन अध्यक्ष राजेश पांडे, महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी, ऊँचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह, बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ल, शिवगढ़ अध्यक्ष गयेन्दू सिंह, रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला, छतोह अध्यक्ष आदित्य पांडे, अमावां अध्यक्ष शशि प्रकाश, लालगंज अध्यक्ष शेखर यादव, राही अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, खीरों अध्यक्ष नीरज हंस, संघर्ष समिति अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, मंत्री सुधीर सिंह, जनपदीय उपाध्यक्ष सत्येश सिंह, डॉ0 बृजकिशोर, जटा शंकर बाजपेई, उमेश त्रिवेदी, मनीष पांडे, दुष्यंत सिंह , गंगाचरण भारती, विभिन्न विकास क्षेत्रो के मंत्रीगण सुधीर द्विवेदी, नीलेश कुमार, अखिलेश, कीर्ति मनोहर शुक्ल, राकेश जायसवाल, राजेन्द्र सिंह, दिलीप गुप्त, अरविंद मिश्र, धर्मेंद्र सिंह, आशुतोष पांडेय, रामनारायण, मुन्नालाल, रमेश सिंह, आलोक मिश्र, मोऽसगीर, हरिश्चंद्र, अमर यादव, अनुपम शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता त्रिपाठी, अंजना चंद्रा, पारुल दीक्षित, मंजू सिंह, अशोक पाल, अखिलेश तिवारी , धीरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक मौर्य, मनीष दीक्षित, स्वदेश रमण त्रिपाठी समेत हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पैसे मांगने को लेकर जूस विक्रेता के ऊपर चाकू और ईंट से किया हमला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली सलोन।** पैसे मांगने को लेकर जूस विक्रेता के ऊपर चाकू और ईंट से आरोपी युवक ने हमला कर दिया।बीच बचाव करने आई विक्रेता की पत्नी को मारापीटा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के मुताबिक सूची कस्बे में राम आश्रय निवासी सेमरी झकरासी गन्ने के जूस की दुकान लगाता है।आरोप है विपक्षी अभय सिंह निवासी बेलखारिया ने दो गिलास जूस पिया।इस बीच पैसे मांगने को लेकर युवक मारपीट आमादा हो गया।वही पास रखी चाकू और ईंट से अभियुक्त ने उसपर हमला कर दिया।बीच बचाव करने आई जूस विक्रेता की पत्नी गीता को भी जमकर मारापीटा गया।कोतवाल जितेंद्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# मुख और गला कैंसर से जागरूक करने के लिए लगाया गया शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शहर के कानपुर रोड स्थित राना नगर में रमा मल्टी स्पेशलटी हॉस्पिटल एवं कैंसर सेंटर में मुख एवं गला कैन्सर के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का शुभारंभ अस्पताल के संचालक रामशरण चौधरी द्वारा किया गया। शिविर में कैंसर सर्जन डॉक्टर शशांक चौधरी ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें कैंसर से बचाव के तरीको के बारे में अवगत कराया। इस दौरान शिविर में आए हुए लोगों का मुख और गले का परीक्षण भी किया गया। शिविर में वो मरीज भी शामिल हुए जिन्होंने कैंसर जैसी बीमारी को मात दी और अपना जीवन सुख से व्यतीत कर रहे है। अस्पताल संचालक राम शरण चौधरी ने कैंसर को मात दे चुके लोगो को सम्मानित भी किया। शिविर में मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले डॉक्टर शशांक चौधरी ने बताया कि मुख्य के कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू के साथ-साथ अनियंत्रित जीवन शैली भी है। साथ ही अब कुछ जांचों में यह भी पता लगा है कि बाजार में मिलने वाले सब्जी मसाले में भी कैंसर के तत्व पाए जाते हैं इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। जहां तक हो सके घर में बने मसाले का इस्तेमाल किया जाए। तंबाकू से जहां तक हो सके दूर रहा जाए। तम्बाकू से दूर रहकर ही कैंसर जैसी बीमारी को मात दी जा सकती है।

# कांग्रेसियों ने आयोजित किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रन्टल प्रकोष्ठ प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष विजयषंकर अग्निहोत्री ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने दस वर्षो में सिर्फ झूठ बोला है, हिन्दू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद के अलावा इनका कोई ऐसा कार्य नहीं है, जिनकी बदौलत यह जनता से वोट मांग सके। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने कहा कि हम सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से है हमारे बाप-दादाओं ने देष की आजादी के लिए संघर्ष किया है, हम इस तरह देष को बर्बाद होते नहीं देख सकते हैं, आज संविधान को बदलने की बात सत्ता पक्ष द्वारा की जा रही है, जिसे स्वतंत्रता सेनानी परिवार कभी बर्दास्त नहीं कर सकता है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक में राहुल गांधी गारंटी कार्ड भरवाये गये और संगठन की ओर से कांग्रेस की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गई। स्वतंत्रता सेनानी परिवार से कमलेष द्विवेदी, इन्द्र कुमार वर्मा, शषिकांत पाण्डेय, अजय त्रिवेदी, प्रवक्ता महताब आलम, अजय कुमार सिंह, कमल कुमार त्रिवेदी, यतेन्द्र कुमार चौधरी, षिव बाबू शुक्ल, हरिओम शंकर शुक्ल, रमेषचन्द्र शर्मा, जगनंदन प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# धमकी देकर लड़की को गायब कर देने का मामला आया प्रकाश में

**रायबरेली सलोन।** एलानिया धमकी देकर लड़की को गायब कर देने का मामला प्रकाश में आया है।महिला ने सीओ को शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक पर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है।कोतवाली अंतर्गत रामीपुर बरवलिया निवासी विमला ने सीओ को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि कुछ दिन पूर्व अरोपी युवक दिवाकर ने धमकी दी थी कि उसकी लड़की को वो गायब कर देगा।25 अप्रैल रात साढ़े ग्यारह बजे घर मे रखे गहने, कपड़े,दस हजार नगदी समेत उसकी पुत्री को विपक्षी युवक भगा ले गया है।कोतवाल जितेंद्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी निभाने का किया आह्वान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** लोकसभा रायबरेली के चुनाव के मद्देनजर सरेनी विधानसभा चुनाव संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमपीएस स्कूल में आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पधारे जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि रायबरेली ही नहीं पूरे देश में मोदी का डंका बज रहा है ।मोदी की योजनाओं की बदौलत केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है ।इस बार भाजपा सरकार 400 के पार के लक्ष्य को पाकर भारी बहुमत की सरकार बनाएगी। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अपनी अपनी जिम्मेदारी के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा बैठक का संचालन संयोजक सुशील शुक्ला के द्वारा किया गया। विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने भी कार्यकर्ताओं का रायबरेली जीतने के बाबत जोरदार ढंग से आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि हमें हर हाल में बूथ तक मतदाता को पहुंचाना है तभी हम भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे ।इस अवसर पर भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, जेपी सिंह,राम प्रताप सिंह ,मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे , चंद्रप्रकाश पांडे, वीके सिंह,विकेश द्विवेदी, दिवाकर मिश्रा ,महेंद्र पटेल, राधेश्याम पाल, यतीन सिंह, मनीष त्रिवेदी, सुरेंद्र गुप्ता, यशपाल सिंह, मनीष देवपाल प्राची शालू ,अनीता वर्मा ,राम रानी वर्मा, सदन सविता आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# भाजपा की सभी विधानसभाओ में हो रही चुनाव संचालन समिति की बैठके

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक सरेनी विधानसभा में जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी निभाने का किया आह्वान लोकसभा रायबरेली के चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सरेनी विधानसभा चुनाव संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमपीएस स्कूल में आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पधारे जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि रायबरेली ही नहीं पूरे देश में मोदी का डंका बज रहा है।मोदी की योजनाओं की बदौलत केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है ।इस बार भाजपा सरकार 400 के पार के लक्ष्य को पाकर भारी बहुमत



की सरकार बनाएगी। इसी क्रम में बैठक रायबरेली विधान सभा सदर के राइजिंग चाइल्ड पब्लिक स्कुल में आयोजित की गयी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पधारे लोक सभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए उनके द्वारा किये गए कार्यो की समीक्षा किया कहा कि चुनाव को सफल एवं बेहतर बनाने के लिए समिति के सदस्यों को जो भी दायित्त्व पार्टी ने दिया वे अपने दायित्त्व को पूर्ण निष्ठा से निभाए व अपने कार्य को अमली जमा पहनाये जिससे आगामी होने चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय पताका फहराएगी।साथ ही विधान सभा ऊंचाहार में भी चुनाव संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष व लोकसभा संयोजक राम देव पाल रहे।

बैठक में मुख्य अतिथि राम देव पाल ने चुनाव संचालन समिति के एक एक पदाधिकारियों से उनके किये गए कार्यो की समीक्षा किया।जिला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला ने बताया की सभी विधान सभाओ में जो भी बैठके आयोजित हुयी उन सभी बैठको में लोकसभा चुनाव के चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# लाखों खर्च के बावजूद भी कई हैण्डपम्प खराब,पानी के लिए लोग बेहाल

## विभागीय अनदेखी का शिकार हैण्डपम्प,बूंद बूंद पानी की दरकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली नसीराबाद।** भीषण गर्मी में ग्रामीणों के सूख रहे हलक के चलते बूंद बूंद शुद्ध पानी की दरकार,लेकिन ग्रामीणों की फरियाद को अनसुनी कर रहे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार। आराम तलब कर्मचारियों की लचर कार्यशैली के चलते जिला प्रशासन समेत सरकार की किरकिरी कराने के साथ ही शासन की मंशा को डीह ब्लाक के अधिकारी पलीता लगाने से बाज नही आ रहें है।प्रदेश सरकार जहां एक तरफलाखों करोड़ो रूपए खर्च कर शुद्ध पानी के लिए हैण्डपम्प की व्यवस्था करा रही है। साथ ही इनके रख रखाव आदि के लिए लाखों रूयए पानी की तरह बहा रही है।वहीं डीह ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोठई में खराब पड़े कई



हैण्डपम्प विभागीय जिम्मेदारों के कार्यशैली पर प्रश्नचिंह लगा रहें है।जिसके चलते बूंद बूंद पानी को लेकर ग्रामीणों को समस्याओ से गुजरना पड़ रहा है। जबकि इन खराब पड़े हैण्डपम्पों के रखरखाव को लेकर लाखों रूपए सरकार पानी की तरह बहा रही है। जिससे की ग्रामीणों को शुद्ध पानी की किल्लत ना हो। लेकिन ग्राम पंचायत व ब्लाक के जिम्मेदार हैण्डपम्प की मरम्मत व रिबोर के नाम पर लाखों रूपए डकारने के बाद भीइन बदहाल हैण्डपम्पों की सुधि लेना मुनासिब नही समझ रहे।

# सलोन कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था हुई ध्वस्त

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली सलोन।** कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे है। लोगों में दहशत का माहौल है। कोतवाली क्षेत्र में एक ही दिन में आधा दर्जन से अधिक अपराधिक वारदातें हुई है। जिसकी वजह से लोगों में भय और दहशत का माहौल है। हालांकि कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई अलग अलग घटनाओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों के खिलाफकार्यवाही शुरू कर दी है। पेश है क्षेत्र में हुई सिलसिलेवार घटनाएं एक नजर में पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत सूची गांव की है। गांव निवासी राजकुमार पुत्र मंगरे अपने घर में साफसफाई कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले राम खेलावन पुत्र मंगरे, रेनू पुत्री रामखेलावन, जिम्मी पुत्र राम आधार, लालती पत्नी जिम्मी ने पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। वहीं विरोध करने पर विपक्षियों ने एकजुट होकर लाठी डंडे से पीट पीट कर अधमरा कर दिया। मारपीट में पीड़ित व उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आई है। दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के पराऊ का पुरवा मजरे धरई की है। गांव की रहने वाली विमला देवी पत्नी मोहन लाल की जमीन पर गांव के ही रहने वाले रामधनी पुत्र रामचरन, अनूप पुत्र रामधनी, अखिलेश पुत्र संतलाल, रामसिंह पुत्र रामधनी जबरन अवैध तरीके से निर्माण करवाने लगे। जिसका पीड़िता ने विरोध किया तो विपक्षी लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आई पीड़िता की बहु मीना, लड़का अमित और भतीजी सुशीला को भी आरोपितों ने जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।तीसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी की है। सूची निवासी लालती पत्नी जिम्मी सरोज अपने घर में काम कर रही थी। इसी दौरान परवारिक बंटवारे को लेकर विपक्षी रेखा पत्नी राजकुमार, राजकुमार पुत्र मंगरे, काजल पुत्री राजकुमार, अनुभव पुत्र राजकुमार महिला से गाली गलौज और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर घर में घुस कर लात और घूसों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता का आरोप है की वह गर्भवती थी।विपक्षियों ने उसका गर्भ गिराने की नियत से उसके पेट पर प्रहार कर दिया। जिससे महिला व उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है।चौथी घटना कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी के सूची चौराहे की है। सेमरी झकरासी निवासी राम आसरे गौतम पुत्र चंद्रभान गौतम सूची चौराहे पर जूस की दुकान लगाते है। आरोप है की अभय सिंह पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी बेलखारियन का पुरवा मजरे सूची उसकी दुकान पर आए और दो गिलास जूस पिया। पैसे मांगने पर उसकी जमकर पिटाई की। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी जमकर मारा पीटा। चाकू और ईट पत्थर से पीटकर पति पत्नी को घायल कर दिया और जाती सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उपरोक्त घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।पांचवी घटना कोतवाली क्षेत्र के रामीपुर मजरे बरवालिया का है। गांव की रहने वाली एक किशोरी के परिजनों को एलानिया धमकियां देकर किशोरी का अपहरण कर लिया गया। परिजनों का आरोप है की विपक्षियों ने अपहरण के पहले कई बार बेटी को गायब करने की एलानिया धमकी दी थी। और कहा था की तुम्हारी बेटी को गायब कर दूंगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं एक ही दिन में थाना क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों में हुई घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की सभी घटनाओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# डलमऊ को भीषण जाम से जल्द मिलेगी मुक्ति: अजय अग्रवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल एवं भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने आज डलमऊ पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी डलमऊ वासी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि डलमऊ में चार तरफ को बड़े शहरों को रोड जाती है जिसमें एक इलाहाबाद रोड है दूसरी फतेहपुर रोड है तीसरी लालगंज रोड है और चौथी रायबरेली रोड है। यहां पर मुराईबाग चौराहा और चारों रोड पर बहुत दूर तक भारी ट्रैकों का भीषण जाम लगा रहता है जिसकी वजह से डलमऊ का व्यापार तो चौपट हो ही गया है और आए दिन जान-माल की हानि होती है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आगे बताया कि कुछ समय पहले रायबरेली रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक छात्रा को ट्रक ने पूरी तरह कुचल दिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी स उन्होंने आगे बताया कि डलमऊ के इन्हीं रास्तों पर कई विद्यालय हैं जिससे कि बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं का आवागमन रहता है और इस जाम का एकमात्र स्थाई हल रिंग रोड अथवा बाईपास का बनना है। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने मौके को भी देख लिया है तथा सारे मामले को ठीक से समझ लिया है और वह केंद्र में नई सरकार के गठन होते ही डलमऊ के लिए रिंग रोड अथवा बाईपास बनवाने का आदेश पारित करवाएंगे ।

बैठक में भाजपा के डलमऊ मंडल के अध्यक्ष महेंद्र पटेल, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में सुधीर जायसवाल, सत्येंद्र दीक्षित, राजकमल गुप्ता, अरविंद जायसवाल, सुशील कुमार, अरविंद अग्रवाल, कृष्णकांत यादव, पवन मोदनवाल आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता सुशील शुक्ला ने हर बूथ पर बहुमत के साथ कमल खिलाने का जनता से किया आह्वान



**रायबरेली लालगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही नुक्कड़ सभाओं की श्रृंखला में खजूर गांव शक्ति केंद्र के जिनेवा कटरा, शोभवापुर शक्ति केंद्र के अनापुर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेता विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने के लिए रायबरेली का योगदान जरूरी है। सुशील शुक्ला ने कहा कि पिछले चुनाव में अमेठी ने कमल खिलाया और इस बार अमेठी के साथ रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जनता की सेवा,भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु भाजपा संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही देश के चौमुखी विकास कार्यो को आगे बढ़ाते हुए भारतीय संस्कृति, धार्मिक मूल्यों, एवं राष्ट्रवादी विचारधारा की रक्षा कर सकती हैं। सभी से एकजुट होकर रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को जिताने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता विकेश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ने ही संबोधित करते हुए कहा कि मोदी ही सर्वमान्य नेता हैं।मोदी ही देश को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए रायबरेली का हर बूथ जीतना जरूरी है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, सुशील सिंह, उदयभान सिंह, अजय सिंह, प्रखर सिंह, उपेंद्र सिंह, जयशंकर तिवारी, दिनेश सिंह सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

# नालियाँ हो रहीं चोक, घरों में घुस रहा गंदा पानी, जिम्मेदार मौन

## लेड़ियारी बाजार में सड़क चौड़ीकरण के बाद बनाई गई नाली ध्वस्त

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** लेड़ियारी बाजार में चौड़ीकरण के तहत सड़क के किनारे नाली तो बनाई गई लेकिन पूरी तरह से न बनने से निकले वाला घरों का गंदा पानी घरों में कर रहा प्रवेश शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन होने से लोगों को परेशानी हो रही है । वहीं जगह-जगह ढक्कन लगाना भूल गए । करीब छह माह बाद भी यह समस्या है । स्टेट राजमार्ग पर समूचे बाजार के पास एक तरफ नाली बनाई गई थी । जिससे अक्सर गिरकर चोटहिल हो जाते है । वहीं घर से निकले वाला गंदा पानी पूरे बाजार मे बदबू आती है ।

राहगीर आने जाने वाले मुंह ढ़क से किसी तरह निकल जाते है । लेकिन वहीं रहने वाले का जीना दूभर हो गया है । जबकि नाली में ढक्कन नहीं होने से बाइक सवार इसमें गिरने से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है । वहीं कई जगहों पर लोग कूड़ा कचरा डालकर पाट दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।

जिला पंचायत के तहत बनाई गई है नाली जगह-जगह अधूरा छोड़ कर कराया गया था । नाली में ढक्कन न होने के कारण जहां एक तरफ दुकानदार व ग्राहकों को दुकान में आने में समस्या हो रही है । वहीं दुर्घटना का शिकार लोग हो रहे हैं । नाली खुली होने के कारण उसमें बह रहे गंदा पानी की दुर्गध से भी लोग परेशान हैं । स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही हैं ।

लेड़ियारी बाजार के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा, रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी ने बताया कि लेड़ियारी में सड़क के किनारे बनाई गई नाली खुली होने से लोगों को परेशानी हो रही है । लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं । लेड़ियारी बाजार में सड़क की चौड़ाई अन्य स्थानों की अपेक्षा पहले से ही कम कर दी गई । वहीं दूसरी तरफ जहां नाली का निर्माण पूरा हो गया वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा नाली में कूड़ा कचरा डालकर पाटकर कब्जा करके अतिक्रमण किया जा रहा है । इससे जाम की समस्या बनी हुई है ।



### ग्रामीणों ने कहा.....

नाली निर्माण के बाद उसको खुला छोड़ देने से लगातार समस्या हो रही है । लोग गिरकर चोटहिल हो रहे है । जबकि नाली में गंदा पानी भरे होने से दिक्कत उठानी पड़ रही है ।

**डा, सुनील कुमार कुशवाहा**

खुली नाली होने के कारण ग्राहकों को दुकान में आने में बड़ी समस्या हो रही है । जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं । घरों का निकलने वाला गंदा पानी घरों में प्रवेश होने से परेशान हो रही है ।

**पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय केशरी**

ढक्कन न लगने के कारण नाली में जमा गंदा पानी बदबू दे रहा है । इससे ग्राहकों को भी समस्या हो रही है । सबसे ज्यादा मुसीबत इस नाली का गंदा भरे होने दिक्कत हो रही है ।

**साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ।**

छह महीने ने से ज्यादा समय से नाली का निर्माण किया गया है । लेकिन अभी तक समूचे बाजार में नाली खुली होने से सबसे ज्यादा बाइक सवार व राहगीरों को परेशानी हो रही है । आए दिन लोग चुटहिल होने से समस्या बनी हुई है ।

**ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह**

# बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी की मुख्य शक्ति-कु.रेवती रमण सिंह

## कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में जुटे जमीनी नेता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**खीरी प्रयागराज।** किसी भी दल या पार्टी की जीत तभी संभव है जब उनके जमीनी स्तर के कार्यकर्ता और नेता मन लगाकर काम करें और यह तभी संभव है जब वह अपनी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में सफल हो जाएं उक्त बातें संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन इंडिया गठबंधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद गंगा पुत्र कु. रेवती रमन सिंह द्वारा कही गई इस भीषण गर्मी में भी भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के हुजूम को देखकर मंचासिन सांसद प्रत्याशी कु.उज्वल रमण सिंह,अनुग्रह नारायण,रामकृपाल कोल,विजय बहुगुणा,संदीप पटेल,अरुण तिवारी सहित दर्जनों नेता गदगद हो उठे और संवाद के दौरान यह सुनिश्चित किया की आने वाले मतदान के दिन गठबंधन प्रत्याशी के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाकर जिताने का कार्य किया जाएगा कु. उज्जवल रमण सिंह द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं से निवेदन करते हुए कहा गया कि आज से और अभी से आप सभी लोग अपने-अपने बूथ और गांव स्तर पर मजबूती से लग जाए क्योंकि यह लड़ाई पूंजीपतियों, भ्रष्टाचारी, और झूठे वादा करने वाली से है यह यमुनापार की धरती सदैव से उपेक्षा का शिकार रही है कुंवर साहब के द्वारा लगवाए गए एनटीपीसी के बाद आज तक कोई फैक्ट्री जमुनापार में नहीं लगवाई गई इसी क्रम में मंचासीन दर्जनों जमीनी नेताओं द्वारा अपने ओजस्वी भाषण से कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से लल्लन पटेल,उमा शंकर पटेल,गायत्री प्रसाद,पप्पू यादव,विनय कुशवाहा,बब्बू गौतम,जोगिंद्र सिंह,देवेंद्र सिंह डील,धनुष सिंह,अनुज कुशवाहा,आनंद पटेल,रविसिंह,रविंद्र जैसल,पुष्पराज सिंह,दीपक पटेल,सोमदत्त पटेल, माशूक अहमद,किताब अली,विजय केसरी,तेज बहादुर सिंह, बीके यादव,बृजेश शुक्ला,नसीम अहमद,हरी शंकर पाल,प्रमोद पयासी, दाले खा, सरवर अली,गीता पासी,बबलू गुप्ता,चौधरी गुप्ता सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# नैनी कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमन सिंह का नैनी कार्यालय पर भव्य स्वागत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** आज कॉटन मिल तिराहा कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के लोक सभा प्रत्यासी एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार उज्जवल रमन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक को सभी कार्यकर्ता ने मिल कर माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस प्रत्यासी ने आये हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण से एक जुट होकर इस चुनाव मे घर घर जाकर संपर्क करने के लिए कहा और सभी बूथों पर एजेंट नियुक्त करने का निर्देश दिया।

और कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र में संविधान को बचाने, एवं महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ लड़ा जा रहा है, जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नीतियों को बताना पड़ेगा। बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा अंशुमन तथा संचालन महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया।

बैठक को संबोधित करने वालों मे सर्वश्री शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा , नफीस अनवर विवेक पांडेय, अंजुम नाज़, राकेश श्रीवास्तव, बब्बन् दुबे, विनय कुशवाहा, केदार नाथ सचदेव, निजामुद्दीन, मुन्ना जाफरी, शत्रुघंन भारतीय, प्रदीप वर्मा, राजकुमार कुशवाहा , नागेश भारतीय,अनिता वर्मा, मोहम्मद् अजहर, अन्नू शुक्ला, सुनील रावत, बजरंगी, प्रांजल केशरवानी,शिव शंकर मिश्रा, अजय यादव, लल्लंन पटेल,हिमांशु, वीरेंद्र यादव, उषा गौर, उर्मिला आदिवाशी, सौरभ पांडे, राम शेन यादव, विजय कुशवाहा , संगम लाल, सुनील श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

# लाठी डंडे से पीट पीटकर महिला की हत्या, आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**इस्माइलपुर( प्रयागराज)।** सोरांव थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर के तौकलपुर खरगापुर गांव में जमीनी विवाद में रविवार सुबह एक महिला की लाठी डंडे से पीट पीटकर महिला प्रेम लता की हत्या कर दी गई।

मृतक महिला के पति बच्चा लाल यादव ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जबकि अन्य फरार बताए जा रहे हैं। बताया गया कि उक्त गांव निवासी बच्चालाल यादव और रामअवतार के बीच आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच उक्त जमीन पर सुलह समझौते की तीन चार बार पंचायत हुई थी। इधर दोनो पक्ष के बीच विवाद बढ़ता जा रहा था।

बच्चालाल ने पुलिस को बताया कि रविवार को रामअवतार पक्ष के लोग विवादित जमीन पर निर्माण कर रहे थे। जब उसने मना किया तो जयसिंह, रामअवतार, अंकित, आदित्य, अनुज व अनिल आदि लाठी लेकर उनके परिवार के सदस्यों को मारने पीटने लगे।

घटना में सरिता, दीपक, अंतिमा, भोला व प्रेमलता गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर सोरांव सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने एसआरएन रेफर कर दिया।

अस्पताल ले जाते समय प्रेमलता की रास्ते में मौत हो गई। बच्चालाल की तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# होलागढ़ में बन रहे हाइवे सड़क में तालाब खुदाई में वर्चस्व की लड़ाई,मारपीट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज)।** इलाके में बन रही हाइवे सड़क में तालाब खुदाई कर मिट्टी निकालने में वर्चस्व की लड़ाई जोरों पर है।शनिवार को धुसुरपुर,चांटी गांव के कुछ अराजको ने जेसीबी के ड्राइवर की पिटाई कर दी।जिसका सिर भी फट गया। मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर जाकर हकीकत जानी और गांव के दो नीरज पटेल पुत्र सोहन लाल और महेंद्र पटेल को पुंछ तांछ के लिए थाने उठा ले गई।कमोवेश इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने कतिपय पुलिस और कुछ अराजक के खिलाफ मवेशी के ऊपर बम से हमला का आरोप लगाया।हालाकि थानाध्यक्ष सविन तोमर ने बताया कि बम मारने की सूचना सरासर गलत है।एक दिन पूर्व सड़क के ठेकेदार के आदमी को कुछ लोगों ने मारा पीटा था। जिसकी तहरीर अभी नहीं मिली है।

# चांदपुर सराय भारत में जवाबी बिरहा संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**इस्माइलपुर( प्रयागराज)।** सोरांव विकास खंड के चांदपुर सराय भारत गांव में शनिवार की रात जोरदार जवाबी बिरहा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे बिरहा गायक ज्योति यादव और देवेंद्र बजरंगी के बीच जोरदार मुकाबला देखने का मिला।

ग्रामीणों ने जोरदार ताली बजाकर दोनों कलाकारो का स्वागत किया। महेंद्र यादव, अजय यादव, ओम प्रकाश यादव, प्रकाश यादव, राजू यादव, महेंद्र यादव दोनों कलाकारों को इलाके का नाम रोशन करने के लिए माला एवं साल पहनाकर और हजारों रुपया इनाम देकर सम्मानित किया।

# अनाधिकृत यात्रियों और अवैध वेंडरों के विरूद्ध चलाया गया अभियान

**नैनी(प्रयागराज)।** मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला के दिशा निर्देश में सहायक मंडल वाणिज्य प्रबन्धक दिनेश कुमार के नेतृत्व में प्रयागराज छिवकी स्टेशन टीम द्वारा स्टेशन पर सघन निरीक्षण किया गया जिसमे मुख्य वाणिज्य निरीक्षक प्रयागराज छिवकी ओम प्रकाश, मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश चौधरी ,आरपीएफ निरीक्षक जितेंद्र कुशवाहा एव अन्य सदस्य शामिल रहे।

टीम द्वारा प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर कुल 3 गाड़ियों में सघन जांच के दौरान 21 यात्री अनधिकृत या अनियमित यात्रा करते या स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते पाए जिनसे जुर्माने के रूप में रुपये. 16365/ नियमानुसार चार्ज एवं वसूल किया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 12176 के प्लेटफार्म 2 पर आने पर निरीक्षण के समय कुल 08 व्यक्ति अनधिकृत रूप से खाने- पीने की वस्तुएँ बेचते पाए गए। सभी अनधिकृत वेंडर को आवश्यक कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल को सौपा गया। गाड़ी संख्या 12142 के रसोइयान में रेलनीर के उपलब्ध होते हुए भी बिना अनुमति के एल्विश ब्रांड का पानी पाया गया जिसे ज़ब्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सौपा गया।

**☞ सहायक वाणिज्य प्रबन्धक प्रथम प्रयागराज द्वारा प्रयागराज छिवकी स्टेशन का किया गया औचक निरीक्षण**

# दस महीने के अंदर बदल गयी उतरांव थाने की तस्वीर, शत प्रतिशत अपराधी सलाखों के अंदर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतरांव।** दस महीने के अंदर उतरांव थाने की तस्वीर बदल चुकी है।शत प्रतिशत मुकदमों में वांछित अभियुक्त पकड़ कर जेल भेज दिये गये। वहीं पुलिस की तेज और त्वरित कार्यवाही से अपराधियों की शामत आ गयी है। लोगों को न्याय मिलने से थाने पर भीड़ बहुत कम लगती है। काबिले गौर बात यह है कि थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी 14 जुलाई 2023 को थाने का चार्ज लिया है। तब से शत प्रतिशत अपराधी सलाखों के पीछे है। बड़ी वारदातों का तुरंत खुलासा और अपराधी पकड़ कर तत्काल जेल भेजें गयें ।बताया जाता है कि उन्होंने थाने का चार्ज लिया तो सर्वप्रथम थाने पर आने वाले दलालों की छुट्टी कर दी। जिससे थाने पर भीड़ बहुत कम हो गई। थानाध्यक्ष के द्वारा 10 महीने के अंदर संगीन अपराधों में विचरण कर रहे वांछित 60 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे कर दिया। यहीं भर नहीं 10 महीने के अंदर थानाध्यक्ष की त्वरित और तेज कार्रवाई से घटित संगीन वारदातों में अपराधियों को कुछ घंटे के अंदर जेल जाना पड़ा है। 18 मार्च 2024 की रात को मोतिहां गांव के युवक रंजीत कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 19 मार्च को पुलिस ने रंजीत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनास्थल पर मिले एक चश्मे की वजह से थानाध्यक्ष ने 24 घंटे के अंदर वारदात को अंजाम देने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। इसी प्रकार क्षेत्र के दमगड़ा गांव में 7 मार्च 2024 को मामूली बात को तूल पकड़ा कर दो समुदाय के लोग आपस में भीड़ गए। जिसमें थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों से संगीन धाराओं में वांछित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 13 नवंबर 2023 को क्षेत्र के छबिलहां गांव में अनिल कुमार श्रीवास्तव की परिवार के लोगों ने हत्या कर दी थी। थाना अध्यक्ष ने आरोपित चारों अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 24 अक्टूबर 2023 को बेनीपुर गांव के पास अवधेश यादव को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। जिसमें वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 13 अगस्त 2023 को उतरांव पुलिस ने शराब तस्करों से लगभग 25 लाख की शराब को बरामद किया। 30 मार्च 2024 को बाइक चोरों के गिरोह को दबोच कर पुलिस ने 13 बाइकें बरामद किया। पकड़े गए बाइक चोर कई थाना क्षेत्रों में बाइक चुराकर पुलिस की नाक में दम कर दिया था। 18 मार्च 2024 उतरांव पुलिस ने रेहथू गाँव में छापा मारकर 80 लाख रुपये की अफीम बरामद किया है। इस गाँव में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी। इसी क्रम में 24 अप्रैल 2024 को हाईवे ज्ञान लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को थानाध्यक्ष ने दबोचकर उनके पास तमंचा, चाकू और लूटी गयी बाइक, रुपया, आधार बरामद कर जेल भेज दिये गये। लूट की घटना का 8 घंटे में ही खुलासा हो गया। लुटेरे हंडिया के ढोकरी, सराय मंसूर के सुरेन्द्र पासी, अमन पासी, अंशु पासी है। 27अप्रैल 2024 को थानाध्यक्ष ने एक ऐसे जानवर प्रवृत्ति अपराधी दबोचा जो समोधीपुर गाँव का है। जो मानवता को शर्मसार कर दिया ।वह तीन साल की मासूम बेटी के साथ अमानवीय कुकर्म किया । जिसे जेल की हवा खानी पड़ी।

# सालाना उर्स मस्तान शाह बाबा में कौवालो ने बांधा समा

**फूलपुर।** थाना अंतर्गत मैलहन रोड पर कुतुबपुर गांव में लबे सड़क स्थित हजरत मस्तान शाह बाबा की मजार पर सालाना उर्फ पर बीती रात जहां अकीदत मन्दों ने बाबा की मजार पर सिन्नी व चादरपोशी करके दुआये मागी। वही कमेटी के पूर्व अध्यक्ष महमूद अहमद ने बाबा के दरबार में हाजिरी देकर मुल्क और कौम की खुशहाली तरक्की व तहफ्फुज की दुआ मांगी। पूरी मजार व मेला मैदान रंगीन रोशनी से नहाया हुआ था। मजार के मैदान में रात भर महिलाओं पुरुषों ने जमीन पर बैठकर कौवाली का मजा लिया। राशिद फैजाबादी एवं नगमा बानो बनारसी के मध्य कौवाली का मुकाबला हुआ। राशिद कौवाल ÷यहां जान जाती है मुझे इसका गम नहीं, आबरू भारत की न जाने पाए लाल हरे रंगों में हमको ना बांटो मेरी छत पर एक तिरंगा रहने दो÷ आदि कलाम से लोगों के दिलों में देश प्रेम भर दिया । मौके पर प्रबंधक राजू दरगाही व डॉ अब्दुल हई अंसारी, प्रधान भंभई, प्रधान कुतुबपुर, प्रधान अतरौरा, मैलहन के अलावा असगर अली, अब्दुल हकीम, भाया, इरफान, एजाज खान, आफताब आलम आदि तमाम सदस्य कमेटी के उपस्थित रहे।

# घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा चोरी

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत जारी बाजार नहर पुलिया के समीप शुक्रवार की बीती रात घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा चोरी हो गयी।जारी बाजार निवासी संजय केशरवानी रोज की तरह शुक्रवार को रात 10 बजे ई रिक्शा चलाकर अपने घर के सामने खड़ी किया था। जब शनिवार को सुबह सोकर उठा तो घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा नही दिखा तो आस पास काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नही चला जिससे सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुँची पुलिस जांच में जुटी।

# पूरी दुनिया की नजर होम्योपैथिक पर- डॉ सी पी सिंह

## डॉ. हनीमैन की जयन्ती के अवसर पर होम्योपैथिक साइन्टिफिक सेमिनार का आयोजन

**प्रयागराज।** आज होम्योपैथी के प्रचार - प्रसार एवं रिसर्च को करने - कराने तथा उसे चिकित्सकों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध संस्था रिसर्च सोसाइटी ऑफ होम्योपैथी के तत्वाधान में होम्योपैथी के जनक डॉ. हनीमैन की जयन्ती के अवसर पर होम्योपैथिक साइन्टिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि, उ. प्र. होम्योपैथी के निदेशक डॉ. अरविन्द वर्मा, उ.प्र. होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ. बी.एन. सिंह तथा एन.सी.एच. के सदस्य डॉ. आनन्द चतुर्वेदी द्वारा डॉ. हनीमैन के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में नेशनल होम्यो. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप सोनकर, अयोध्या कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय पुष्कर, कानपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश वर्मा, आजमगढ़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र राजपूत, शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. नरेश अरोरा, डॉ. एस.जी. सिंह, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, रायबरेली के डॉ. आर.पी. मौर्या थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह ने कहा कि विगत 200 वर्षों में डॉ. हनीमैन से महान चिकित्सक पूरी दुनिया में पैदा नहीं हुआ। आज पूरी दुनिया आशा भरी निगाहों से टकटकी लगाये होम्योपैथी की ओर देख रही है। वरिष्ठ होम्यो. चिकित्सक डॉ. गिरीश गुप्ता ने क्रिटिकल केसेस पर अपना शोधपत्र प्रस्तृत किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज श्रीवास्तव एंव डॉ. आर. पी. मौर्य ने किया। कार्यक्रम को संचालक समिति के सदस्य डॉ. गौरांग गुप्ता, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. आर. के. सैनी, डॉ. राजेश गौतम, डॉ. रूपेश पाण्डेय, डॉ. अनुरूद्ध वर्मा, डॉ. नीरज गाँधी, डॉ. नूतन शर्मा, डॉ. जी.सी. गुप्ता, डॉ. पीयूष शुक्ला, डॉ. आदर्श त्रिपाठी, डॉ. अदनान फारूकी, डॉ. रूख्साना खातून, डॉ. हर्षित कुमार, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, डॉ. रेनू यादव, डॉ. मनीराम वर्मा, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अकबर अली, डॉ. पी. एस. जायसवाल, डॉ. अरूण प्रकाश, डा. पार्थ पटेल, डॉ. नेहा धवन, डॉ. उर्मिला सिंह, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति पंकज, डॉ. अजय सिंह आदि लोगों ने डॉ. हनीमैन और होम्योपैथी पर अपने विचार रखे। अंत में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.के. शुक्ला ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।



# रितेश हत्या कांड में एक गिरफ्तार

**कोरांव(प्रयागराज)।** थाना कोरांव क्षेत्र के पचेड़ा गांव में बीते गुरुवार को चाकू मारकर हुई रितेश मिश्रा की हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।पंजीकृत मु0अ0सं0 96/2024 धारा 302/34 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त अजीत कुशवाहा पुत्र शिवशंकर निवासी पचेड़ा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को थाना कोरांव पुलिस द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर बढ़वारी पुलिया के पास थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# हत्या के आरोप में वांछित दो गिरफ्तार

**कोरांव(प्रयागराज)।** थाना कोरांव में बीते दिनों खिवली गांव में हुई हत्या के आरोप में पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2024 धारा 147/148/149/323/504/506/308/302/34 भा0द0वि0 के 02 वांछित अभियुक्तगण शशिकर द्विवेदी पुत्र अनुसुइया प्रसाद नि0 ग्राम खिवली कला थाना कोरांव,अखिलेश कुमार पुत्र अनुसुइया प्रसाद नि0 ग्राम खिवली कला थाना कोरांव को पुलिस द्वारा आज मुखबिर की सूचना पर ग्राम रत्यौरा चौराहा के पास थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# किसान विरोधी,नवजवान विरोधी भाजपा सरकार- रेवती रमण सिंह



**प्रयागराज।** भाजपा ने किसानों नवजवानों को छलने का काम किया उक्त बातें पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में कोरांव में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं उन्होंने कहा कि आज सभी वर्ग परेशान हैं मंहगाई बेरोजगारी चरम पर हैं इसलिए रोटी पलटने का समय आ गया।कार्यक्रम के विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, शेखर बहुगुणा, पप्पू निषाद, अरुण तिवारी, रामदेव निडर, लल्लन सिंह, विनय कुशवाहा, जयशंकर भारतीय, राविंद्र यादव, जयप्रकाश पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, आशा राम पाण्डेय, बब्लू शुक्ला आदि रहे।

# अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की जन्मदिन को कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ता खुशी में जगह-जगह मिठाइयां भी बांटी। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव युवा मंच सावंत सिंह पटेल , गंगा पार जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित मंच आदित्य पासी, और जिला कार्यकारिणी सदस्य अनीश सिंह तथा विधानसभा उपाध्यक्ष फूलपुर सुशील कुमार आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता 28 अप्रैल को जनपद मिर्जापुर केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर अपनी नेता की जन्मदिन की बंधाई दी। उसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा फूलपुर और प्रतापपुर में अपनी नेता की जन्मदिन की खुशी में जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की खुशी मनाई।

इसी क्रम में पार्टी के विधानसभा प्रतापपुर अध्यक्ष धर्मराज पटेल की अगुवाई में पार्टी कार्यालय मोहिउद्दीनपुर पर अपनी नेता की जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर खुशी मनाया।


# कांग्रेस नेता के निधन पर शोक की लहर, दी गई श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** किसान कांग्रेस गंगापार के जिलाध्यक्ष समर बहादुर के मौत पर कांग्रेस पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।समर बहादुर पटेल कई सालों से किसान कांग्रेस पार्टी में जिलाध्यक्ष गंगापार थे। वह विकास खंड मऊआइमा के दामोदरपुर गांव के रहने वाले थे वर्तमान समय में बहरिया के करनाईपुर बाजार में रहा करते थे। कांग्रेस नेताओं और स्थानीय लोगों के मुताबिक गरीब मजदूर वह गरीब किसानों की आवाज उठाते थे। सेवानिवृत्त शिक्षक समर बहादुर पटेल किसानों के नेता भी माने जाते थे। रविवार की सुबह हार्टअटैक से उनका निधन हो गया उनके निधन पर शोक संवेदना में राष्ट्रीय सदस्य कांग्रेस कमेटी अशफाक अहमद, देवराज उपाध्याय, रामकिशन पटेल, अंशुमान पटेल, डॉक्टर कृष्ण कुमार द्विवेदी, इश्तियाक अहमद, नसीम हाशमी, मोहम्मद सलीम, जवाहर दिवाकर, रश्मिता दुबे, सदस्य जिला पंचायत सिद्धनाथ मौर्य, रामपूजन यादव राहुल यादव, जगदीश प्रसाद, शंकर लाल पटेल व महेंद्र कुमार गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।



# चीन के साथ बातचीत सुचारू रूप से चल रही है, भारत कभी नहीं झुकेगा -राजनाथ सिंह



**अहमदाबाद,एजेंसियॉ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारु रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है तथा भारत कभी नहीं झुकेगा। लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के वास्ते प्रचार करने के लिए अहमदाबाद में मौजूद सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। चीनी आक्रामकता को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, ÷भारत अब कमजोर भारत नहीं रहा। भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं।उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच जो भी मुद्दे हैं, उन पर बातचीत सुचारू रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है। उन्होंने कहा, ÷मैं समझता हूं कि हमें वार्ता के नतीजे का इंतजार करना चाहिए। लेकिन मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत कहीं भी झुका नहीं है और न ही कभी झुकेगा।÷ सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है, आगे चलकर और बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ÷2014 में हमने 600 करोड़ रुपये का रक्षा सामान निर्यात किया था, लेकिन अब यह आंकड़ा 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है और मैं कह सकता हूं कि यह बढ़ने वाला है।÷ मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं, चाहे मिसाइलें और अन्य हथियार, बम या टैंक हों, भारत में और भारतीयों द्वारा बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷आज, हमने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का रक्षा उत्पादन हासिल किया है।

## उन्नाव में सड़क हादसा, छह की मौत, 22 घायल

**उन्नाव,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर के पास रविवार दोपहर यात्रियों से भरी निजी बस की ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई और कम से कम 22 लोग घायल हो गए। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है।सीओ ऋषिकांत शुक्ला के मुताबिक हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और चार पुरुष हैं। इस हादसे में 20 से 22 लोग घायल हैं। नौ लोगों को उन्नाव जिला चिकित्सालय भेजा गया है तथा इतने ही लोगों को कानपुर नगर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। एसपी सिद्धार्थ एस मीणा ने घटनास्थल पर हालात का जायजा लिया।

# एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा- अमित शाह

**एटा, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी।अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह ÷राजू भैया÷ के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं



दिख रही है।उन्होंने जनता से अपील की कि राजू भैया को सांसद बनाओ, बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। अब आपको तय करना है राम मंदिर बनाने वाले को वोट देना है या फिर रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को। कांग्रेस और सपा ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य भूमिका निभाई।जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने भी संबोधित किया। लोकसभा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने अमित शाह का स्वागत किया।राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं और मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना है, लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।

# अभिनेता साहिल खान छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गिरफ्तार

## महादेव सट्टा ऐप मामले में है नाम



**रायपुर, (हि.स.)।** महादेव सट्टा ऐप मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। उन्हें मुंबई ले जाया गया है। पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।बॉम्बे हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहिल को जगदलपुर से गिरफ्तार किया गया। साहिल खान पर बेटिंग साइट चलाने और प्रमोट करने का आरोप है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक बॉम्बे हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत और गिरफ्तारी से राहत नहीं मिलने के बाद साहिल खान मुंबई छोड़ कर फरार हो गया था। लगभग 40 घंटे तक पीछा करने के बाद पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार किया।पुलिस ने बताया कि साहिल खान और 31 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ जांच जारी है। जिसके तहत उनके बैंक खातों, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच की जा रही है।'स्टाइल' और 'एक्सक्यूज मी' जैसी फिल्मों में काम कर चुके साहिल खान फिटनेस विशेषज्ञ हैं। एक्टर पर लायन बुक ऐप को प्रमोट और उनके इवेंट्स अटैंड करने का आरोप है। लायन बुक को प्रमोट करने के बाद उन्होंने बतौर पार्टनर लोटस बुक 24/7 ऐप लॉन्च किया।

# संपत्ति लूटने की योजना बना रही है कांग्रेस-पीएम मोदी



**दावणगेरे ,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के दावणगेरे में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि 26 अप्रैल को हुए मतदान ने कांग्रेस पार्टी को परेशान कर दिया है। अब, यह पार्टी 7 मई को कम से कम %खाता खोलने% की व्यर्थ कोशिश में है। उन्होंने कहा, %पूरी कांग्रेस इस कोशिश में लगी है कि 7 मई को कुछ तो ऐसा हो ताकि कम से कम एक खाता तो खुल जाए। उनके लिए इस बार दिल्ली में खाता खुलने की संभावना खत्म हो गई है। दावणगेरे का ये विशाल जनसमर्थन यह बता रहा है कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सज़ा देकर रहेगी।पीएम मोदी ने कहा, %अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग गुटों में चल रही अंदरूनी लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी। सभी गुट एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ते नजर आएंगे।% ईवीएम के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा, %ये पहले जब भी हार जाते थे तो श्वङ्करूको टोपी पहना देते थे। वो दिन-रात चुनाव आते ही श्वङ्करू की माला जपते रहते थे। अब परसों सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा चांटा मारा है कि वे असमंजस में हैं कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के लिए क्या कहेंगे। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी हार के बाद क्या बयान देना है, उसके ड्राफ्टिंग में लगी हुई है।पीएम मोदी ने अपनी पार्टी और कांग्रेस की तुलना करते हुए कहा, %आज एक ओर बीजेपी सरकार, देश को आगे लेकर जा रही है, दूसरी ओर कांग्रेस कर्नाटक को पीछे धकेल रही है। एक ओर मोदी का मंत्र है - विकसित भारत के लिए चौबीसों घंटे काम... 24×7 स्नश्रह्र 2047। दूसरी ओर कांग्रेस का वर्क कल्चर है- ब्रेक करो और ब्रेक लगाओ। कांग्रेस देश की एकता को ब्रेक कर रही है और डेवलपमेंट के कामों पर ब्रेक लगा रही है।पीएम मोदी ने जनता से कहा, %मोदी का वर्तन, मोदी का समर्पण, 10 सालों से देश देख रहा है। 280 करोड़ आंखें देख रही हैं मोदी जी की सेवा! ये है आपका मोदी, वो मोदी जिसे आपने जाना, परखा और पास किया, जो मैं 2014 और 2019 में नहीं देख सका, वह आज 2024 में देख सकता हूं। आपका प्यार मुझे और अधिक, और अधिक करने के लिए प्रेरित कर रहा है।% इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम ने जनता से कहा, %मैंने सुना है, इंडी अलायंस वालों ने नया फॉर्मूला निकाला है। पांच साल में सभी साथियों को एक-एक साल के लिए पीएम बनाएंगे। यानी एक साल एक पीएम, दूसरे साल दूसरा पीएम, तीसरे साल तीसरा पीएम, चौथे साल चौथा पीएम, पांचवें साल पांचवां पीएम। ऐसे में देश का भला हो पाएगा, आपका या आपके बच्चों का भला हो पाएगा?इनहेरिटेंस टैक्स के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए पीएम मोदी ने कहा, %कांग्रेस आपकी संपत्ति लूटने की योजना बना रही है। अमेरिका से कांग्रेस के गुरुओं ने उसे भारत में इनहेरिटेंस टैक्स लाने का निर्देश दिया है। क्या आप अपनी मेहनत की कमाई को व्यर्थ जाने देंगे? नहीं, कांग्रेस से सावधान रहें, यह सचमुच देश के लिए ख़तरा है।% अपनी तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, %देश की सुरक्षा की अगर कोई गारंटी है तो उसका नाम मोदी है। देश में विकास सुनिश्चित करने की अगर कोई गारंटी है तो उसका नाम है मोदी। ये मोदी है, ये घर में घुस कर मारता है। मेरे देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है।

# सीबीआई टीम ने बेमेतरा पहुंच कर बिरनपुर हिंसा की जांच शुरू की

**रायपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ सरकार की मांग पर सीबीआई ने बिरनपुर सांप्रदायिक दंगे में 12 आरोपितों के विरुद्ध नए सिरे से केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के लिए सीबीआई की टीम शनिवार को इंडिगो की रूटीन फ्लाइट से रायपुर पहुंची। इसके बाद सीबीआई की टीम रायपुर एयरपोर्ट से सीधे दो वाहनों से बेमेतरा के बिरनपुर पहुंची।बेमेतरा पुलिस से केस डायरी लेकर सीबीआई जांच में जुट गई है। विधायक ईश्वर साहू से सीबीआई की टीम ने मुलाकात की। सीबीआई की जांच टीम में एसपी, डीएसपी और टीआई स्तर के अधिकारी शामिल हैं। टीम कैम्प लगाकर मामले की आगे जांच करेगी।21 फरवरी 2024 को विधायक ईश्वर साहू ने विधानसभा सदन में इस मामले को उठाते हुए इसकी सीबीआई जांच की मांग की थी। बिरनपुर गांव छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के साजा तहसील मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। बिरनपुर हिंसा का ही असर था कि साजा विधानसभा सीट से कांग्रेस के कद्दावर नेता रविंद्र चौबे अपनी सीट ईश्वर साहू से हार गए।उल्लेखनीय है कि 8 अप्रैल 2023 में बिरनपुर में स्कूल से लौट रहे बच्चों को दूसरे समुदाय के बच्चों ने पीटा। जब बच्चों के परिजन पिटाई करने वाले समुदाय के पास शिकायत लेकर गए तो उन पर पथराव कर दिया गया। इसी दौरान हुए चाकू के हमले में विधायक ईश्वर साहू के पुत्र भुवनेश्वर साहू की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने 12 लोगों की गिरफ्तारी की जो अभी न्यायिक हिरासत में हैं। 12 व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 336, 307, 302 और 120-बी के तहत दर्ज मामले को अब सीबीआई ने अपने हाथ में लिया है।इस मामले में सीबीआई जांच को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए किसी की मौत सिर्फ राजनीति का विषय है। झीरम मामले में अभी तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है।

# नैनीताल के जंगलों में लगी आग को वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से बुझाया गया

**देहरादून, एजेंसियॉ।** उत्तराखंड वन विभाग ने रविवार को कहा कि जंगलों में भड़की आग अब नियंत्रण में है और पिछले 24 घंटों में किसी बड़ी घटना की सूचना नहीं है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षण प्रसन्न कुमार पात्रो ने कहा, हमारे हिसाब से स्थिति नियंत्रण में है और पिछले 24 घंटों में कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले में दो-तीन जगह पर आग लगी हुई है जबकि चंपावत, अल्मोडा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में एक-एक जगह पर वनाग्नि है।पात्रो ने बताया कि नैनीताल-भवाली मार्ग पर लड़ियाकाटा और पाइन्स क्षेत्र के जंगलों में लगी आग को वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से बुझा दिया गया है। जंगल में लगी आग हाईकोर्ट कॉलोनी तथा वायु सेना के संवेदनशील उपकरणों वाले बेस के पास तक खतरनाक ढ़ंग से पहुंचने के बाद उसे





बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की सहायता ली गयी।

वन अधिकारी ने बताया कि अन्य जगहों पर लगी आग को बुझाने के प्रयास जारी हैं और जल्द ही उन पर काबू पा लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि नेपाल से लगे उत्तराखंड के चंपावत और नैनीताल जिले के निचले क्षेत्रों में लू चलने से बढ़ी शुष्कता के कारण कुमाऊं में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। यहां जारी एक बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक 24 घंटे की अवधि के दौरान ही प्रदेश में वनाग्नि की 23 घटनाएं सामने आयीं जिनमें से 16 कुमाऊं क्षेत्र की हैं। इन घटनाओं में 34.175 हेक्टेअर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ।

# जनता की भावनाओं को समझते ही '400 पार' का नारा भूल गयी भाजपा -अखिलेश यादव

**संभल,एजेंसियॉ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आम चुनाव के तीसरे चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक भी सीट न मिलने का दावा करते हुए रविवार को कहा कि जनता की भावनाओं को समझा सत्तारूढ़ दल 400 पार का नारा भूल गया है। सपा प्रमुख ने संभल में पार्टी उम्मीदवार जिया-उर-रहमान बर्क के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा ने 400 पार का नारा दिया। जैसी ही दूसरा चरण समाप्त हुआ, (वे) 400 पार का नारा भूल गये। यादव ने कहा, भाजपा के लोगों को हवा का रुख पता नहीं था, इसलिए 400 पार कह रहे थे और जब दो चरणों के चुनावों में जनता की भावना समझ गए कि जनता 400 सीटें हराने जा रही है तो भाजपा अपना नारा भूल गयी। सपा प्रमुख ने कहा, पहले चरण में पश्चिम से जो हवा चली उसने भाजपा को पलटने का काम किया, उनकी सरकार को बदलने का काम किया। दूसरे चरण में भी वही दिखा, लोग भाजपा को स्वीकार नहीं कर रहे। तीसरे चरण में अब आपकी जिम्मेदारी है। यादव ने संभल से अपना रिश्ता जोड़ते हुए कहा, इस हिस्से से लेकर हमारे घर (इटावा-मैनपुरी) तक चुनाव है। इस क्षेत्र (संभल) से नेताजी (मुलायम सिंह यादव) भी सांसद रह चुके हैं। यहां से लेकर मैनपुरी तक वोट पड़ने जा रहा है। इस चरण में मैं कह सकता हूं कि भाजपा का किसी भी लोकसभा में खाता नहीं खुलने वाला। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव 1998 और 1999 में दो बार संभल लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन सीट की गिनती हो जहां भाजपा सबसे ज्यादा मतों से हारी हो, तो उनमें संभल संसदीय सीट का भी नाम होना चाहिए। यादव ने कहा, यह चुनाव श्रद्धांजलि देने का भी चुनाव है। हम लोगों ने टिकट बहुत लोकप्रिय



शफीक-उर- रहमान बर्क साहब को दिया लेकिन वह हमारे बीच नहीं रहे। यह श्रद्धांजलि देने का चुनाव है। वहीं जिंदादिल यादों का भी चुनाव है। वह अपने लोगों के हक अधिकार के लिए हमेशा खड़े रहते थे। संभल से सपा सांसद शफीक-उर-रहमान बर्क चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार घोषित किये गये थे लेकिन उसी दौरान उनका निधन हो गया था। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि यह चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है, क्योंकि एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं और दूसरी ओर विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' और समाजवादी लोग हैं, जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया, ÷एक तरफ संविधान के रक्षक लोग हैं और दूसरी तरफ संविधान के भक्षक लोग हैं। यादव ने आरोप लगाया, संविधान को समाप्त करने और हमारा-आपका वोट का अधिकार छीनने के लिए भारतीय जनता पार्टी साजिश कर रही है, इसलिए यह चुनाव संविधान को और अपने अधिकार को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान बदलने निकले हैं, उनको जनता बदल देगी। यादव ने भाजपा पर किसानों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा, ÷समाजवादी-'इंडिया' गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों को सुविधाएं देगी। फसलों की एमएसपी की गारंटी देगी।सपा प्रमुख ने भाजपा पर किसानों की तरह नौजवानों को भी धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ दल ने नौजवानों के लिए हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा जब से सरकार में आयी है, हर भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सेना में स्थायी भर्ती समाप्त कर 'अग्निवीर' योजना लाकर चार साल की नौकरी कर दी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को लेकर अंदेशा जाहिर किया कि यह सरकार खाकी वर्दी वालों की भी 'अग्निवीर' की तरह ही तीन साल की नौकरी कर देगी।

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में सफाए के बाद हताश प्रधानमंत्री डर फैला रहे हैं

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर लगाए आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में ''सफाया'' होने के बाद ''हताशा'' में ''डर फैलाने'' का काम कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कर्नाटक में मोदी की रैली से पहले उनसे कुछ सवाल किए। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''दूसरे चरण में सफाए के बाद हताश प्रधानमंत्री आज कर्नाटक में कई रैलियां कर रहे हैं। कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका उन्हें झूठ बोलने और डर फैलाने के बजाय जवाब देना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जन प्रतिनिधियों के रूप में भाजपा सांसदों का प्रदर्शन इतना खराब क्यों रहा है? केंद्र ने सात महीने की देरी के बाद सूखा राहत निधि की 20 प्रतिशत से भी कम राशि क्यों जारी की? केंद्र 'अपर भद्रा' और महादयी परियोजनाओं को क्यों रोक रहा है?''रमेश ने संसदीय अनुसंधान सेवा (पीआरएस) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कर्नाटक से भाजपा सांसदों ने अपनी जिम्मेदारियों की घोर उपेक्षा की है और उन्होंने अपने मतदाताओं की सेवा करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, ''संसद में राष्ट्रीय औसत उपस्थिति 79 प्रतिशत रही लेकिन कर्नाटक के 28 सांसदों की औसत उपस्थिति इससे भी कम 71 प्रतिशत रही। समीक्षा से पता चला कि इनमें से 26 सांसदों ने मनरेगा निधि , सूखा और बाढ़ राहत सहायता और केंद्र द्वारा प ी ड ी ए स (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के लिए चावल के अतिरिक्त आवंटन से इनकार करने जैसे कर्नाटक के मुद्दों को कभी नहीं उठाया।'' रमेश ने




कहा कि सभी बहसों के प्रतिलेखों का विश्लेषण करने पर पीआरएस ने पाया कि बहुत कम सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए नीतियां या कार्यक्रम शुरू करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, ''तीन सांसदों ने पांच साल में एक भी सवाल नहीं पूछा और पांच सांसदों ने एक भी बहस में हिस्सा नहीं लिया, जबकि अधिकतर सांसदों की राज्य की उपेक्षा करने के लिए आलोचना की गई, सात सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में केवल आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)-भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के असंवैधानिक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया।''रमेश ने कहा, ''सबसे निंदनीय निष्कर्ष संभवतः यह रहा कि 28 में से 14 सांसद अपने इलाकों में सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल थे। क्या प्रधानमंत्री मोदी इन निष्प्रभावी सांसदों को कर्नाटक की जनता पर थोपने के लिए माफी मांगेंगे? या क्या उनकी मंशा हमेशा से ही ऐसे भाजपा सांसदों को चुनने की थी जो काम नहीं करें ताकि कर्नाटक की आवाज को नजरअंदाज किया जा सके?'' उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार को आपदा राहत नियमों के तहत केंद्र से 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की राहत राशि मांगे हुए सात महीने से अधिक समय हो गया है। रमेश ने कहा कि कर्नाटक गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहा है, 236 तालुक में से 223 सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं और 196 तालुक को गंभीर रूप से प्रभावित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने सूखा राहत के लिए 18,171 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने की मांग को लेकर मोदी सरकार से सितंबर 2023 की शुरुआत में संपर्क किया था।रमेश ने कहा, ''आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के नियम के अनुसार, केंद्र को अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) की रिपोर्ट प्राप्त होने के एक महीने के भीतर धन जारी करने पर अंतिम निर्णय लेना होगा। कर्नाटक के मामले में यह अवधि दिसंबर 2023 में समाप्त हो गई। वित्त मंत्री ने पिछले महीने बहाना बनाया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से उनके हाथ बंधे हुए हैं।'' उन्होंने कहा, ''कर्नाटक सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में दबाव बनाए जाने के बाद केंद्र ने आखिरकार धनराशि मंजूर कर दी, लेकिन यह केवल 3,498 करोड़ रुपये है। यह उस राशि का 20 प्रतिशत से कम है, जिसका अनुरोध किया गया था।' रमेश ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री कर्नाटक के लोगों के प्रति इतने ''उदासीन'' क्यों हैं? उन्होंने केंद्र सरकार पर 'अपर भद्रा' और महादयी परियोजनाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने इन मामलों पर अपनी ''चुप्पी'' तोड़ने के लिए कहा।

## अब रेल यात्रा दौरान बच्चे की हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा वैकल्पिक बीमा का लाभ, आईआरसीटीसी ने नियमों में किया बदलाव

**नई दिल्ली ।** रेलवे ने यात्रा टिकट पर वैकल्पिक बीमा के नियमों में बदलाव कर दिया है। नए नियमों को मुताबिक अब बच्चे का हाफ टिकट लेने पर वैकल्पिक बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के मुताबिक अब फुल टिकट बुक कराने पर ही यात्रियों को बीमा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। वहीं आईआरसीटीसी ने वैकल्पिक बीमा का प्रीमियम भी बढ़ा दिया है। प्रति यात्री प्रीमियम अब 45 पैसा कर दिया गया है। पहले यह 35 पैसा था।आईआरसीटीसी के मुताबिक वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ केवल ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को ही मिल सकेगा। रेल टिकट काउंटर से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना नहीं लागू होगा। ऑनलाइन या ई-टिकट लेने पर ट्रेन के सभी क्लास-फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, चेयरकार आदि के कंफर्म और आरएसी टिकट पर यह सुविधा मिलेगी। वहीं वेटिंग टिकट वाले यात्री इस बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे।

# एच. डी. देवेगौड़ा के पोते सांसद प्रज्वल रेवन्ना के सेक्स स्कैंडल से कर्नाटक की राजनीति में भूचाल

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते एवं हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से एक %सेक्स स्कैंडल% ने कर्नाटक की राजनीति में भूचाल मचा रखा है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के आदेश भी दे दिए हैं। इन सब के बीच पुलिस को जानकारी मिली है कि प्रज्वल देश छोड़ भाग गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार के शनिवार को एसआईटी गठन के आदेश के बाद रविवार सुबह प्रज्वल बेंगलुरु से जर्मनी के लिए रवाना हो गए। प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े %सेक्स स्कैंडल% ने भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (सेक्युलर) की रातों की नींदे उड़ा दी है। दोनों पार्टियां मामले पर सफाई देती नजर आ रही हैं।सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े %अश्लील वीडियो% मामले की जांच के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा एसआईटी गठित करने पर जनता दल (सेक्युलर) नेता टीए सरवण ने कहा कि हम एसआईटी जांच का स्वागत कर रहे हैं। हमारे सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा और हमारे नेता एचडी कुमारस्वामी और सभी पदाधिकारी बैठेंगे और इस पर निर्णय लेंगे। जद(एस) के अन्य नेता जीटी



देवेगौड़ा ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, %मैं एसआईटी जांच की घोषणा के लिए सरकार को दोष नहीं देता। हम बैठेंगे और फैसला करेंगे कि क्या होगा। प्रज्वल रेवन्ना के मुद्दे पर कार्रवाई की जरूरत है, फिलहाल मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि मैं एसआईटी जांच का स्वागत करता हूं।प्रज्वल रेवन्ना के विदेश भाग जाने पर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, %अगर वह दूसरे देश चला गया है तो सरकार उसे वापस लाएगी। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। चाहे वह मैं हों या एचडी देवेगौड़ा, हम हमेशा महिलाओं का सम्मान करते हैं और जब भी वे शिकायतें लेकर आते हैं, हमने उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास किया है। सीएम ने पहले ही एसआईटी जांच का आदेश दे दिया है और एसआईटी जांच शुरू हो गई है। एसआईटी टीम उन्हें विदेश से वापस लाएगी, यह मेरी चिंता नहीं है।मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, %सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल गठित करने का फैसला किया है।% मुख्यमंत्री ने कहा कि हासन जिले में वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें यह प्रतीत होता है कि वहां महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है। सिद्धरमैया ने कहा, %इस पृष्ठभूमि में महिला आयोग की अध्यक्ष (डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी) ने एसआईटी जांच कराने के लिए सरकार को पत्र लिखा था। उनके अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया है।कांग्रेस की महिला शाखा की सदस्यों ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में फंसे हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। इसी के साथ उन्होंने सांसद की तत्काल गिरफ्तारी की मांग भी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेवन्ना के खिलाफ नारे लगाए और उनके पोस्टर जलाए। कांग्रेस के एक नेता ने कहा, %उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए और उन्होंने इन महिलाओं के साथ जो किया है उसके लिए उन्हें फांसी दी जानी चाहिए। इससे पूरे कर्नाटक का अपमान हुआ है।

# भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने रामलला व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन पूजन



अयोध्या।केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पहुंची अयोध्या, हनुमानगढ़ी और राम लला किया दर्शन पूजन, राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से किया मुलाकात, लिया आशीर्वाद, नामांकन के पहले और रामनगरी में दर्शन पूजन कर संतों से लिया आशीर्वाद अयोध्या पहुंची वरिष्ठ भाजपा नेत्री व अमेठी लोकसभा से प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा धैर्य और धर्म, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भूमि अयोध्या आकर प्रभु के चरणों व संतों के सानिध्य में सनातन की विजय पताका लहराते हुए देखे, यही हर सनातनी के जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। वे यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से अयोध्या आई भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने सबसे पहले रामलला सरकार के दरबार में पहुंचीं, जहां उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर रामलला के समक्ष ध्यान में मुद्रा में व्यतीत किया और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।इसके बाद वह सीधे ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी पहुंच हनुमंतलला के सामने शीश नवाया।

इसके बाद उनका काफिला मणिराम दास छावनी पहुंचा, जहां उन्होंने मंदिर में माथा टेकने के बाद मौजूद वरिष्ठ संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी भावनाएं भी साझा कीं। स्मृति ईरानी कहा कि आज मैं अपने आपको सौभाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग मे जन्मी, जिसने हमारे लाला को टेंट से भव्य मंदिर में, भव्य समारोह के साथ प्रतिष्ठित होते हुए देखा।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री ने कहा आज संतों का स्नेह, सानिध्य और आशीर्वाद पाकर मनोबल न सिर्फ बढ़ा है बल्कि पुण्य पथ पर चलने की प्रेरणा मिली है। कहा कि रामलला व हनुमंतलला से राष्ट्र के प्रधान सेवक के स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना की है। स्मृति ईरानी ने कहा कि रामलला की करुणा हर मन को छू रही है और रामभक्तों के लिए यह सबसे बड़ा सौभाग्य है कि अपने आराध्य को भव्य रूप में दिव्य मंदिर में देख रहे हैं। इस दौरान उनके साथ अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा से ही मिली

## देश को संभालने सहेजने की गारंटी- प्रांजल तिवारी

अमेठी। रविवार को कांग्रेस पार्टी के लोकसभा मीडिया संयोजक, प्रांजल तिवारी ने कहा कि देश की हालत को समझने और देखने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा फिर भारत न्याय यात्रा निकाली साथ ही इस देश के जरूरत मंद लोगों की आवाज बनते हुए सभी की आवाज को बुलंद किया कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 10 न्याय शामिल करते हुए दर्जनों से अधिक गारंटी जनता को दी है कांग्रेस ने इस देश की दिशा दशा को संभालने संवारने के लिए देश की आवाम की जो आवाज थी

उसको अपने घोषणा पत्र में पिरोया है जो निम्नवत है हिस्सेदारी न्याय,युवा न्याय,नारी न्याय,किसान न्याय, श्रमिक न्याय,संविधान न्याय,आर्थिक न्याय,राज्य न्याय,रक्षा न्याय, पर्यावरण न्याय,मीडिया से बात करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अमेठी लोकसभा के मीडिया संयोजक प्रांजल तिवारी ने कहा , आगे उन्होंने बोलते हुए कहा कि हमारी गारंटी हमेशा की तरह पक्की वाली गारंटी होती है जैसे कि हमने पिछ्ली केंद्र सरकारों के साथ-साथ राज्य सरकारों में पूरा करके दिखाया है हमारी गारंटी मोदी और भाजपा वाली गारंटी जैसे दो करोड़ रोजगार बुलेट ट्रेन और 15 लाख खाते वाली जैसी गारंटी नहीं है।

**स्मृति ईरानी पर भी बोला हमला**

आगे की बात रखते हुए प्रदेश प्रवक्ता व लोकसभा मीडिया संयोजक ने कहा की अमेठी की मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी भी झूठ के सरदार मोदी टीम की प्रमुख हिस्सा है उन्होंने भी अमेठी के अंदर झूठे वादे और खुद के द्वारा कहे हुए कामों को करने में असफल रही है ,

तिवारी ने कटाक्ष करते हुए अपने आगे के संबोधन में कहा कि उनकी दुकान ही गांधी परिवार के लोगों के ऊपर झूठे आरोप प्रत्यारोप करने से चल रही है स्मृति ईरानी खुद ही अपने हर कार्यक्रम में राहुल गांधी का प्रचार प्रसार कर रही है इस बार का चुनाव संविधान और साथ ही साथ अमेठी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है इस वजह से अमेठी के लोग खुद ही चुनाव लड़ रहे हैं और अपील कर रहे हैं कि अमेठी के साथ-साथ प्रदेश देश बचाने के लिए राहुल गांधी इंडिया गठबंधन की मदद करें मीडिया संयोजक प्रांजल तिवारी अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे अमेठी वाले बहुत ही संस्कारी और मर्यादित लोग हैं हमारे यहां दीदी और बुआ की विदाई बहुत भव्य तरीके से करने की प्रथा है और हम सब इस प्रथा को पूरे लगन मेहनत करते हुए भव्य विदाई करेंगे,कांग्रेस नेता प्रांजल तिवारी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर स्मृति ईरानी अमेठी को अपना बताती है तो इन सवालों का जवाब उनको जरूर देना चाहिए लेकिन झूठ नही सही जवाब

1,स्मृति ईरानी अपने पांच साल की सांसद निधि से अमेठी में क्या क्या काम की है

2,अमेठी में आवारा मवेशी की सामस्या बनी है उस पर लगाम क्यों नही लगाया गया

3,स्मृति ईरानी जिस मंत्रालय की मंत्री थी उस विभाग द्वारा अमेठी को क्या लाभ पहुंचाया गया

4,किसानों की आया दोगुनी करने की बात करने वाली सरकार में आवारा मवेशियों से हुई किसानों की खेती के नुकसान का मुआवजा क्यों नही दिया गया,

5,रोजगार के अवसर बंद होते जा रहे है रोजगार को बढ़ाया क्यों नही किया जा रहा है

6,जिस ट्रेन को अमेठी में एक दिन रोककर स्मृति ईरानी ने वाह वाही ली वो ट्रेन अमेठी में क्यों रुकना बंद कर दिया गया

7, अमेठी में बंद पड़े उद्योग रेल लाइन और साथ ही आईआईआईटी क्यों बंद हुई।

# आप व सपा ने अवधेश प्रसाद को जिताने की लोगो से की अपील

अयोध्या । लोकसभा के लिए एकतरफ जहाँ नामांकन की शुरूआत ही चुकी है वही दूसरी तरफ राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है।रविवार को आम आदमी पार्टी व समाजवादी पार्टी ने संयुक्त रूप से देवकाली क्षेत्र में आई एन डी आई ए प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के पक्ष में प्रचार किया। प्रचार में कार्यकर्ताओ ने घर-घर जाकर गठबंधन की नीतियों से क्षेत्रीय लोगो को अवगत कराया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम कहा कि अबकी बार मोदी सरकार को बदलना अनिवार्य है नही तो मोदी सरकार पूरा संविधान ही बदल देगी। इस दौरान अयोध्या जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति अपनी पूरी जिला कार्यकारिणी के साथ मौजूद रहे व अवधेश प्रसाद के पक्ष में मतदान की अपील की। प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस बार केंद्र सरकार में बदलाव जरूरी है क्योकि इस सरकार से किसान, नौजवान व समाज का हर वर्ग पीड़ित है। आम आदमी पार्टी की ओर से जिला महासचिव सुनील मौर्य, जिला उपाध्यक्षो में सूरज प्रधान,गायत्री मिश्रा, संदीप पटेल, महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू, सत्यप्रकाश मौर्य,रघुनाथ प्रताप आदि एवं समाजवादी पार्टी की ओर से जगत नारायण यादव, अश्वनीपुरम वार्ड के पार्षद हामिद जफर मिशम, महासचिव नगर दान बहादुर सिंह,शिक्षक सभा के हलीम पप्पू प्रदेश सचिव घनश्याम यादव, प्रदेश सचिव शिक्षक सभा एवं अपर्णा जायसवाल महानगर अध्यक्ष महिला मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ने में बाधक बन सकती आसमान से बरसती आग, परेशान प्रत्याशी

## मतदाताओं से संपर्क में भी बाधक बन रही आसमान से बरसती आग, सैकड़ों बीमार

कानपुर। बीते 2 दिनों से आसमान से आग बरस रही है। सूर्य देव द्वारा धरती पर प्रेषित उनकी आग के ये गोले जिस तरह से तापमान को लगातार बढ़ने में सफल है। उससे लोकसभा के लिए शेष बचे मतदान में भारी बाधा भी पहुंच सकती है। मतलब जिस दिन भी जिन लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। वहां सूर्य देव की तपिश लोगों को घरों में ही बैठने को विवश करके उनके कदम मतदान स्थल की ओर बढ़ने से रोक सकती है ,जिसके फल स्वरुप जिसका भारी प्रभाव कम मतदान के रूप में भी सामने आ सकता है। इसीलिए इन हालातों को लेकर लगभग सभी दलों की प्रत्याशी भी बहुत चिंतित हैं। इसी के साथ वैशाख में बढ़ता तापमान और गर्म हवा के थपेड़े बच्चों को बीमार बना रहे हैं। वयस्क भी डिहाइड्रेशन की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार लग रही है। इस बीच मौसम विभाग ने भी गर्म हवा का सितम जारी रहने का अनुमान जताया है। जिसके मुताबिक सूरज के तल्ख तेवरों से परेशान लोगों की परेशानी अब लू बढ़ाएगी। बीते सप्ताह भर में पारा तेजी से बढ़ा है। जिससे डायरिया व डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लोगों में उल्टी दस्त, सिर दर्द, बेचैनी और घबराहट से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रोलाइट की कमी से पेट दर्द की भी समस्या बढ़ रही है। जहां तक चल रहे लोकसभा चुनाव का सवाल है। इस चिलचिलाती धूप और लू का असर अब लोकसभा चुनाव में भी दिखने लगा है।

आसमान का पारा तो दिन पर दिन चढ़ रहा है, लेकिन चुनाव का पारा मतदाताओं की उपेक्षा की वजह से नहीं चढ़ रहा है। और जिस तरह से भीषण गर्मी अपना प्रभाव दिख रही है, उससे मतदान प्रतिशत कम होने की चपेट में लगभग पूरा उत्तर प्रदेश आ सकता है, जिसको लेकर हर दल का प्रत्याशी चिंतित नजर आ रहा है।

# अयोध्या में 95 फीसदी पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

अयोध्या। सरकार प्रदेश में फसलों का सर्वे करा रही है। जिले में अब बस केवल पांच फीसदी सर्वे बचा है। अयोध्या जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे खरीफ 2023 में राजस्व एवं कृषि विभाग के सहयोग से 1109 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत पूरा हो चुका है। सरकार द्वारा प्रदेश के 54 जनपदों के 10-10 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कराया गया है। वहीं रबी में जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में 1109 में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। अबतक कुल 6,68,535 करोड़ खसरा/गाटा पूर्ण कर लिया गया है, जोकि 95 प्रतिशत है। अगर इस सर्वे के पूरा होने पर फायदे की बात करें तो जानकारों का मानना है कि यह किसानों के लिए कई मायनों में कारगर साबित होगा।

**सर्वे से होंगा किसानों को फायदा**

डिजिटल सर्वे के डेटाबेस के आधार पर फसल संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रदेश कि योगी सरकार की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक किसान तक पहुंचने में मदद मिलेगी। यह डेटाबेस किसानों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह काम करेगा। एकत्रित डाटा के आधार पर फसलों की एमएसपी निर्धारण में भी मदद मिलेगी साथ ही फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में विस्तार भी किया जा सकेगा।

फसलों के डिजिटल सर्वे से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद मिलेगी। सर्वे के माध्यम से सरकार को किसानों की भूमि का नक्शा मिल जाएगा। इस नक्शे का उपयोग करके सरकार प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को बचाने के लिए बेहतर योजना बना सकती है।

इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। सर्वे के माध्यम से सरकार को किसानों द्वारा उगाई जाने वाली फसलों की सटीक जानकारी मिल जाएगी। इस जानकारी का उपयोग करके सरकार किसानों को बेहतर कृषि सेवाएं और सहायता प्रदान कर सकती है।

## विजय प्रकाश तिवारी अध्यक्ष, सचिव गजेन्द्र सिंह तथा संगठन मंत्री कुलदीप शुक्ला बने

अयोध्याधाम। राष्ट्रीय डाक कर्मचारी ग्रुप सी संघ का द्विवार्षिक अयोध्या मण्डलीय अधिवेशन के प्रधान डाकघर अयोध्या में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि नेशनल यूनियन के प्रांतीय सचिव श्री आर पी मिश्रा ने संगठन की ओर से सरकार से कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के लिए सर्किल स्तर पर चर्चा किया जायेगा । सहायक प्रांतीय सचिव विष्णु मिश्रा ने कर्मचारियों के हित के लिए सभी को एक रहने का सन्देश दिया । इस अवसर पर राष्ट्रीय डाक कर्मचारी ग्रुप सी संघ का द्विवार्षिक अयोध्या मण्डलीय सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित हुई जिसमें मण्डलीय अध्यक्ष विजय प्रकाश तिवारी उपाध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा एवं सचिव गजेन्द्र कुमार सिंह तथा संगठन मन्त्री कुलदीप शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष रजत सिंह को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय प्रकाश तिवारी ने सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि हम संगठन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं

# भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात



अयोध्या। गुनधौर ग्राम पंचायत के बनराजा बस्ती में बिगत दिनों लगी भीषण आग के कारण कई घर जलकर राख हो गये, कुलदीप एवं प्रदीप बनराजा के घर में कुछ भी नहीं बचा अग्नि पीड़ित खाना , कपड़ा और मकान के लिए मोहताज हैं भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में ग्राम गुन्धौर के अग्नि पीड़ितों से मुलाकात किया और अग्निकांड में हुई क्षति को भी देखा तथा जिला प्रशासन से मांग किया कि अग्नि पीडितों को अभिलंब राशन, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराये तथा भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी को भी निर्देशित किया कि यथासंभव राशन इत्यादि की व्यवस्था करके मदद करें।

प्रतिनिधि मंडल में घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव के अलावा जिला सचिव रामगोपाल मौर्य, तहसील अध्यक्ष संतोष वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर मस्त राम वर्मा बुदि राम मौर्य , राम तिलक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बहुचर्चित भूमाफिया व उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज

## बीजेपी की पूर्व पार्षद लक्ष्मी सिंह ने दर्ज कराया मुकदमा

अयोध्या। भाजपा की पूर्व पार्षद लक्ष्मी सिंह ने रामनगरी के बहुचर्चित भू माफिया विकास चंद्र श्रीवास्तव व उनके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा अयोध्या कोतवाली में दर्ज हुआ है। भूमाफिया विकास श्रीवास्तव पर जमीन की बाउंड्री वॉल के गेट का ताला तोड़ने व अंदर रखे सामान को भी उठा ले जाने का आरोप लगाया गया है। एफआईआर के मुताबिक अयोध्या कोतवाली के माझा बरेहटा रामघाट पर पूर्व पार्षद लक्ष्मी सिंह के प्लाट पर कब्जा करने के लिए विकास श्रीवास्तव कई सालों से प्रयासरत थे। आरोप है कि भू माफिया विकास चंद्र श्रीवास्तव ने 18 अप्रैल को 15 से 20 व्यक्तियों के साथ दिन दहाड़े ही भारतीय जनता पार्टी की पूर्व पार्षद लक्ष्मी सिंह के बैनामे की भूमि जो राजस्व ग्राम माझा बरहटा राम घाट पर स्थित है और पूर्व पार्षद द्वारा 8 फीट ऊंची पक्की बाउंड्रीवाल बनाकर लोहे का गेट लगाकर ताला लगा दिया गया था। विकास चंद्र श्रीवास्तव ने सरकशी व गुंडागर्दी के बल पर ताला तोड़ कर अन्दर रखे सामान को उठा ले गए। पूर्व पार्षद लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि इनके सारे गुंडागर्दी की फोटो व वीडियो सीसीटीवी कैमरे कैद हैं। पूर्व पार्षद द्वारा यह भी कहा गया है भू माफिया विकास चंद्र श्रीवास्तव द्वारा मुझे व मेरे परिवार को जान माल का खतरा है यदि कोई भी अप्रिय घटना होती है इसके जिम्मेदार विकास श्रीवास्तव होंगे।

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन , फिर-एक-बार-मोदी-सरकार

हैदरगढ़ बाराबंकी । लोकसभा बाराबंकी 53 अन्तर्गत विधानसभा हैदरगढ़ के नगर पंचायत हैदरगढ़ में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र / पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी , जिला प्रभारी/सदस्य विधान परिषद अवनीश सिंह पटेल , यशस्वी विधायक दिनेश रावत , सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राजरानी रावती, पूर्व विधायक शरद अवस्थी जी, पूर्व विधायक बैजनाथ रावत ,ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी दुग्ध संघ अध्यक्ष आनंद सिंह मोनी , के साथ सभी सम्मानित बूथ अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र संयोजक / सहित पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, क्षेत्रवासी उपस्थित रहें। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राजरानी रावत को प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार किए जाने की अपील की ।

# अयोध्या में एयरपोर्ट व कश्मीर में धारा 370 का हटना नही आ रहा है विपक्षी दलों को रास-स्वतंत्र देव सिंह

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रूदौली विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज आजाद नगर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी व संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सपा और कांग्रेस किसान हितैषी नही किसान विरोधी है। विपक्षी पार्टियों के नेता कह रहे हैं कि हम सविधान को खत्म कर देंगे और मैं कहता हूं कि जब तक पीएम मोदी हैं तब तक किसी में औकात नहीं है कि सविधान को छू भी ले। भारतीय जनता पार्टी की ही देन हैं कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का निर्माण, जम्मू कश्मीर में धारा 370 का हटना आदि विपक्षी दलों को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता




प्रत्येक घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व सरकार के विकास को जन जन तक पहुंचाए। लगातार तीसरी बार फिर से पीएम मोदी के नेतृत्व में 4 जून को भगवामय कर दें। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए सरकार के अयोध्या के विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। यहां लगभग 50 हजार करोड़ की लागत की परियोजनाएं चल रही है। यह केवल 10 प्रतिशत है। तीसरी बार सरकार बनने के बाद अयोध्या के विकास को और गति मिलेगी। 2024 का यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है। यह राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है। भारत की अस्मिता का चुनाव है। चुनाव में अपनी जिम्मेदारी समझ कर चार जून को अयोध्या में भगवा लहराना के संकल्प हम सभी को लेना है। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि रुदौली विधान सभा वह धरती है जब 2012 में सपा की लहर थी तब भी यहां की जनता ने भाजपा को जीत दिलाई थी और जो सपा के लोक सभा प्रत्याशी है।

यह उस समय किसानों को 60 और 100 रुपए के चेक दिए थे। जिसके विरोध के बाद 1500 रुपए के चेक दुबारा मिले। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, विधानसभा प्रभारी प्रभारी कमला शंकर पांडे, संयोजक राजीव तिवारी, राघवेंद्र पांडे, गंगा दिन वर्मा, अंजनी साहू, शेखर गुप्ता, रघुनंदन चौरसिया, किशोरी लाल भारती, सुधीर गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामदीन वर्मा, शेखर गुप्ता, किशोरी लाल लोधी, मंसाराम रावत, शोभाराम लोधी, चंद्रभानु पासवान, रामनगर लोधी, संतोष जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीमहंत नारायण गिरि के पावन सानिध्य में एक वर्ष तक चलेगा अनुष्ठान



गाजियाबाद । सिद्धेश्वर महादेव कुटी पाइप लाइन रोड मकरेड़ा में श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के पावन सानिध्य में एक वर्षीय शतचंडी अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा।

उतत्तर प्रदेश ही नहीं दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से भी भक्त अनुष्ठान में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। रविवार को फरीदाबाद से भी भक्त आए और अनुष्ठान में शामिल हुए। अनुष्ठान में रविवार को कन्या पूजन हुआ। फरीदाबाद से अशोक कालरा, किरण कालरा आदि भक्त भी सिद्धेश्वर महादेव कुटी पहुंचे और अनुष्ठान में आहुति देकर मां के दर्शन कर वैद्य स्वामी मुकेशानन्द गिरी से आशीर्वाद लिया। सुशीला देवी, जोगेंद्र चौधरी गाजियाबाद, मोहित अग्रवाल, सोनम अग्रवाल अनिका, प्रणव मुरादनगर, दीपक मकरेडा, जगजीवन, पंडित शिवम त्रिपाठी समेत बडी संख्या में भक्त रविवार को सिद्धेश्वर महादेव कुटी पहुंचे और अनुष्ठान में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। सभी ने वैद्य स्वामी मुकेशानन्द गिरी से मुलकात कर उनका आशीर्वाद भी लिया।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद देवी भागवत कथा हुई शुरू

बीकापुर-अयोध्या।विकासखंड क्षेत्र बैती कला गांव में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय श्री मां काली जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को देवी माता के मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से मां काली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस दौरान काली माता की जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। अयोध्या और क्षेत्र से आए पुरोहितों द्वारा वैदिक कर्मकांड और मंत्र उच्चारण के साथ काली मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत, कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान अनिल सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिंह राम आधार सिंह, आनंद सिंह, अरविंद सिंह, अजय सिंह, सहित तमाम

# वीनस क्रिकेट अकैडमी ने जीता आरएस शर्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

गाजियाबाद । वीनस क्रिकेट अकैडमी ने आर एस शर्मा मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। टीम ने फाइनल में क्रिक्षेत्र क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से मात दी। ट्राइडेंट स्पोर्ट्स क्लब पर खेले गए फाइनल में टॉस वीनस क्रिकेट अकैडमी ने जीता व क्रिक्षेत्र क्रिकेट क्लब को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया।

क्रिक्षेत्र क्रिकेट क्लब 40 वें ओवर की अंतिम गेंद पर 230 रन बनाकर आउट हो गया। वैभव चौधरी ने सबसे अधिक 55 रन बनाए। ईशान गोयल ने 43 रन का योगदान दिया। प्रिंस यादव, शान्तनु, आयुष चौधरी व निशांत ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। वीनस



क्रिकेट अकैडमी ने 231 रन का लक्ष्य 35 ओवर में 5 विकेट खोकर प्राप्त करने के साथ ही टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। शान्तनु ने 61 रन, सिद्धार्थ यादव ने 56 रन अविजित त्यागी ने 42 रन की पारी खेली।

चाहत मल्होत्रा ने 4 विकेट लिए। आयोजक शुभम शर्मा ने बताया कि शान्तनु को 2 विकेट लेने व 61 रन की पारी खेलने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। स्पार्क मिंडा के हर्षित सेठी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, नानक क्रिकेट अकैडमी के रोहन नागर को बेस्ट बैट्समैन तथा क्रिक्षेत्र क्रिकेट क्लब के चाहत मल्होत्रा को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया।

# फेडरैशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन ए ओ ए की कार्यकारिणी का गठन

गाजियाबाद। 28 अप्रैल 2024 को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसरण में संस्था की आम निकाय बैठक राजनगर रेजीडेंसी के क्लब हाल में आयोजित हुई, जिसमें घोषित कार्यावली के अनुरूप कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मार्च 2024 तक के सम्पूर्ण आय-व्यय का ब्योरा दिया गया व नई कार्यकारिणी का निर्वाचन निर्विरोध रूप से सर्वसहमति द्वारा किया गया। बैठक द्वारा सर्वसहमति से सचिन त्यागी को पुनः अध्यक्ष का पदभार दिया गया, जिसके बाद अन्य पदाधिकारियों का चयन कर सम्पूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया गया। आज की आम सभा द्वारा चुनी गई नई कार्यकारिणी की सूची निम्न है जिसका कार्यकाल संस्था के



नियमों के अनुसरण में 2 वर्ष का होगा अध्यक्ष-सचिन त्यागी, उपाध्यक्ष-डॉ. सुबोध गुप्ता, कृष्ण कुमार यादव, चंद्र प्रकाश गुप्ता, महासचिव -डॉ सीमा शर्मा, सचिव-अभिनव त्यागी, गणेश रलहन, कोषाध्यक्ष-गगन भारद्वाज, सह कोषाध्यक्ष एवं व्यवस्था प्रमुख-दीपांशु मित्तल, मीडिया प्रभारी-मोहित नारायण मीडिया सह प्रभारी-मनोज अग्रवाल, उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी एवं आगामी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लोकसभा चुनाव: फूलपुर और इलाहाबाद के लिए नामांकन आज से

## तैयारी पूरी निर्वाचन आयोग के नियमों का पूरी तरह कराया जाएगा पालन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीट के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन शुरू होगा। दोनों ही सीटों पर भाजपा व इंडिया गठबंधन ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बसपा ने भी फूलपुर से उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया है,

लेकिन अभी किसी भी दल की ओर से नामांकन करने की तारीख घोषित नहीं की गई है। ऐसे में पहले दिन नामांकन के लिए बहुत गहमा-गहमी की उम्मीद नहीं है। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से नामांकन की पूरी तैयारी की गई है।

फूलपुर सीट के लिए निर्वाचन अधिकारी डीएम नवनीत सिंह चहल होंगे।

इस सीट के लिए नामांकन भी डीएम न्यायालय कक्ष में होगा। वहीं, इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के आरओ सीडीओ गौरव कुमार बनाए गए हैं। इस सीट के लिए नामांकन सीआरओ कक्ष में होगा। फॉर्म की बिक्री व नामांकन दिन में 11 से तीन बजे के बीच होंगे। नामांकन छह मई तक किया जा सकेगा। पांच मई को रविवार है। ऐसे में उस दिन नामांकन नहीं होगा। इस तरह से कुल सात दिन नामांकन किए जा सकेंगे। नामांकन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नामांकन के दौरान प्रशासन की जुलूस आदि गतिविधियों पर नजर रहेगी, उनकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसके लिए विशेष टीम गठित की गई है। निर्वाचन अधिकारी कक्ष से 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों को अधिकतम तीन वाहनों के साथ आने की अनुमति होगी।

लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार से शुरू हो रही नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलक्ट्रेट परिसर छावनी में तब्दील रहेगा। यहां पुलिस के साथ ही पीएसी का भी पहरा होगा। प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी एक आईपीएस अफसर पर होगी। इसके अलावा बड़ी संख्या में एसीपी, इंस्पेक्टर, एसआई व कांस्टेबल भी तैनात किए जाएंगे।

इसके अलावा दो एडीसीपी की भी तैनाती की जाएगी। नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके तहत पुलिस के साथ पीएसी के जवानों को भी मुस्तैद किया जाएगा। आउटर व इनर दो कॉर्डन में बांटकर नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आउटर कार्डन में पीएसी के जवान, जबकि इनर कॉर्डन में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

नामांकन स्थल पर पीएसी की दो कंपनियों के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की भी एक गाड़ी तैनात रहेगी। इसके अलावा चार एसीपी, 19 निरीक्षक, 36 दरोगा, 36 हेड कांस्टेबल, 74 कांस्टेबल, 25 महिला कांस्टेबलों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। नामांकन स्थल के प्रवेश द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर भी लगाया जाएगा।

नामांकन प्रक्रिया में किसी तरह का अवरोध न हो, इसके लिए कचहरी रोड पर नामांकन अवधि में डायवर्जन भी लागू किया जाएगा। प्रत्याशियों के साथ नामांकन स्थल के बाहर तक बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के भी पहुंचने की संभावना है।

ऐसे में कचहरी रोड पर यातायात सुचारु रखना बड़ी चुनौती होगी। इसे देखते हुए 29 नवंबर से ही डायवर्जन लागू करने का निर्णय लिया गया है।इसके तहत कचहरी रोड की तरफ मेयोहाल चौराहे से आने वाले रास्ते पर पुलिस क्लब और लक्ष्मी टॉकीज चौराहे की ओर से आने वाले रास्ते पर पुलिस कार्यालय के पास से बैरिकेडिंग की जाएगी। यहां से आगे सिर्फ अधिवक्ताओं और प्रत्याशियों को जाने की अनुमति होगी। अन्य वाहनों को संपर्क मार्गों से डायवर्ट कर गंतव्य तक भेजा जाएगा।

### चुनाव कार्यक्रम

अधिसूचना - 29 को जारी होगी

नामांकन - 29 अप्रैल से छह मई तक दिन में 11 से तीन बजे के बीच
जांच -सात मई को सुबह 11 बजे से

नाम वापसी - नौ मई को दिन में तीन बजे तक
चुनाव चिह्न का आवंटन - नौ मई को दिन में तीन बजे के बाद

मतदान - 25 मई
मतगणना - चार जून को मुंडेरा मंडी परिसर में

# भाजपा प्रत्याशियों को मिला शक्ति का साथ

## भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने दिया समर्थन



**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी फूलपुर और इलाहाबाद संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देगी। इस बात की घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी ने रविवार को सिविल लाइन्स स्थित शंकर लाल स्मारक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में की।

श्री अवस्थी ने कहा कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी और भगवती मानव कल्याण संगठन देश के 160 जिलों में काम कर रहा है। पार्टी ने देशभर में कुल 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने का निर्णय किया है। उत्तर प्रदेश में पार्टी इलाहाबाद, फूलपुर, अयोध्या, गोरखपुर और वाराणसी आदि सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को व्यक्तिगत तौर पर और बिना किसी शर्त के समर्थन दे रही है। यह निर्णय पार्टी के संस्थापक मध्य प्रदेश में शहडोल जिले की व्योहारी तहसील स्थित पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के स्वामी परमहंस योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी महराज के निर्देश पर लिया गया है। उन्होंने फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल की सराहना करते हुए कहा कि वह बहुत ही सरल और मिलनसार व्यक्ति हैं। राजनीति में कम ही लोग ऐसे मिलते हैं। प्रेसवार्ता में मौजूद प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और इलाहाबाद व फूलपुर सहित चार लोकसभा सीटों के प्रभारी अनिल राजभर ने समर्थन देने के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संस्थापक परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में फाफामऊ के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष पाल, संगठन मंत्री सर्वेश श्रीवास्तव और भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष गायत्री चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। इलाहाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने भी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी से मिलकर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और चुनाव पर चर्चा की।

# भूमि विवाद में लाठी-डंडे से पीटकर दिव्यांग महिला की हत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के तवकलपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। घटना में एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए ।तवकलपुर खरगापुर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिछले दो-तीन दिनों से दो पक्षों में कहासुनी और विवाद चल रहा था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने मामले की सूचना सोरांव पुलिस को दिया था।

पुलिसिया कार्रवाई न होने के चलते रविवार को दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान लाठी डंडे चलने के साथ ही जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीया मुकबधिर महिला प्रेमलता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिजनों की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सोरांव थाना क्षेत्र के तवकलपुर खरगापुर गांव के रहने वाले बच्चा लाल के दरवाजे पर स्थित तकरीबन दो धूर जमीन पर पड़ोस के रहने वाले दबंग किस्म के राम अवतार व अंकित आदि ने दबंगई के बल पर

**आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज**

जबरन कब्जा करने लगे। जिसे लेकर पिछले दो-तीन दिनों से दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को लोगों ने दिया था। लोगों की मानें तो अत्यधिक तनाव होने के बावजूद भी पुलिस किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की थी।

आरोप है कि दबंगों द्वारा रविवार को बच्चा लाल के घर के सामने की जमीन पर जबरन कब्जा किया जाने लगा। यह देख जब बच्चा लाल व उसके परिजन विरोध करने लगे तो उक्त दबंग किस्म के तकरीबन आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे तमंचा से लैस होकर हमला बोल दिया। जिसके चलते बच्चा लाल यादव की पत्नी प्रेमलता 40 वर्ष, सुनीता देवी, दीपक यादव, राम पुकार, सुभाष चंद्र समेत आधा दर्जन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया।

जिससे प्रेमलता को गंभीर चोटे आने के कारण डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां ले जाते समय प्रेमलता की रास्ते में मौत हो गई। मामले को लेकर मृतका का पति बच्चा लाल ने सोरांव थाने में राम अवतार, अंकित समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर प्रेमलता की मौत की सूचना सुन परिजनों में कोहराम मच गया।

# स्पोर्ट्स कालेज सैफई ने जीता खिताब

## अमलेन्दु घोष स्मृति राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता



**प्रयागराज।** स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी को 1-0 से हराकर अमलेन्दु घोष स्मृति राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित ब्वॉयज स्कूल मैदान आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पहला हाफ गोल रहित रहा।

दूसरे हाफ में सैफई के मृत्युंजय तिवारी ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। यही बढ़त निर्णायक साबित हुई।मुख्य अतिथि जस्टिस विपिन कुमार दीक्षित, जस्टिस दीपक वर्मा, जस्टिस वाईके श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि ग्रैंड मास्टर अनीश शर्मा, राहुल घोष और रॉबिन ल्यूक ने पुरस्कार वितरित किये। सैफई के विजय बहादुर पटेल को मैन ऑफ दि मैच, शेरान अयूबी को बेस्ट गोल कीपर, विकल्प झा को उदीयमान खिलाड़ी और मृत्युंजय तिवारी को सर्वाधिक गोल करने का पुरस्कार मिला। फेयर प्ले का अवार्ड इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी को मिला। विप्लब् घोष और डॉ. रमेंदु रॉय ने अतिथियों का स्वागत, बादल चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित और संजीव चंदा ने संचालन किया।

मैच में विनोदकांत श्रीवास्तव, शम्शी रज़ा, अंजन घोष, अजय रौतेला, नारायणजी गोपाल, शंकर चटर्जी, सुदेव मजूमदार मौजूद रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन स्थल की तैयारियों का निरीक्षण कर लिया गया जायजा

**सुलतानपुर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 38-सुलतानपुर लोकसभा क्षेत्र के लिये नामांकन कक्ष, न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी सुलतानपुर में की गयी तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला सहित आदि उपस्थित रहे।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना व नामांकन प्रारंभ की तिथि 29.04.2024, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 06.05.2024, नाम निर्देशन की जांच हेतु दिनांक 07.05.2024, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 09.05.2024 को अपराह्न 3:00 से पूर्व तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्राप्त किए जाएंगे, दिनांक 07.05.2024 को नाम निर्देशन पत्रों की सवींक्षा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाएगी, दिनांक 09.05.2024 को नाम वापसी के पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आवंटित किए जाएंगे।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहन एवं काफिले को नामांकन कक्ष से 100 मीटर के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन कक्ष में आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ चार अन्य व्यक्ति उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं।

# युवक को लटकाकर कार दौड़ाने बाइक फूंकने वाला यू-ट्यूबर गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हंडिया में रील बनाने के लिए जानलेवा स्टंट करना यू-ट्यूबर सुमित कुमार दुबे को महंगा पड़ा। बाइक में आग लगाने व युवक को दरवाजे से लटकाकर कार दौड़ाते हुए रील बनाने पर एक दिन पहले दर्ज मुकदमे में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, बाद में उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया। वहीं, घटना में प्रयुक्त की गई उसकी महिंद्रा एसयूवी कार भी सीज कर दी गई।

इस मामले में तब हड़कंप मचा था, जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह रील वायरल हुई।

पुलिस ने शुक्रवार को सुमित पुत्र दिनेश दुबे निवासी बढ़ौली दुमदुमा, सैदाबाद थाना हंडिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी और शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।साथ ही उसकी महिंद्रा कार भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज कर दी गई। एसीपी हंडिया पंकज लवानिया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जमानती धाराएं होने के कारण उसका शांतिभंग में चालान किया गया है।

मामले में पुलिस खुद वादी बनी है। हंडिया थाने के कांस्टेबल शिवम यादव की तहरीर पर रील बनाने वाले सुमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

यू-ट्यूबर सुमित दुबे का नाम पिछले साल दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने के मामले में भी सामने आया था। उसके साथ रील बनाने वाली अल्लापुर निवासी बीएड की छात्रा ने ही आरोप लगाया था कि उसे वाराणसी में एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। इससे पहले कार में पिस्टल सटाकर धमकाया गया। छात्रा की तहरीर पर जार्जटाउन थाने में केस दर्ज हुआ।

हालांकि, बाद में पीड़िता बयान से मुकर गई, जिस पर मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी।

# सपा के फ्रंटल सगठनों के पदाधिकारियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

## सपा कार्यालय मे हुई गठबंधन दलों के नेताओं की बैठक



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन मे आज गठबंधन दल सपा,कांग्रेस, एवं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे जनसम्पर्क अभियान को और अधिक तेज करने, घर घर जन जन तक गठबंधन की नीतियों को बताने एवं चुनाव मे भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के आवश्यक बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक मे शहर उत्तरी के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देकर प्रचार कार्यक्रम को सघन बनाये जाने पर बल दिया गया।

सपा के सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों की भी बैठक कर चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन एवं संचालन महासचिव रविन्द्र यादव ने किया।

बैठक मे प्रमुख रूप से सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष मो कादिर, शहर उत्तरी के पूर्व सपा प्रत्याशी संदीप यादव, ओ पी यादव, पुष्पेंद्र भारतीय, अजेंद्र गौड़, अविनाश तिवारी, हामिद, आसिफ हुसैन, रफ़ी अहमद, संदीप सत्या, मेहरबान सिंह, संजय सिंह, नन्हे मंसूरी, अलोक आनंद आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने हमेशा बहुसंख्यकों को नीचा दिखाने का किया प्रयास- गणेश केसरवानी

## महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी की नुक्कड़ सभा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज सुलाकी चौराहा और शिव पार्क मालक राज में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने नुक्कड़ सभा में जनता के बीच जाकर भाजपा का कमल खिलाने का अनुरोध किया। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने जनता से लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के लिए समर्थन मांगा एवं भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां को जनता के बीच रखा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे प्यार के माध्यम से भारत के गौरव को पूरे विश्व के अंदर स्थापित करने का काम किया। कुछ राजनीतिक दल पराजित करने के लिए अनेक प्रकार के नेताओं को इकट्ठा करके और अपनी भ्रष्ट मानसिकता से एक बार समाज का विभाजन करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जब सरकारे इस देश के अंदर थी सुप्रीम कोर्ट के अंदर भगवान राम चेतना के केंद्र बिंदु पर सवाल खड़ा किया था।

देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमान का और इस मानसिकता से प्रेरित होकर के ये लोग कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में इस देश के बहुसंख्यक समाज को हमेशा नीचा दिखाने प्रयास किया। शहर दक्षिणी विधानसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला, प्रमोद जायसवाल (मोदी) पूर्व वरिष्ठ पार्षद गिरी प्रभाकर गिरी बाबा, गृजेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, विवेक अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, पार्षद किरण जयसवाल पार्षद सुनीता चोपड़ा, महिला मोर्चा की छाया दुबे मंच का संचालन दिनेश विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान मंडलों के उपाध्यक्ष, मोर्चो के पदाधिकारी एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ एवं पूर्व पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रथम ने चौधरी ननिहाल को चैंपियन बनाया

## संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट



**प्रयागराज।** प्रथम मिश्र के आतिशी अर्धशतक (96 रन, 57 गेंद, 9 चौके छह छक्के) की बदौलत चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने फाफामऊ क्लब को दो विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया। दौलत हुसैन मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मैच में फाफामऊ क्लब में 20 ओवर में 169 रन (अभिषेक कौशल 76, नितिन यादव 19 नाबाद, राहुल राजपाल 3/22, अमर चौधरी 3/29) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 19.2 ओवर में 8 विकेट पर 170 (प्रथम मिश्र 96, अंशुमान पाण्डेय 19, ध्रुव प्रताप सिंह 3/28) बना लिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जूनियर इंडिया क्रिकेटर एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी आशीष विंस्टन जैदी और विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रेया दीक्षित एवं डॉ. प्रशांत ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नगद धनराशि प्रदान की।शमशेर अली ने प्रथम मिश्र को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

देवेश मिश्र, ताहिर अब्बास, मनीष यादव, योगेंद्र पाण्डेय ने विशेष पुरस्कार प्रदान किये। राहुल राजपाल को बेस्ट बैटर, प्रियांशु यादव को बेस्ट बॉलर और प्रथम मिश्र को मैन ऑफ दि टूर्नामेंट चुना गया।आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि आशीष जैदी, पूर्व रणजी क्रिकेटर जावेद खान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कप्तान मज़हर जिया और क्रिकेट प्रशिक्षक उत्पल दास (दादा) को क्रिकेट में उनके योगदान के लिए शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।टूर्नामेंट सचिव कलीम खान ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत एवं आयोजन सचिव इमरोज अली ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जावेद अहमद ने किया।

प्रतियोगिता में मोहम्मद रिजवान, सैयद इसरार अहमद, आरिफ अल्वी, मेराज हिदायत, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद जैद, मोहम्मद यूसुफ खान ने विशेष सहयोग दिया। इस मौके पर प्रदीप सिंह, मो. राशिद, अजय कुशवाहा, सोमेश्वर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मृत व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा कर कराई लाखों के जमीन की रजिस्ट्री

## फर्जी दस्तावेज भी किए थे तैयार, आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र के नैका महीन गांव में एक मृत व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ाकर लाखों की जमीन का बैनामा करा लिया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई तो शुक्रवार को अधिवक्ता समेत आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नैका महीन गांव निवासी संध्या चंद्रा करीब चार दशक से मकान बनाकर यहां रहती हैं। मकान की खाली जमीन पर उन्होंने बागवानी की है। उक्त जमीन संध्या ने असल भू स्वामी सीताराम से खरीदी थी। भूस्वामी सीताराम का 1997 में देहांत हो गया। इस वजह से महिला संध्या जमीन का बैनामा नहीं करा सकी।

आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर यहां के कुलदीप भारतीय निवासी उस्तापुर महमूदाबाद झूंसी व अजय कुमार निवासी बडनपुर इस्माइलगंज थाना थरवई ने सीताराम के नाम का फर्जी दस्तावेज तैयार किया।भू स्वामी सीताराम की जगह सीताराम पुत्र रामस्वरूप निवासी खानपुर डाडी बीबीपुर उग्रसेनपुर थाना सरायममरेज को खड़ाकर 27 दिसंबर 2022 को बैनामा करा लिया। सीताराम का फर्जी दस्तावेज तैयार करने में शुभम उर्फ टीटू निवासी उस्तापुर, महमूदाबाद व गवाह प्रशांत कुमार भारतीया निवासी उस्तापुर महमूदाबाद, शिवकुमार निवासी धनपालपुर दलीपुर थाना बहरिया तथा बैनामे में मृतक सीताराम को जीवित पहचान करते हुए मसौदा तैयार करने वाले तहसील फूलपुर के अधिवक्ता अजय कुमार व उनके साथ अन्य सहयोगियों ने अहम भूमिका निभाई।जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से बीते 18 मार्च को आरोपी महिला के घर पहुंचे। आरोप है कि गालीगलौज और धमकी देकर जमीन में लगे फलदार पौधों को काटने के साथ ही चहारदीवारी ढहाने का प्रयास किया गया। शुक्रवार को कुलदीप भारतीय, अजय कुमार, सीताराम, शुभम उर्फ टीटू, प्रशांत कुमार, शिव कुमार और अजय कुमार व उसके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है।

# सपा पीडीए के लोंगो की सत्ता- शासन मे भागीदारी सुनिश्चित करेगी-अमरनाथ सिंह मौर्य



**प्रयागराज।** लोकसभा फूलपुर से सपा उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गाँवों, प्रमुख बाजारों, चौराहों पर जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडिए के लोगों की सत्ता और शासन मे भागीदारी सुनिश्चित करेगी।उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को उनकी उपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी होगी।

गरीबों को मुफ्त आटा और डाटा के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाया जायेगा। सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज महमद पुर, अकबर पुर, फ़तुपुर, चफरी, लखरैया, ककरा, बुढ़ाना, कुरैसर, खिजीरपुर, घाटमपुर, नरहा, सिंघापुर, मकडूमपुर चौराहा, भीखपुर, पुरे घासी, मंसूराबाद आदि गाँवों मे जनसम्पर्क किया।

सपा प्रत्याशी के साथ पूर्व मंत्री अंसार अहमद, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, मनोज पाण्डेय, विधानसभा अध्यक्ष अमर सिंह, आदिल हमजा, शांति प्रकाश पटेल, कुलदीप यादव,जवाहर लाल,दीप चंद्र मौर्य,शंकर लाल, आदि सपा नेताओं ने भी समर्थन की अपील किया।

# साल के अंत तक किसानों के कर्ज माफ होंगे- आनंद भदौरिया

## सपा प्रत्याशी की कस्ता विधान सभा क्षेत्र में हुईं जन सभाएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती आर रही है। मोदी सरकार में जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उसे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। भाजपा सरकार में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में सपा-कांग्रेस गठबंधन की सरकार का बनना तय है। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने रविवार को कस्ता विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जन सभाओं को संबांधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साफ किया है कि केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने पर सभी किसानों के कर्ज साल के अंत तक माफ कर दिए जाएंगे। छोटे और सीमांत किसानों को पांच हजार रुपए की मासिक पेंशन दी जाएगी। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। सपा प्रत्याशी कस्ता क्षेत्र के औरंगाबाद कस्बा सहित चौगाना, रहजनिया, इटारा, कैमहरा, खुर्रम नगर, दखियादेवी, ओलरापुर, ढाखा, भवानीगंज, नकारा आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित किया।

जन सभाओं को संबोधित करते हुए विधान परिषद के पूर्व सदस्य शशांक यादव, पूर्व विधायक सुनील लाला, कस्ता विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव आदि वक्ताओं ने सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। सभाओं को राम जीवन यादव, अजय सिंह, तृप्ति अवस्थी, अनुराग त्रिवेदी, लकी सिंह, हेमंत भार्गव, अबरार मंसूरी, मंजू यादव, विनय अग्निहोत्री, कालीचरण यादव, राम खेलावन बाजपेयी, उमा शंकर वर्मा, राहुल सिंह, यश मोहन वर्मा, प्रवीण यादव, शुचेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में सपा समर्थक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात किए पार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिसवां,सीतापुर।** कोतवाली इलाके के मोहल्ला सेठगंज में नूर अंसारी उर्फ मुन्ना पुत्र उस्मान अली अंसारी के घर पर चोरों ने करीब ढाई लाख के सोने चांदी के जेवर और एक लाख 70 हजार नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए नूर अंसारी ने बताया कि वे लोग रात में करीब 11 बजे घर पहुचे और घर की तीसरी मंजिल पर पहुचे तो घर का सामान अस्त व्यस्त था तब उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी।

चोरों ने दो तीन मकान छोड़कर एक पड़ोसी के मकान के पिछवाड़े से घर में घुसकर तीसरी मंजिल का दरवाजा तोड़कर बैठक के कमरे की वार्ड रोब के अंदर का लाकर तोड़कर 170000 की नगदी 20 ग्राम का सोने का हार 10 ग्राम सोने की चेन, सोने के झुमके एक जोड़ी, तीन अंगूठी दो जोड़ी चांदी की पायल इनकी कीमत कुल करीब ढाई लाख बताई जा रही है मुक्त भोगी नूर अंसारी उर्फ मुन्ना ने लिखित तहरीर बिसवां कोतवाली में दे दी है।


प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया प्रथम दृश्य मामला फर्जी प्रतीत होता है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मुस्लिम,यादव और दलित बिगाड़ सकतें हैं गणित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** लोकसभा चुनाव यूं तो पूरे देश में अपनें शोर शबाब पर है लेकिन देश की प्रत्येक सीट के अपनें-अपनें समीकरण हैं, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं का रूख किस दल की तरफ रहेगा ये सभी रणनीतिकारों, राजनैतिक विश्लेशकों के लिए कौतूहल का विषय रहता आया है, ऐसा ही कुछ हाल सीतापुर लोकसभा क्षेत्र का भी है, यहां का मुस्लिम मतदाता यदि कांग्रेस के साथ अपना विश्वास रखता है तो कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में परम्परागत कोई जातिगत मतदाता बड़ी संख्या में नहीं है क्योंकि कांग्रेस का परम्परागत मतदाता दलित, अति पिछड़े, एवं अधिकांश उच्च वर्ग अब कहीं और शिफ्ट हो चुकें है ऐसे में दो लाख पचास हजार मुस्लिम मतदाता अगर 100त्न कांग्रेस के साथ चले भी जाएं तो और प्रत्याशी की जाति के मतों को जोड़कर एवं उन्य वर्गों की वोट मिलाकर कुल अधिकतम तीन लाख पचहत्तर हजार से चार लाख मतों के आसपास का आंकड़ा ही छूता हुआ दिखाई देता है,

जबकि यदि मुस्लिम मतदाता बसपा प्रत्याशी महेन्द्र यादव के पक्ष में जाता है तो प्रत्याशी की जाति के लगभग 1.50000 मत एवं 2.5000 मुस्लिम मतदाता व 200000(दो लाख दलित, अति पिछड़ा) मत हासिल करके सत्तारूढ दल के उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकतें हैं साथ ही सत्तारूढ दल के सांसद एवं वर्तमान में उम्मीदवार राजेश वर्मा से असंतुष्ट मतदाता भी ऐसे उम्मीदवार के साथ जा सकतें हैं जो मौजूदा सांसद को कड़ी टक्कर देता हुआ दिखाई देगा, उम्मीदवार महेन्द्र यादव चूंकि पूर्व में भाजपा से विधायक रहें हैं इसलिए उनसे व्यक्तिगत जुड़े लोग जो कि भले ही भाजपा की विचारधारा के हों वह भी साथ जा सकतें हैं,



सीतापुर लोकसभा सीट के लिए चुनाव में करीब सत्रह लाख मतदाता भाग लेंगे, लेकिन मतदाताओं में चुनावों को लेकर गिरता क्रेज तस्वीर क्लीयर नहीं होनें दे रहें हैं ऐसे में यदि 60त्न या इससे कम मतदान हुआ तो इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होता देखा जा सकता है। उधर सत्तारूढ दल के उम्मीदवार एवं वर्तमान सांसद व उनके समर्थक जीत के विश्वास से लबरेज देखे जा सकतें हैं और उनका इस बार का स्लोगन है कि अबकी बार चार लाख पार(विजयी आंकड़ा)

अब मतदाता किस पर अपना विश्वास दिखाता है यह तो 4 जून को मतगणना के बाद पता चलेगा परन्तु इतना तय माना जाना चाहिए कि संभवत इस सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष जरुर देखनें को मिलेगा,

हालांकि राजेश वर्मा यदि मुस्लिम मतदाताओं को तितर-बितर कर सकनें में सफल रहे तो विपक्ष के दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को एक से डेढ लाख मतों से संतोष करना पड़ सकता है लेकिन वहीं यदि यादव, दलित, मुस्लिम बसपा के साथ मजबूती से खड़ा हुआ तो परिणाम चौकानें वाले भी हो सकते हैं...

# ठेकेदार ने घटिया सामग्री से निर्मित कराई इंटरलॉकिंग सड़क



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिश्रिख,सीतापुर।** नगर पालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य कार्यालय के ठीक सामने स्थित शेषनाथ महादेव मंदिर के बाहर से मोहल्ला सीताकुंड को जाने वाला सम्पर्क मार्ग पर अभी हाल ही में किसी ठेकेदार ने इंटर लाकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया है । परन्तु यह इंटर लाकिंग सड़क बनते ही धंस गई है । जो सम्बंधित ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराने की कहानी बयां कर रही है । सबसे बड़ी बात यह है । कि इस इंटर लाकिंग सड़क के दोनों जल निकासी नालियों को बीच में क्रास किया गया है ।

परन्तु अभी तक इन क्रासरों पर पत्थर नही डाले गए । जिससे मोहल्ला वासियों के कोई भी वाहन घरों तक नही पहुंच पा रहे । मोहल्ला वासियों को सड़क बनने का कोई लाभ नही मिल रहा है । लोगों को अपने घरों से आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । यहां के स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्शित कराते हुए नाली के क्रासरों पर पत्थर डलवाए जाने की मांग की है ।

# कशिश मौर्य,स्वाति सिंह अन्य छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत से रचा इतिहास

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** विकास खण्ड महमूदाबाद का नंबर वन प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व बाबू राम सावित्री देवी इंटर कॉलेज शेखपुर बिलौली बाजार सीतापुर का है जो शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कालेजों में उत्सव मनाया जा रहा है वही प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कशिश मौर्य इंटर में दूसरा स्थान, स्वाती सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और ये डाक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है

वही इंटर की पलक मौर्या,साधना मौर्या, अंशू शुक्ला , आफरीन बनो , हाई स्कूल के टापर्स वैष्णवी ,सोनम पाठक, मानसी पोरवाल ,कुलसुम जहा ,हर्षित वर्मा ,संजय , शिखा, लवकुश ,2024 का शानदार रिजल्ट रहा इस कालेज के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने बताया की पिछले कई सालो से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और जो यहां के अध्यापक पढ़ाते हैं वही बच्चे पढ़ते हैं बिना कोचिंग किए हुए इतने अच्छे नंबर प्राप्त करते हैं यह




छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत है जो बच्चे पढ़ना चाहते हैं और उनके माता-पिता के पास इतनी आर्थिक स्थिति मजबूत नही होती है उनका भी काफी सहयोग करता हूं जिन छात्राओं ने यूपी की मेरिट में अपना स्थान प्राप्त किया उनको ढेर सारा आशीर्वाद प्यार बहुत-बहुत बधाई हमेशा छात्रों के लिए हमारे विद्यालय के दरवाजे खुले रहेंगे कभी भी किसी भी समय बेझिझक सहायता मांग सकते हैं अच्छी-अच्छी पोस्ट पर जाकर कार्य करेंगे तो हमारे कॉलेज का नाम रोशन होगा कुछ छात्राओं का सपना है डॉक्टर इंजीनियर टीचर जज बनने का सभी बच्चो का स्पोर्ट करते रहेंगे शिक्षा के क्षेत्र में हमारा विद्यालय गण माना जाता था और माना जाता है यहां के अध्यापक इतनी कड़ी मेहनत करते हैं कि पढ़ने वाले छात्र सौ में सौ नंबर प्राप्त करते है गणित और विज्ञान के अध्यापकों ने बताया कि जितना पढ़ाया जाता है उतना याद होना चाहिए और रिपीट करना चाहिए घर जाकर तभी बच्चे अच्छे नंबर प्राप्त कर सकते हैं छात्रों ने सारा श्रेय अध्यापक और कालेज के प्रबंधक और अभिभावकों को दिया कालेज की प्रधानाचार्या शशि सिंह ने बताया कि काफी छात्राओं को पढ़ाया है

और वह बच्चे आज अच्छी पोस्ट पर कार्यरत है बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी और माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत और सम्मान किया।और हमारे कालेज के छात्राओ के चेहरे हमेशा खिले रहते हैं।

# प्रत्येक विद्यालय पर चलाएं 'चलें बूथ की ओर' अभियान

**जौनपुर**-जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में, लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु %चलें बूथ की ओर% अभियान प्रत्येक विद्यालय पर शुरू किया गया है। इसके लिए सभी परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इस अभियान को अमली जामा पहनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें इस अभियान को सफल बनाने व मतदान प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को खास टीप्स दिये गये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि जनपद के 2807 परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला लगाने की समय सारिणी जारी कर दी गई है,

# मुख्य चौराहे पर दिन मे जलती मरकरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिसवां,सीतापुर।** भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। ऐसी स्थिति मे बिजली की ट्रिपलिंग भी आम बात है।जानकार बताते है कि गर्मियों के दिनों मे बिजली खपत बढ़ जाती है।जिससे कही विद्युत तार दग जा रहे है।तो कही ट्रांसफर फुंक जाने के चलते नगर के बाशिंदो को घंटो बिजली सप्लाई नही मिल पाती है।लोगो को पसीने पसीने होना पड़ता है। जिम्मेदार अपने कार्यालयों मे बैठ कर ठंडी हवा खाते हुए देखे जाते है। पड़ रही भीषण गर्मी मे जहां अधिक बिजली की आवश्यकता होती है वही विद्युत पोलो पर उजाले के लिए लगाई गयी मरकरी लाइट दिन मे भी नगर को रोशन करती रहती है । देश के प्रधानमंत्री ने आम जनमानस से कभी अपील की थी कि यदि आप अपने घर के बाहर निकलते है तो बिजली का स्विच आफ कर दे और देश की ऊर्जा को बचाने मे अपना सहयोग दे ताकि सभी घरों को बिजली मिल सके और देश की विजली ऊर्जा को बचाया जा सके।यदि आपने ऐसा किया तो आने वाले दिनों मे देश से की समस्या से जहाँ मुक्ति मिलेगी वही देश सुखी और समृद्ध शाली होगा । जिसका लाभ देश के सुन्दूरवरती गावों मे रहने वाले परिवार भी उठा पायेगा और वह भी विकास की मुख्य धारा मे शामिल होकर खुशहाल होगे। तभी रामराज्य की संकल्पना सकार होगी।प्रधानमंत्री की इस अपील का जिम्मेदारों पर कितना असर है यह मुख्य चौराहे पर जलती मरकरी से अनुमान लगाया जा सकता है।आखिर कार जिम्मेदारों की नजर इस पर क्यो नही पड़ती जब कि यहाँ से तहसील एवं जिले के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का दिन मे निकलने का सिलसिला लगातार बना रहता है। इसके बावजूद दिन मे जलती मरकरी लाइट से न लेना है न ही देना है।न ही प्रधानमंत्री की अपील का असर देखने को मिल रहा है। क्या दिन मे जलती नगर के विद्युत पोलो मे लगी मरकरी लाइटो से सचमुच मे रामराज्य आ गया है।

## नही उठता फोन-

वही अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां को उनके फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नही उठाया जिससे उनके पक्ष को नही लिखा जा सका। वैसे भी वह आम जन मानस का फोन नही उठाते ऐसा नगर मे प्रबुद्ध वर्ग मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बोले जिम्मेदार

दिन में नगर के विद्युत पोलो पर लगी मरकरी लाइटो के जलने के सवाल पर अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड बिसवां बोलो हमारा इस लाइट से कोई लेना देना नही है।यह नगर पालिका परिषद की जिम्मेदारी होती है ।वही यह लाइट लगाते है उनको स्विच देना चाहिए और दिन मे उसे बंद करने की व्यवस्था करनी चाहिए। हमारे विभाग की और से कहा भी जाता रहा है।

# कोटेदार कर रहे खराब राशन का वितरण राशन लेने से कार्ड धारकों ने किया इनकार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** तहसील महमूदाबाद की विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत सदरावा में सरकारी राशन की दुकान में सड़ा,भीगा व गीला राशन लेने से कार्ड धारकों ने इनकार कर दिया और वही ग्राम पंचायत सदरावा के कार्ड धारकों ने राशन न लेते हुए कहा कि यह भीगा हुआ सड़ा राशन हम लोग नही लेगे।हम लोगों के लिए सरकार के द्वारा अच्छा राशन भेजा जाता है।और वही कार्ड धारकों ने ग्राम पंचायत प्रधान को कोटेदार के द्वारा राशन खराब वितरण किए जाने की सारी जानकारी दिया तो जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने भी देखा तो राशन की कई बोरिया भीगी व सड़ी हुई मिली और वही पर मौजूद ग्राम प्रधान व कोटेदार के द्वारा खराब राशन दिए जाने से नाराज राशन कार्ड धारकों एवं ग्रामीणों को समझाया बुझाया गया जिससे सभी लोग शांत हो गए तथा वहीं ग्राम प्रधान अनुज यादव सहित वहां के ग्रामीण आदि लोगों के द्वारा मीडिया कर्मियों को जानकारी दी गई और जानकारी देते हुए बताया की सभी संबंधित उच्च अधिकारियों तक यह बात पहुंच सके जिससे दोबारा कभी कार्ड धारकों को सड़ा, गला राशन ना मिले और सही राशन मिल सके जिससे किसी को राशन में लेने में कोई समस्या ना उत्पन्न हो।

## बोले कोटेदार प्रतिनिधि धमेंद्र कुमार

खराब राशन दिए जाने को लेकर कोटेदार प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार वर्मा उर्फ धर्मेश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गोदाम से ही भीगी राशन की बोरियां मिली थी जिन्हें घर पर रखा गया था तथा ऊपर की सभी बोरियां सूख गई है और फर्श पर जो नीचे लगी हुई बोरियां सुखी है लेकिन उसमें भरा हुआ राशन नहीं सुखा जिससे यह समस्या उत्पन्न हो गई है इस पूरे प्रकरण की जानकारी जब ग्राम प्रधान से फोन के माध्यम से देनी चाही थी तो ग्राम प्रधान का फोन नहीं उठा था।

## क्या बताया सप्लाई इंस्पेक्टर-शांतनु

उक्त मामले को लेकर जब सप्लाई इंस्पेक्टर शांतनु से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गोदाम प्रभारी ने ठेकेदार से बात किया है तो जानकारी में आया है कि कोटेदार के घर पर रखे यह रा ान की बोरियां खराब हो गई हैं जिससे यह समस्या उत्पन्न हो गई है और इस समस्या का शीघ्र ही निस्तारण कर दिया जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियाँ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लहरपुर,सीतापुर।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत टकेली में नालियों की सफाई सिर्फ खानापूर्ति समस्या जस की तस नाली के सफाई सही तरीके से नहीं की जाती है जिसकी वजह से नालियां जाम होकर ऊपर से बहती हैं और गंदा पानी रास्ते पर बहता है सफाई कर्मी आते हैं तो सिर्फ खाना पूर्ति करके चले जाते हैं नालियों को साफ करने के बाद कचरा पास में ही रख दिया जाता है जिसके चलते संक्रमित बीमारियों का भय बना रहता है हैरानी के बात तो या है कि सख्त दिशा निर्देश के बावजूद भी स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी की मनमानी के चलते ज्यादातर गांव की नालियां अवरुद्ध रहती है । इस संबंध में जब विकास खण्ड अधिकारी से बात करने प्रयास किया तो फोन नहीं उठा ।

# गेहूं काट रहे किसान पर तेंदुए ने किया हमला



**रेउसा,सीतापुर।** विकास खण्ड रेउसा के ग्राम कोठरी के मजरा नारायणपुर निवासी रामबख्स पुत्र बुद्ध को उसे समय घायल कर दिया जब वह गेहूं की कटाई कर रहा था ग्रामीणों की मदद से तेंदुआ को खदेड़ा गया । जिससे वह एक झाड़ी में छुप गया वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद थी वन विभाग की टीम द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है वन विभाग की टीम द्वारा उसको पकड़ने के भारी प्रयास किया जा रहे हैं वन विभाग की टीम द्वारा पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है ।

# आग की चपेट में आने से तीन जानवर जले एक की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** कोतवाली महमूदाबाद इलाके के अशरफपुर राजा साहब गांव निवासी बलराम के वहां शनिवार को आग लग गई। जहां पर आग लगी वहां पर चार जानवर बांधे हुए थे। और वहीं अचानक आग लगने के कारण जानवर वहां से हटाने में देर हो गई। जिसमें चारों जानवर जल कर घायल हो गए। काफी समय बाद एक भैंस की मृत्यु भी हो गई। गांव में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड सहित पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। और वहीं बलराम ने बताया कि आग लगने से चार भैंसिया समेत पास में रखा भूसा व गेहूं जलकर नष्ट हो गया। जिसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारियों को दे दी गई है। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा संबंधित विभाग से पीड़ित परिवार को सहयोग दिलाए जाने की बात कही गई है।